भोपाल
शनिवार, 6 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष –14
वर्ष : 12, अंक : 157
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 को

## 9 घंटे पहले ही लग जाएगा सूतक



**नई दिल्ली।** साल का आखिरी चंद्रग्रहण 7 सितंबर को लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत में दृश्य होगा। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा। यह भारत में दिखाई देगा। इस ग्रहण की कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट की होगी। यह चंद्रग्रहण 7 तारीख की रात में 9 बजकर 57 मिनट पर लगेगा। रात में 11 बजकर 1 मिनट से लेकर 12 शेष पेज 6 पर

**चीन को कहा-गहरा और अंधकारमय**

टैरिफ वार के बीच एससीओ समिट के बाद नरम पड़े ट्रंप

# लगता है हमने भारत-रूस को चीन के हाथों 'खो' दिया

## एससीओ समिट के दौरान सामने आई तस्वीरों से ट्रंप के तेवर ढीले

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान दुनियाभर के देशों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब अपने फैसलों से पछता रहे हैं। टैरिफ वार के बीच चीन में एससीओ समिट के दौरान सामने आई तस्वीरों से ट्रंप नरम पड़ गए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। ट्रंप ने शुक्रवार को सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट शेष पेज 6 पर

**एससीओ समिट ने खींचा विश्व का ध्यान**

ट्रंप की यह टिप्पणी पर उस समय आई है जब पिछले दिनों चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नजदीकियों ने विश्व का ध्यान खींचा था। भारत-अमेरिका संबंधों में खटास तब और गहरी हो गई जब ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ दोगुना कर 50 प्रतिशत कर दिया और साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया। पढ़ें पेज 10 भी



**सीतारमण की अमेरिका को दो टूक हम रूसी तेल खरीदना जारी रखेंगे**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत रूसी तेल खरीदना जारी रखेगा और इस बारे में निर्णय पूरी तरह से राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे। एक साक्षात्कार में वित्त मंत्री ने कहा कि चाहे वह रूसी तेल हो या कुछ और, हम दरों, लॉजिस्टिक्स या अन्य किसी भी मामले में अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेंगे। तेल एक बड़ी विदेशी मुद्रा से जुड़ी वस्तु है। ऐसे में हम अपना तेल कहां से खरीदते हैं, यह एक ऐसा निर्णय है, जो हम सबसे अधिक उपयुक्त चीजों को ध्यान में रखकर लेते हैं। इसलिए, हम निस्संदेह रूसी तेल खरीदेंगे।


भारत के खिलाफ विवादित पोस्ट लिखा था

# ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री के एक्स खाते को सरकार ने किया बैन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को तोड़ने की बात करने वाले ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री गुंथर फेहलिंगर-जहान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' अकाउंट को सरकार ने ब्लॉक कर दिया है।

दरअसल, जहान ने अपने एक्स अकाउंट से भारत को तोड़ने की बात करते हुए एक विवादास्पद मैसेज शेयर किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही भारत सरकार




के गृह मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस वायरल पोस्ट को नोटिस किया और एक्स को भारतीय उपयोगकर्ताओं के लिए खाते तक पहुंच रोकने का निर्देश शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### 2027 में देश को मिलेगी पहली महिला सीजेआई

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका के इतिहास में वर्ष 2027 एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है। वहां



अब पहली बार सर्वोच्च न्यायालय की कमान एक महिला के हाथों में होगी। जस्टिस बीवी नागरत्ना 24 सितंबर 2027 से 29 अक्टूबर 2027 तक भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बनेंगी। यह महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व की ऐतिहासिक जीत है।

### छठ पर लॉन्च होगी पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की सौगात जल्द ही मिलने वाली है। भारतीय रेलवे



ने ट्रेन की लॉन्चिंग की तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। नई टेक्नोलॉजी से लैस यह ट्रेन लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए डिजाइन की गई है। सबसे पहले यह ट्रेन दिल्ली से बिहार के लिए चलाई जा सकती है।

### शिवपुरी में 6.21 करोड़ की चरस जब्त, एक को दबोचा

**शिवपुरी।** जिले में शुक्रवार को एक स्थानीय व्यक्ति के पास से 6.21 करोड़ रुपए मूल्य की चरस



जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक एक खुफिया सूचना के आधार पर देहात थाना प्रभारी जितेंद्र मावई के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने संदीप सिंह (38) नामक व्यक्ति को रोका और उसके पास से दो थैलों में से 60 पैकेट चरस बरामद की।

'शिक्षक दिवस' पर प्रदेश के शिक्षकों को मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सौगात

# 1 लाख 50 हजार शिक्षकों को मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

**चौथे क्रमोन्नति वेतनमान से 117 करोड़ का अतिरिक्त भार राज्य सरकार पर आएगा**

◆ सीएम ने कहा कि इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा
सभी पात्र शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात वित्त वर्ष 2025-26 से मिलेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षक दिवस पर मध्यप्रदेश के शिक्षकों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शुक्रवार को प्रदेश के शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने घोषणा की है।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 8 तक के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को चौथा क्रमोन्नति वेतनमान दिए जाने घोषणा करते हुए कहा कि इससे 117 करोड़ का अतिरिक्त भार सरकार पर आएगा, लेकिन शेष पेज 6 पर

◀ राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में चौथे क्रमोन्नति वेतनमान का लाभ दिए जाने की सीएम ने की घोषणा

◀ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित

**सरकारी स्कूलों के 55 लाख विद्यार्थियों के खातों में पहुंची शाला गणवेश की 330 करोड़ की राशि**



**सीएम ने दोनों शिक्षकों को बधाई दी**

### राष्ट्रपति मुर्मू ने मध्यप्रदेश के दो शिक्षकों का किया सम्मान



भेरूलाल ओसारा

शीला पटेल

***नई दिल्ली।*** *शिक्षक दिवस के मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदेश के दो शिक्षकों को वर्ष-2025 का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इनमें दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक शीला पटेल और आगर-मालवा जिले के भेरूलाल ओसारा शामिल हैं। शीला दमोह के शासकीय प्राथमिक शाला देवरान टपरिया में पदस्थ हैं, जबकि भेरूलाल शासकीय ईपीईएस माध्यमिक शाला खेरिया सुसनेर में पदस्थ हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने दोनों शिक्षकों को इस सम्मान के लिए बधाई दी है।* पढ़ें पेज 05 भी

**एआई के युग में मशीनें तो बना सकते हैं, लेकिन संस्कार केवल गुरु ही दे सकते हैं**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्राचीन काल में गुरु ही भविष्य के लिए शासक तैयार करते थे, जिस प्रकार महर्षि विश्वामित्र भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले गए और उन्हें शस्त्र और शास्त्रों का ज्ञान देकर राक्षसों का नाश कराया। उसी प्रकार कंस का वध करने के बाद भगवान श्रीकृष्ण उज्जैन में महर्षि सांदीपनि आश्रम पहुंचे और अनेक लीलाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ज्ञान पाना और ज्ञान देना दोनों सुसंस्कृत समाज के निर्माण के लिए जरूरी है। एआई के युग में अच्छी से अच्छी मशीनें तो बना सकते हैं, लेकिन संस्कार केवल गुरु ही दे सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में तक्षशिला और नालंदा की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। आदि शंकराचार्य का जीवन भी मध्यप्रदेश आकर ही बदला था। ओंकारेश्वर की धरती ने उन्हें शंकराचार्य बनाया। मध्य प्रदेश की पावन धरा ही ऐसी है, कि यहां आकर सबका जीवन बदल जाता है।*

गणेश सवारी में झांकी पर फेंके पत्थर

# लव जिहाद की झांकी पर बवाल महिदपुर में पथराव के बाद तनाव

**पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महिदपुर में गणेश सवारी के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। सवारी में शामिल एक झांकी को लेकर वर्ग विशेष के लोगों ने हंगामा किया। जिसके बाद पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए हल्का बल प्रयोग किया।

दरअसल, झांकी लव जिहाद पर केंद्रित थी। इस पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव किया। इधर, झांकी पर कुछ लोगों ने पत्थर भी फेंके। दोनों पक्ष आमने-सामने होते इससे पहले शेष पेज 6 पर

**कोलारस में गणेश विसर्जन जुलूस पर पथराव**

***शिवपुरी।*** *जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के सेसई सड़क गांव में गुरुवार रात गणेश विसर्जन में हिंसा हो गई। गांव में रावत समाज सहित सर्व समाज ने गणेश प्रतिमा बैठाई थी और धूमधाम से झांकियों व डीजे के साथ जुलूस निकाला जा रहा था। आरोप है कि यादव पक्ष के लोगों ने जुलूस पर पथराव कर दिया। पथराव से भगदड़ मच गई और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और तोड़-फोड़ हुई। डीजे की बोलेरो पिकअप का कांच और हेडलाइट फोड़ दी गई, वहीं लैपटॉप पटककर नुकसान पहुंचाया गया।*

सागर में ईद मिलाद उन नबी के जुलूस में विवाद

# लगे 'सर तन से जुदा' के नारे इलाके में तनाव का बना माहौल

**कांग्रेस नेता फिरदौस कुरैशी और पम्मा कुरैशी के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस के दौरान विवादित नारेबाजी का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के मुख्य इलाके तीन बत्ती का है।

यहां जुलूस के दौरान कुछ लोगों ने बीच सड़क पर खड़े होकर 'सर तन से जुदा' जैसे नारे लगाए। इस नारेबाजी के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। यह जुलूस कांग्रेस नेता फिरदौस कुरैशी और पम्मा कुरैशी शेष पेज 6 पर

**◆ खंडवा में ईद जुलूस के दौरान बवाल हिंदू नेता को धमकाया**



**खंडवा।** खालवा के खारकला में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान तनाव की स्थिति बन गई। जमानत पर रिहा मुबारिक पुत्र मेहबूब ने बजरंग दल कार्यकर्ता विजय बागड़ा को घर के सामने धमकाने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते शेष पेज 6 पर

एयर इंडिया की दिल्ली-इंदौर फ्लाइट के इंजन में खराबी

## पायलट ने 'पैन-पैन' कॉल के बाद सुरक्षित उतारा विमान



**विमान में सवार थे 161 यात्री, सभी सुरक्षित**

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के इंजन में शुक्रवार को उड़ान के दौरान खराबी आ गई। पायलट ने इमरजेंसी हालात को देखते हुए 'पैन-पैन' कॉल की और इसे इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर हवाई अड्डे पर उतार लिया गया। विमान को उतरने में 20 मिनट का वक्त लगा। विमान में सवार सभी 161 यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत शेष पेज 6 पर

इंदौर मेयर के बेटे संघमित्र के भाषण की चर्चा

## बुलेट ट्रेन व कवच सिस्टम पर उठाए सवाल, पुरस्कार मिला



**भाजपा नेता असहज दिखे लेकिन मुस्कुराते हुए सुनते रहे**

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के मेयर पुष्यमित्र भार्गव के बेटे संघमित्र का भाषण वायरल हो गया है। संघमित्र ने अपने भाषण में केंद्र सरकार की जमकर आलोचना की। खास बात यह रही इस दौरान मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर केसवानी, स्थानीय भाजपा विधायक और मेयर पुष्यमित्र मौजूद थे। भाजपा नेता असहज दिखे, लेकिन मुस्कुराते हुए भाषण शेष पेज 6 पर

60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला

## शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट नोटिस



**विदेश यात्राओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया**

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति, व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी कर दिया है। 60.48 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में ये फैसला लिया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार कपल की लगातार विदेश यात्राओं को ध्यान में रखते हुए यह कदम जांच को बाधित होने से बचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। दोनों ने अपने रेस्टोरेंट को बंद करने का ऐलान शेष पेज 6 पर

हाइवे पर सुबह मृत मिलीं, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# तेज रफ्तार ट्रक ने गो-वंश को रौंदा ग्रामीणों ने कर दिया 'चक्काजाम'

**एक घंटे तक चला धरना, समझाइश पर माने**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पैंची के पास तड़के रात 3 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हाइवे पर बैठे मवेशियों को तेज रफ्तार ट्रक रौंदता हुआ चला गया, इस घटना में करीब दस गायों की मौत हो गई।

सुबह-सुबह जब ग्रामीणों ने हाइवे पर मृत पड़ी और कुछ घायल मवेशियों को देखा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और ग्रामीणों ने हाइवे पर चक्काजाम कर अपना विरोध जताया। इस दौरान करीब एक घंटे तक चक्काजाम चला और हाइवे



पर दोनों ओर सैंकड़ों वाहन जाम में फंसे रहे। मौके पर पहुंचे स्थानीय अधिकारियों ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर चक्काजाम खत्म कराया और हाइवे पर यातायात शुरू कराया गया। उल्लेखनीय है कि करीब एक महीने पूर्व खटकया चौराहा कुंभराज पर भी हाइवे पर ट्रक ने मवेशियों को रौंद दिया था, उस समय भी यहां बड़ा चक्काजाम हुआ था। ग्रामीणों द्वारा लगातार हाइवे के आसपास गौशालाओं का निर्माण करने और मवेशियों को रखने की मांग की जा रही है। लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाने से आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं और मवेशियों की मौत हो रही है। वहीं सड़क पर मवेशी वाहन दुर्घटनाओं का कारण भी बन रहे हैं।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी से हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

# जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा, खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में आगे बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सार्थक संवाद | inh न्यूज विशेष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 2047 में विकसित भारत बनाना चाहते हैं। जीएसटी में जो भी बदलाव किए गए हैं, वो विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की दिशा में ले जाने वाला बड़ा कदम है। यह बातें छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सार्थक संवाद में हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से की। पेश हैं संवाद के प्रमुख अंश।

**चौधरी ने कहा, मोदी में साहसिक फैसले लेने की क्षमता, उनके नेतृत्व में ही भारत विकसित होगा**




- *लोग हैरत में तो हैं ही, आप खुद कितने में थे जब आपको पता चला कि जीएसटी में इतने बड़े बदलाव किए जाने वाले हैं?*
- *प्रधानमंत्री बिग रिफार्म के लिए जाने जाते हैं। आज हम जीएसटी की चर्चा कर रहे हैं, कुछ समय पहले उन्होंने इसी तरह से आयकर के मामले में किया था।*
- *अभी तो चुनाव भी नहीं है, क्या सरकार के पास पैसा ज्यादा हो गया है कि रखने की जगह भी नहीं मिल रही है?*
- *प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से* शेष पेज 6 पर

# चंद्र ग्रहण कल: सभी मंदिर रहेंगे बंद, एकमात्र श्रीजी मंदिर के कपाट खुले रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार 7 सितंबर रविवार को साल का दूसरा चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। भारतीय समय अनुसार यह रात 9 बजकर 58 मिनट से लेकर देर रात 1 बजकर 26 मिनट तक बना रहेगा। इसकी कुल अवधि 3 घंटे 29 मिनट तक होगी। खास बात यह है कि भारत में यह ग्रहण स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। इसलिए 9 घंटे पहले लगने वाला सूतक काल मान्य होगा। इस दौरान जहां भोपाल सभी मंदिर बंद रहेंगे। लेकिन राजधानी का एक मात्र श्रीजी का मंदिर के कपटा खुले रहेंगे।

## ग्रहणकाल में इसलिए खुला रहेगा मंदिर



*सूतक लगने के साथ ही मंदिरों के पट बंद कर दिए जाएंगे। घरों व मंदिरों में शाम के वक्त पूजा नहीं होगी। अगले दिन सुबह शुद्धि करने के बाद ही पूजा घर खोले जाएंगे। लेकिन श्रीजी मंदिर लखेरापुरा चौक के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रभु श्रीवल्लभाचार्य व पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार ग्रहण को संकटकाल का समय माना जाता हैं, ऐसे में भक्तों को भगवान से दूर न रहते हुए उनकी शरण में रहना चाहिए। कोई भी मां अपने बालक को संकट के समय अकेला नहीं छोड़ती, तो उसी तरह ग्रहणकाल में हम भगवान श्रीजी को न तो अकेला छोड़ सकते हैं और न ही उनसे दूर रह सकते हैं। इस मंदिर में भक्त ग्रहण अवधि तक प्रतिमा का स्पर्श या पूजा-अर्चना करने की बजाए उनके समक्ष बैठक कर केवल भजन और नाम संकीर्तन करेंगे।*



## कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लगेगा

*मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि चंद्र ग्रहण कुंभ राशि और पूवार्भाद्रपद नक्षत्र में लगेगा। इस दौरान चंद्रमा कुंभ राशि में रहेंगे, जहां पहले से ही राहु स्थित हैं। अब चूंकि कुंभ राशि में राहु-चंद्रमा की युति बन रही है, इसलिए ग्रहण योग का निर्माण होगा। में 'चंद्र ग्रहण' और 'ग्रहण योग' के अशु प्रभाव से बचने के लिए आप चंद्रमा के 108 नामों का स्मरण कर सकते हैं। इससे सभी तरह की नकारात्मकता दूर और मानसिक शांति की प्राप्ति होती हैं।*

## दुर्गा उत्सव समिति ने मां दुर्गा की झांकी का किया भूमिपूजन

**भोपाल।** रायसेन रोड स्थित गोविंद गार्डन में दुर्गा उत्सव समिति व्यापारी संघ गोविंद गार्डन में मां दुर्गा की झांकी सजाने के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन हुआ। समिति के प्रमुख रिंकू भटेजा ने बताया कि 22 सितंबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्रि पर्व के लिए समिति के सदस्यों की ओर से 29 वे वर्ष की झांकी सजाई जा रही है। इसके लिए भूमिपूजन किया गया है। मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान पूजन साथ पंडित गिरीश मिश्रा ने भूमिपूजन कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर उमेश अग्रवाल, सचिन सेवारमानी, धीरज बाथम, भारत रामचंदानी, कमलेश धर्मानी सहित अन्य समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 1200 से अधिक स्थानों पर 5 से लेकर 18 फीट तक की प्रतिमाओं की हुई थी स्थापना

# अनंत चतुर्दशी पर धनिष्ठा-शतभिषा नक्षत्र संग सुकर्मा रवि योग, आज होगी गणपति की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि में धनिष्ठा-शतभिषा नक्षत्र संग सुकर्मा रवि योग शनिवार को भगवान गणेश की विदाई होगी। इस साल राजधानी भोपाल में करीब 1200 से अधिक स्थानों पर 5 से लेकर 18 फीट तक की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि भाद्रपद मासे शुक्ल पक्ष अनंत चर्तुदर्शी पर धनिष्ठा-शतभिषा नक्षत्र संग सुकर्मा रवि योग का विशेष संयोग रहेगा। यह दिन अत्यंत शुभ और कल्याणकारी रहेगा। इस दिन पूजा-पाठ करने से भक्तों को कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि गणेश विसर्जन चल समारोह विशाल रूप में निकाला जाएगा। तमाम आकर्षण गणेश झांकियों का विसर्जन होगा। शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में लोगों ने गणेश विर्सजन किया। तो वहीं गणेश पंडालों में रात के समय हवन कीर्तन किए गए।



सलैया स्थित शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी फेस 1 में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणेश उत्सव के दौरान संध्या आरती के पश्चात मंदिर परिसर में खेलकूद और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

### भगवान विष्णु का करेंगे पूजन

*अनंत चतुर्दशी पर्व पर ही श्रद्धालु सृष्टिकर्ता निर्गुण ब्रहनारायण की भक्ति भाव से करेंगे। सनातन धर्मावलंबी दुखों से मुक्ति एवं सुखों की प्राप्ति के लिए अनंत चतुर्दशी का व्रत रखेंगे। दूध, दही, पंचामृत एवं विभिन्न पुष्पों से क्षीर सागर में कुश के बने अनंत भगवान का मंथन कर इसकी विधिवत पूजा करेंगे।*

### बस स्टैण्ड पर एकत्रित होगी झांकिया

इस बार सभी झांकियों को बस स्टैंड के पास एकत्रित कर विसर्जन के लिए चल समारोह के साथ ले जाया जाएगा। श्री हिन्दू उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### अनंत चतुर्दशी पूजा का शुभ मुहूर्त

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि अनंत चतुर्दशी का व्रत शनिवार को रहेगा। इसका शुभ मुहुर्त शनिवार को प्रातःकाल 7 बजकर 30 मिनट से लेकर दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक पूजन का शुभ मुहूर्त है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ आकर्षण का केंद्र होगा लेजर शो

## 90 फीट के रावण दहन के साथ होगी आकर्षक डिजिटल आतिशबाजी

**भोपाल।** श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विजयादशमी महोत्सव के साथ रावण, मेघनाद और कुंभकरण का दहन किया जाएगा। शुक्रवार को कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में समिति के संरक्षक और विधायक रामेश्वर शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे ने बताया कि राजधानी के सबसे बड़े 90 रावण का दहन कोलार के सलैया मैदान पर किया जाएगा। इस वर्ष विशाल रावण, मेघनाद और कुंभकरण के दहन के साथ डिजिटल आतिशबाजी की जाएगी। कार्यक्रम में फिल्मी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ आकर्षक लेजर शो का भी आयोजित किया जाएगा। विजयादशमी महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आतिशबाजी और रावण दहन देखने कोलार ही नहीं आसपास के ग्रामीण इलाकों के हजारों लोग सलैया मैदान में उमड़ते हैं। इसे देखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। बैठक में रसानन महाराज, संदीप



चौहान, बद्री पाटीदार, पार्षद बबिता डोंगरे, पार्षद ज्योति मिश्रा समेत समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

**निकलेगी शोभायात्रा**-प्रदीप पाटीदार ने बताया कि विजयादशमी के दिन रावण दहन व आतिशबाजी से पहले बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का विभिन्न मार्गों पर फूल बरसा कर स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान के साथ वानरों की सेना आकर्षण का केंद्र होगी।

## भगवान गजानन की महाआरती



**भोपाल।** श्री विश्वकर्मा बाल गणेश उत्सव समिति द्वारका नगर में विगत 25 वर्षों से भगवान गजानन की प्रतिमा हर वर्ष विराजमान कर रही है। समिति के अध्यक्ष देवश्री विश्वकर्मा, हर्षित, अभिनव, भूमि, आशी विश्वकर्मा और आकाश विश्वकर्मा ने बताया कि शुक्रवार को गजानन को छप्पन भोग लगाए गए एवं सुंदरकांड के साथ महा आरती की।

## हरिभूमि में विराजे गणपति बप्पा का पूजा-अर्चना से विसर्जन





*भोपाल। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के मानसरोवर स्थित कार्यालय में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बप्पा को विदा किया गया। पांच नंबर स्टॉप स्थित तालाब में गणपति जी का विसर्जन किया गया।*

### एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन

## 377 शहरवासियों ने भदभदा विश्राम घाट में किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामाजिक सरोकार के पवित्र भाव को लेकर गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति और भदभदा विश्राम घाट प्रबंधन ने शहर के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल हमीदिया में रक्त की कमी को देखते हुए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी मानकर गोलोक वासी मां विमला देवी चौधरी जी को समर्पित करते हुए भदभदा विश्राम घाट केंपस में जरूरतमन्दों के हितार्थ हमीदिया ब्लड बैंक के लिए डॉ पुनीत टंडन,प्रभारी और डॉ उमेंद्र मोहन शर्मा के निर्देशन में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का शुक्रवार को आयोजन किया।

### कई युवाओं ने किया पहली बार रक्तदान

जिसमे शहर के सकारात्मक सेवाभावी साथियों, माहेश्वरी समाज, आईईएस यूनिवर्सिटी, डेनेसिया डॉ प्रशांत पूजा त्रिपाठी, पटेल कॉलेज के सहयोग से कुल 377 यूनिट ब्लड कलेक्ट हुआ। इस शिविर में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं की संख्या भी काफी थी। साथ ही भोपाल शहर के बाहर से भी लोग आए । सभी ने ब्लड डोनेट करते हुए इस सकारात्मक पहल की सराहना की , वही संतोष बाहेती, अशोक पलोड, अशोक चौधरी, वीरेंद्र मिश्रा, चेतन विश्वकर्मा एवं अन्य ने रक्तदान किया।

### रक्तदान करने वालों का जताया आभार

वही वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने 123वी बार अशोक हिंदुस्तानी ने 108वी बार और राकेश शर्मा ने 104वी बार ब्लड डोनेट किया। कैम्प समन्वयक मम्तेश शर्मा ने बताया कि आयोजन के सूत्रधार गोकाष्ठ और भदभदा परिवार के अध्यक्ष अरुण चौधरी,पांडुरंग नामदेव, डॉ योगेंद्र कुमार सक्सेना,संजय मल,प्रमोद चुग, ओम चौधरी और लछमेंद्र माहेश्वरी ने सभी डोनर को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस जनहितकारी सेवा कार्य में मीता वाधवा,समता अग्रवाल, निशा चौधरी,लीला किशन राजोरिया, निकिता चौधरी, मनोज पाल, अमित चौधरी, चतुर्भुज मालपानी, सुरेश लाहोटी, राजकुमार माहेश्वरी का सराहनीय योगदान रहा। कैम्प में आए सभी रक्तदाताओं का अध्यक्ष अरुण चौधरी और केम्प समन्वयक मम्तेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चित्रगुप्त समाज भोपाल द्वारा निःशुल्क शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद निर्धन व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का निःशुल्क आपरेशन व उपचार के माध्यम से लाभ प्रदान करना है। चित्रगुप्त समाज भोपाल के मार्गदर्शक स्व. डॉ. आरके बिसारिया की स्मृति में कल 07 सितंबर 2025 दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक चित्रांश भवन चित्रगुप्त मंदिर परिसर जवाहर चौक टीटी नगर भोपाल में होगा। इसके पूर्व भी चित्रगुप्त समाज भोपाल द्वारा निःशुल्क रूप से संचालित परिणय वैवाहिक ग्रुप के माध्यम से लगभग 3000 से ज्यादा युवक-युवतियों के रिश्ते तय कराए जा चुके हैं।

- चित्रगुप्त समाज भोपाल की ओर से किया जा रहा कार्यक्रम

चार साल में 33 अंक गिरी मातृ मृत्युदर, लेकिन मप्र की स्थिति संतोषजनक नहीं

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा, 2030 तक मप्र से समाप्त कर देंगे मातृ मृत्युदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) घटने की अच्छी खबर जरूर आई है, लेकिन तस्वीर अब भी चिंताजनक है। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एसआरएस) 2023 की ताजा रिपोर्ट बताती है कि मध्य प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 2019-21 में 175 से घटकर 2020-22 में 159 और अब 142 पर पहुंच गई है। यानी चार साल में 33 अंकों की गिरावट दर्ज हुई। हालांकि यह औसत राष्ट्रीय स्तर के 88 के मुकाबले दोगुना है। देशभर में मप्र की स्थिति सबसे खराब बनी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि सिर्फ मातृ मृत्यु दर ही नहीं, बल्कि शिशु और बच्चों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है। नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 29 से घटकर 27, शिशु मृत्यु दर (आइएमआर) 40 से घटकर 37, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर (यूएमआर) 49 से घटकर 44 हो गई है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह सुधार संस्थागत प्रसव, आपातकालीन प्रसूति सेवाओं, खून चढ़ाने की सुविधा और एसएनसीयू, एनबीएसयू जैसे ढांचों के विस्तार की वजह से संभव हुआ है।

### फ्रंटलाइन वर्कर्स की मेहनत

*आशा कार्यकर्ता, एएनएम, सीएचओ, नर्स और डॉक्टरों की जमीनी मेहनत भी रंग ला रही है। गांव-गांव काउंसलिंग, समय पर रेफरल और अस्पतालों में मिली सेवाओं ने हजारों जिंदगियां बचाई हैं। इसके बावजूद चुनौतियां गंभीर हैं। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित है। कुपोषण और देर से मिलने वाला इलाज अब भी बड़ी बाधा हैं।*

### सही राह पर मप्र

प्रदेश मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने की सही राह पर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए मातृ-शिशु संजीवन मिशन और अनमोल 2.0 पोर्टल इस दिशा में अहम कदम हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक एमएमआर को 80, एनएमआर को 10 और आइएमआर को 20 से कम किया जाए।

**डॉ राजेंद्र शुक्ल,**
उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री, मप्र शासन

### 200 से अधिक देशों में मदद के लिए प्रयासरत

## महावीर इंस्टीट्यूट में पांच अत्याधुनिक डायलिसिस की मशीनें स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लायंस क्लब भोपाल प्रताप द्वारा लायंस क्लब इंटरनेशनल फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग एवं मार्गदर्शन में महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च में डायलिसिस केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र में पांच अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें स्थापित की गईं, जो प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टरों के निर्देशन में अत्यंत कम दरों पर जरूरतमंद रोगियों को सेवा प्रदान करेंगी। यह केंद्र मानवता की सेवा के अगले पायदान पर एक नया उदाहरण बना है।

## आज यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन धूमधाम से मनाएगा ओणम उत्सव

**भोपाल।** यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन (यूएमए) ओणम 2025, जो मलयाली समुदाय का सबसे प्रतिष्ठित पर्व है। इस त्योहार को शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एक निजी स्कूल में शाम 6:30 बजे से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक अनुष्ठान और एकता, समृद्धि एवं उत्सव की भावना परिलक्षित होगी, जो ओणम का असली स्वरूप है। ओणम, केरल का वार्षिक फसल उत्सव, अत्यंत उल्लास के साथ राजा महाबली की स्मृति में मनाया जाता है, जिनका शासनकाल समृद्धि, समानता और सौहार्द का स्वर्ण युग माना जाता है।

### मंगलवारा से शुरू होकर कई रास्तों से गुजरा, बड़ी संख्या में शामिल रहे धर्मावलंबी

# पैगंबर साहब का जन्म दिवस ईद मुलादुन्नबी का निकाला जुलूस, बांटा लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ल. की यौमे पैदाइश के रूप में मनाए जाने वाले ईद मिलादुन्नबी के मौके पर राजधानी में पैगंबर साहब की याद में जुलूस निकाले गए। इस मौके पर बंदों ने लंगर बांटकर घरों में कुरआनखानी भी की। मुख्य जुलूस आल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी ने निकाला, जो मंगलवारा से शुरु हुआ। कमेटी के अध्यक्ष अहमद शाहमीरी खुर्रम ने बताया कि मंगलवारा चौराहा से परंपरागत मुख्य जुलूस बाद नमाज जुमा निकला।

ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मस्जिदों, मदारिसों, खानकाहों में कुरआन ख्वानी और फातिहा के आयोजन भी किए गए। मंगलवारा से निकलने वाले मुख्य जुलूस में विभिन्न चौराहों और मोहल्लों से जत्थों के साथ शामिल हुए। जुलूस मंगलवारा, छावनी, भारत टॉकीज चौराहा, सेंट्रल लायब्रेरी रोड से इतवारा चौराहा से इस्लामपुरा, बैंड मास्टर चौराहा, बुधवारा होते हुए चार बत्ती चौराहा पर सामुहिक दुआ के साथ समापन हो गया।



### अशोका गार्डन, करोंद से भी निकला जुलूस

आशिकान-ए-रसूल एहले सुन्नत वल जमात समिति मप्र और ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को ही अशोका गार्डन और करोंद से जुलूस निकला। जुलूस अशोका गार्डन से जिंसी पुलिस चौकी के पास पहुंचा।





गणेश प्रतिमाओं के निकलेंगे चल समारोह

# अनंत चतुर्दशी पर आज राजधानी का ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अनंत चतुर्दशी के मौके पर शनिवार को गणपति प्रतिमाओं का सुबह से विसर्जन प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ़ एवं हताईखेड़ा डैम पर होगा। इसके कारण शहर के कुछ रास्तों पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रह सकती है, इसलिए लोग ट्रैफिक प्लान देखकर निकलें।

## यह रहेगी राजधानी में यातायात व्यवस्था

- शनिवार सुबह 8 बजे से आगामी आदेश तक शहर में सभी प्रकार के अनुमति प्राप्त, बिना अनुमति प्राप्त भारी वाहन खजूरी सड़क, मुबारकपुर, लाम्बाखेड़ा चौराहा, इस्लाम नगर, चौपड़ा कलां चौराहा, पटेल नगर, 11 मील, रातीबड़, लालघाटी, एयरपोर्ट चौराहा, भानपुर चौराहा, रत्नागिरी से आगे शहर में प्रतिबंधित रहेंगे।
- शाम 5 बजे से सभी प्रकार के वाहन जिनमें सिटी बस, मैजिक, चार पहिया वाहन, भारत टॉकीज चौराहा, अल्पना तिराहे, नादरा बस स्टैंड चौराहा एवं भोपाल टाकीज चौराहे के मध्य प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन भारत टॉकीज से अल्पना तिराहा, नादरा बस स्टैंड से भोपाल टॉकीज की ओर नहीं आ-जा सकेंगे।
- शाम 6 बजे से मंगलवारा थाना तिराहा, दयानंद चौक, जुमेराती पानी की टंकी तिराहा, पुरानी सब्जी मंडी की ओर से किसी भी प्रकार के कोई वाहन घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड की ओर नहीं जा सकेंगे।
- गणेश प्रतिमाएं नादरा बस स्टैंड चौराहे पर कतारबद्ध होने पर भोपाल टॉकीज चौराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर से और अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड की ओर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- रात 8 बजे तीन मोहरा से भोपाल टॉकीज चौराहा की ओर जाने वाले वाहन इस्लामी गेट से सिंधी कालोनी चौराहा होते हुए समानान्तर मार्ग से जा सकेंगे।
- रात्रि में अल्पना टॉकीज से नादरा बस स्टैंड जाने वाले वाहन संगम टाकीज तिराहा रोड अथवा समानांतर मार्ग से अग्रवाल धर्मशाला की ओर जा सकेंगे।
- चल समारोह का अगला हिस्सा मंगलवारा पहुंचने पर सेन्ट्रल लाइब्रेरी एवं छावनी रोड एवं बुधवारा से कोई भी वाहन इतवारा की ओर नहीं जा सकेगा।
- चल समारोह का अगला हिस्सा जुमेराती पहुंचने के बाद कोई भी वाहन रायल मार्केट से पीरगेट (भवानी चौक) की ओर नही जा सकेंगे। इसी प्रकार जुलूस का अगला हिस्सा रेतघाट पहुंचने पर कोई भी वाहन रेत घाट तथा पॉलिटेक्निक से कमला पार्क की ओर प्रवेश नहीं पा सकेंगे। इसी समय तलैया से बुधवारा की ओर कोई ट्रैफिक नहीं आ सकेगा। यह वाहन रायॅल मार्केट से तीन मोहरा के सामने से भोपाल टॉकीज, हमिदिया रोड, नादरा बस स्टैंड होकर आवागमन कर सकेंगे।
- गणेश प्रतिमाओं का चल समारोह भारत माता चौराहा आने पर यातायात भदभदा नए पुल से सिटी डिपो चौराहे की ओर नहीं आ सकेगा। यह वाहन आईआईएफएम, एमएसीटी चौराहे से होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।
- बैरागढ़ विसर्जन स्थल भोपाल से इंदौर मार्ग पर होने से भोपाल शहर एवं इंदौर-देवास की ओर से आवागमन करने वाले वाहन लालघाटी से नरसिंहगढ़ तिराहा, गांधीनगर तिराहा, एयरपोर्ट तिराहा, मुबारकपुर चौराहा नया बायपास, भौंरी, खजूरी सड़क बायपास मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे एवं शहर से इंदौर, सीहोर आने एवं जाने-वाले वाहन झागरिया, रातीबड़, नीलबड़, भदभदा चौराहा, होकर अपने गन्तव्य की ओर जा सकेंगे।
- भारत टॉकीज चौराहा पर एकत्रित होने वाली झांकियों में से कुछ प्रतिमाएं भारत टॉकीज से सुल्तानिया जनाना अस्पताल, काली मंदिर तलैया, पुल पुख्ता, लिली टॉकीज चौराहा से रोशनपुरा से होते हुए डिपो चौराहा से प्रेमपुरा विसर्जन घाट पर विसर्जित होंगी।

## चल समारोह के दौरान यह रहेगी यातायात व्यवस्था

- चल समारोह के दौरान भारत टॉकीज चौराहे की ओर आवागमन बंद रहेगा। रेलवे स्टेशन की ओर आने-जाने वालों वाहन एमपी नगर, न्यू मार्केट की ओर आवागमन के लिए रेलवे स्टेशन, एक नंबर से अशोका गार्डन, 80 फीट रोड, प्रभात चौराहा, एमपी नगर होकर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार नए शहर से रेलवे स्टेशन की ओर आवागमन करने के लिए वाहन इसी मार्ग का उपयोग करेंगे।
- बोगदा पुल से भारत टॉकीज की ओर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। यह वाहन प्रभात चौराहा, 80 फीट रोड आशोका गार्डन होकर आवागमन कर सकेंगे।
- चल समारोह तलैया पहुंचने पर पुलिस कंट्रोल रूम से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले वाहन जेल मुख्यालय, ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहा होकर जा सकेंगे।
- रोशनपुरा से भारत टॉकीज की ओर जाने वाले वाहन रोशनपुरा चौराहा, अपेक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1, बोर्ड ऑफिस, सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज होकर भारत टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- चल समारोह रोशनपुरा होने पर अपेक्स बैंक से लिंक रोड नंबर-1, बोर्ड ऑफिस, डीबी मॉल, मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहा होकर भारत टॉकीज आवागमन कर सकेंगे।

### इन रूटों से चलेंगी यात्री बस

- इंदौर, सीहोर आदि स्थानों से आने वाली बसें खजूरी बायपास, मुबारकपुर वायपास से, गांधीनगर, लालघाटी चौराहा से हलालपुर बस स्टैंड पर अपनी यात्रा समाप्त करेंगी। विसर्जन के दौरान यात्री बसों का शहर में प्रवेश वर्जित रहेगा।
- आईएसबीटी बस स्टैण्ड से संचालित समस्त यात्री वाहन प्रभात गोविंदपुरा तिराहा, प्रभात चौराहा, भारत टॉकीज चौराहे की ओर प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन होशंगाबाद रोड का उपयोग कर बायपास मार्ग से आवागमन कर सकेंगे।

# कलियासोत नदी किनारे भी होगा विसर्जन, समरधा में बनाया नया घाट

**ननि ने जोन स्तर पर 33 जगह बनाए अस्थाई विसर्जन कुंड, घाटों पर क्रेन और पोकलेन लगाईं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। इस बार नर्मदापुरम रोड से लगी लगभग 200 से ज्यादा कॉलोनियों के लिए कलियासोत नदी किनारे विसर्जन की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए समरधा में नया घाट बनाया गया है।

वहीं निगम ने 21 जोन में 33 जगहों पर अस्थाई विसर्जन कुंड भी बनाए हैं। जहां छोटी प्रतिमाएं लाई जाएंगी। इधर विसर्जन घाटों पर बड़ी प्रतिमाओं के लिए क्रेन और पोखलेन मशीनों को लगाया गया है। निगरानी के लिए यहां अफसरों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

*निगरानी के लिए अफसरों की ड्यूटी भी लगाई*

*प्रतिमाओं को लाने के लिए 25 विसर्जन वाहन लगाए*



### यहां किए गए विसर्जन इंतजाम

*राजधानी के पारंपरिक विसर्जन घाट बैरागढ़, कमलापति, खटलापुरा, प्रेमपुरा, शाहपुरा, हथाईखेड़ा और मालीखेड़ी में नगर निगम ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पूरे इंतजाम कर दिए हैं। शनिवार सुबह से ही विसर्जन शुरू हो जाएगा। हालांकि दो दिन पहले ढोल ग्यारस पर भी कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका है। इस बार निगम प्रशासन ने एक विसर्जन घाट ओर विकसित किया है। जहां लगभग 200 से अधिक कॉलोनियों को प्रतिमाएं ले जाने में आसानी रहेगी। यह विसर्जन घाट जोन 19 के तहत समरधा में कलियासोत नदी किनारे विकसित किया गया है।*

### यहां बनाए विसर्जन कुंड

जहांगीराबाद शब्बन चौराहा, माता मंदिर, 5 नंबर तालाब, नेहरू नगर चौराहा, पीएनटी चौराहा, 10 नंबर जोन कार्यालय, बेरछा मावा भंडार, ऑशिमा मॉल के सामने, सर्वधर्म कोलार, डी-मार्ट के पास कोलार, बैरागढ़ फायर स्टेशन, भवानी चौक पीरगेट, टीला जमालपुरा शॉपिंग कॉम्पलेक्स, नारियलखेड़ा पीपल चौराहा, शाहजहांनाबाद पानी की टंकी, नादरा बस स्टैंड, काली जी का मंदिर, चांदबढ़, हबीबी स्कूल के पास, प्रभात चौराहा, गोविंदपरा एमपीईबी गेट के सामने, सुभाष नगर जोन कार्यालय, चेतक ब्रिज के पास, अवधपुरी चौराहा, आनंद नगर वार्ड कार्यालय, पिपलानी पेट्रोल पंप के पास, मीनाल रेसीडेंसी गेट नंबर 2, करोंद चौराहा, लालघाटी चौराहा पर कुंड बनाए गए हैं।

**सफाई, बिजली पानी के लिए सौंपी जिम्मेदारी**

*सभी विसर्जन घाटों के लिए निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन ने अपर आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया है। इनके अंडर में उपायुक्त, सहायक आयुक्त, सहायक यंत्री और उपयंत्री रहेंगे। इसके अलावा रास्तों की सफाई, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाईट, घाटों पर पीने के पानी की व्यवस्था, अस्थाई टॉयलेट, घाटों की सफाई, कचरा परिवहन की अलग-अलग अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। अस्थाई विसर्जन कुंड 21 जोन के तहत 33 स्पाट पर रखवाए हैं। हर अस्थाई विसर्जन कुंड के लिए दो-दो ड्रम रखे गए हैं। छोटी प्रतिमाओं को आस्था के साथ वाहन में रखकर आसपास के बड़े विसर्जन घाट भेजा जाएगा। इसके लिए 25 वाहन लगाए गए हैं।*

मिसरोद के गणेश नगर में अपने भाई-बहन के घर आए थे दंपती

# बाथरूम में मिली महिला की लाश, तीन किमी दूर पेड़ पर लटका मिला पति का शव

*हत्या के बाद आत्महत्या का अनुमान, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में शुक्रवार दोपहर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसे बेसुध अवस्था में देख परिजन एम्स लेकर पहुंचे थे। कुछ ही देर बाद महिला के पति का शव घर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर बगली गांव में नाले के पास पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामला संदिग्ध लग रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पति ने पहले पत्नी की हत्या की फिर खुद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिए है। शनिवार को शव पीएम के बाद परिजन को सौंपे जाएंगे।

पुलिस के अनुसार शोभा आदिवाल पति जीवन आदिवाल (29) रतलाम में रहती थी। शोभा और जीवन मजदूरी करते हैं। शोभा की बहन और जीवन का भाई गणेश नगर मिसरोद में रहता है। दरअसल, शोभा की बहन और जीवन के भाई की शादी हो चुकी है। इन्हें के घर दो दिन पहले शोभा और जीवन अपने 11 साल के बेटे के साथ आए थे। शुक्रवार सुबह शोभा और जीवन घर पर बच्चे के साथ थे, बाकि सभी लोग काम पर गए थे। दोपहर करीब ढाई बजे जीवन नहाने के लिए बाथरूम में गया। इस दौरान बेटा घर में ही था।

पति-पत्नी के साथ उनका 11 साल का बेटा भी आया था साथ

महिला के गले पर मिले निशान देखकर हत्या होने की आशंका

पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, जल्द होगा खुलासा

**बगली गांव में नाले किनारे मिला जीवन का शव**



### बेटे ने पिता को जाते हुए देखा

बेटे ने पुलिस को बताया कि पिता जीवन ने मां से कहा था कि पीठ साफ कर दो। इसके बाद वह बाहर खेलने के लिए चला गया। कुछ देर बाद उसने पिता को घर से जाते हुए देखा था। बेटा घर के अंदर पहुंचा तो उसे मां शोभा अचेत अवस्था में पड़ी दिखीं। उसने आवाज दी, लेकिन शोभा ने कुछ नहीं कहा। उसने आसपास रहने वाले लोगों को बताया। पड़ोसी घर पहुंचे तो शोभा अचैत अवस्था में बाथरूम के पास पड़ी थी। पड़ोसियों ने शोभा की बहन और पति को सूचना दी। वे घर पहुंचे और शोभा को एम्स ले गए, वहां उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर, शोभा की मौत के बाद परिजन जीवन आदिवाल की तलाश कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को पता चला कि जीवन ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने उसका शव बगली गांव में नाले किनारे नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका देखा था। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शोभा और जीवन का पीएम नहीं हुआ है। शोभा के गले पर निशान देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि शोभा की हत्या की गई है। हत्या के बाद जीवन ने डर के कारण फांसी लगा ली।

## *आईटी पार्क में एक तरफा प्रेम में शादी से इंकार करने पर चाकू से युवती की नाक काटी*

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आईटी पार्क में एक बदमाश ने युवती पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू नाक पर लगने से उसकी नाक कट गई। दरअसल, आरोपी युवती से परिचित है और उसे एयरोसिटी ब्रिज पर जबरन एक्टिवा पर बैठाकर आईटी पार्क ले गया था। वहां उसने युवती पर शादी का दबाव बनाया। शादी से इंकार करने पर उसने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी पर छेड़छाड़ और चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 22 साल की युवती इलाके में रहती हैं। वह बारहवीं कक्षा तक पढ़ी है। इन दिनों वह घर के कामकाज संभालती है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर वह घर से बाहर काम से निकली थी। इसी बीच करीब साढ़े 12 बजे एयरोसिटी ब्रिज पर उसे दौराहा जिला सीहोर निवासी दिनेश जाटव मिल गया। दिनेश युवती का दूर के रिश्ते में भाई लगता है। दिनेश ने युवती को साथ चलने का कहा। युवती ने मना कर दिया। इसके बावजूद आरोपी जबरन उसे एक्टिवा में बैठाकर आईटी पार्क ले गया। वहां कहने लगा कि तुम मुझसे शादी करोगी या नहीं? युवती ने कहा कि तुम रिश्ते में भाई लगते हो और मैं शादी नहीं कर सकती। इस पर आरोपी नाराज हो गया। गुस्से में उसने चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू युवती की नाक पर लगने से उसकी नाक बुरी तरह से कट गई। उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। युवती ने अपनी मां और भाई को कॉल कर बुलाया। वे उसे लेकर निजी अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक इलाज कराने के बाद हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है।

### *एमडी की पढ़ाई कर रही डॉक्टर से छेड़छाड़*

*कोहेफिजा पुलिस ने जीएमसी में एमडी की पढ़ाई कर रही गुना की डॉक्टर की शिकायत पर मनचले पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 28 साल की डॉक्टर गुना की रहने वाली हैं और गांधी मेडिकल कॉलेज में एमडी पीडियाट्रिक की पढ़ाई कर रही है। उसकी सहेली का दोस्त रिषी कुमार शर्मा उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। वह उसे कॉल और मैसेज करता है। डॉक्टर ने बताया कि गत 19 जून की रात साढ़े 11 बजे वह ड्यूटी कर हॉस्टल जा रही थी। इसी बीच कमला नेहरू अस्पताल के सामने आरोपी रिषी मिल गया। उसने बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और कहने लगा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो। डॉक्टर ने उसे जाने का कहा तो वह शोर करने लगा और गला दबाने लगा। इस दौरान साथ मौजूद उसकी दोस्त ने आरोपी से उसे छुड़ाया। इस घटना में उनका चश्मा टूट गया। डॉक्टर का कहना है कि उनकी शादी की बात चल रही है। आरोपी धमकी दे रहा है कि वह शादी नहीं होने देगा। आरोपी डॉक्टर को लगातार मैसेज और कॉल कर रहा था। इतना ही नहीं उसका पीछा भी कर रहा था।*

## *राजगढ़ में नदी में गिरी कार, जपं सदस्य का बेटा 'लापता' नीमच में बोलेरो बही*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है, जिसमें दो दर्जन जिलों में शुक्रवार को बारिश दर्ज की गई है। राजगढ़ के सारंगपुर में आगरा-मुंबई बायपास और आगर-उज्जैन रोड को जोड़ने वाले काली सिंध नदी के पुल से एक कार नदी में गिर गई। इसमें सारंगपुर जनपद पंचायत सदस्य और भाजपा नेता महेश सोनी का बेटा विशाल सोनी (26) सवार था। रेस्क्यू टीमें उसे तलाश रही हैं। गोताखोरों की मदद से कार को किनारे तक लाया गया। फिर क्रेन की सहायता से नदी से बाहर निकाला गया। वहीं, नीमच जिले के रतनगढ़ में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की गाड़ी पानी के बीच फंस गई।

दरअसल, रतनगढ़ से करीब 9 किलोमीटर दूर सांडा माताजी के पास गुरुवार शाम गुंजाली नदी का पानी पुल के ऊपर आ गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग रतनगढ़ के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेश मीणा, डॉ. मोहन मुजाल्दे और उनका ड्राइवर बोलेरो से नदी पार कर रहे थे। गाड़ी तेज बहाव में फंसकर बहने लगी। फिर खजूर के पेड़ से टकराकर रुक गई। मौके पर लोगों ने मोर्चा संभाला और गाड़ी में सवार तीनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

**कार सवार को ग्रामीणों ने बचाया**

उज्जैन में खाचरोद के नन्दयासी गांव में भी पुलिया पार करते समय एक कार बागेड़ी नदी में बह गई। कार सवार को ग्रामीणों ने बचाया। इटारसी की सुखतवा नदी में डूबे दादा-पोते के शव शुक्रवार दोपहर मिले हैं। हरिप्रसाद राठौर (58) और उनका 6 वर्षीय पोता हर्ष गुरुवार दोपहर को नदी में नहाने गए थे।

# ननि की 50 दुकानें, कोकता बाइपास में गई जमीन को सरेंडर करेगा पशुपालन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोकता स्थित पशुपालन विभाग की 99 एकड़ जमीन को लेकर हुए सीमांकन के बाद कब्जेदारों के नाम सामने आ गए हैं। डायमंडी सिटी कॉलोनी, कस्तूरी कोर्टयार्ड, कार्टयार्ड प्राइम सहित अन्य कॉलोनियों और निजी कब्जों को लेकर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

इसके साथ नगर निगम की 50 दुकानें, पेट्रोल पंप और कोकता बाइपास में गई जमीन को लेकर पशुपालन विभाग के अफसरों ने जमीन सरेंडर करने की सहमति दे दी है। जिसको लेकर अफसरों के बीच एक दौर की बैठक भी हो गई है।

दरअसल मछली परिवार के कब्जे को लेकर जिला प्रशासन ने पशुपालन विभाग के आवेदन पर इस जमीन का सीमांकन कराया है। जिसमें नगर निगम और नेशनल हाइवे का कब्जा सामने आया है। ऐसे में नगर निगम की दुकानें, एसटीपी और पेट्रोल पंप को तोड़ा नहीं जा सकता है। जिसको लेकर अफसरों ने बीच का रास्ता निकालते हुए इस जमीन को सरेंडर करने की योजना बनाई है। इधर तहसीलदार सौरभ वर्मा का कहना है कि पशुपालन विभाग की जमीन पर कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जिसके बाद बेदखल करने की कार्रवाई की जाएगी।

# शूटर्स का घटेगा कारतूस का कोटा देना पड़ेगा साल का हिसाब-किताब

शूटर्स की जांच के बाद प्रतिवेदन किए जा रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 80 शूटर्स के लाइसेंस, गन और कारतूस को लेकर पिछले एक माह से चल रही जांच पूरी हो गई है। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और इंटेलीजेंस के एसीपी दीपक नायक ने एक हजार पेज की रिपोर्ट तैयार कर ली है। इस रिपोर्ट में वन अपराध वाले शूटर्स के लाईसेंस सस्पेंड करने और पांच से दस साल तक टूर्नामेंट नहीं खेलने वाले एक दर्जन शूटर्स के गन लाइसेंस सस्पेंड करने की सिफारिश की जा रही है, जिससे इन शूटर्स के पास सेल्फ डिफेंस का लाइसेंस रहेगा। इधर ज्यादातर शूटर्स के पास दस हजार से एक लाख कारतूस का कोटा है। जिसे कम किया जाएगा। ऐसे में कई शूटर्स के कारतूस का कोटा घटाने की सिफारिश की जा रही है।

**एसडीएम और इंटेलीजेंस एसीपी ने तैयार की एक हजार पेज की रिपोर्ट**



*कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पहली बार राजधानी के शूटर्स को पेशी पर बुलाकर उनसे दस साल के कारतूस का रिकार्ड मांगा है। जिसके बाद 75 शूटर्स ने बैरागढ़ तहसील पहुंचकर लाइसेंस, गन और कारतूस का रिकार्ड पेश कर दिया है। पांच शूटर्स के बाहर टूर्नामेंट खेलने की वजह से पेश नहीं हो सके हैं। उन्होंने भी रिकार्ड भेज दिया है। जिसके तहत छह शूटर्स ऐसे में भी मिले हैं, जिन्होंने पांच से लेकर दस साल गुजर जाने तक कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है, ऐसे में इन शूटर्स के गन लाइसेंस से भी शूटर्स का तमगा छीना जा सकता है। कलेक्टर का कहना है कि शूटर्स का जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।*

वीडियो वायरल होने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने लिए सैंपल

# *हकीम होटल के पनीर में मिले चिकन पीस जोमेटो ने कैश बैक राशि देकर झाड़ा पल्ला*

*बिना लाइसेंस केक निर्माण, क्रीम, कलर के लिए सैंपल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर स्थित लजीज हकीम होटल से मंगवाए गए तवा पनीर में चिकन पीस मिलने का मामला सामने आया है। उपभोक्ता ने जब घर में खाना शुरु किया तो उसे पनीर में चिकन पीस मिले, जिसके बाद जोमेटो को कंपलेंट की गई। वीडियो वायरल होने के बाद शाम को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल से तवा पनीर के सैंपल लिए हैं। इधर मामला बढ़ता देख जोमेटो ने उपभोक्ता को कैश बैक कर पल्ला झाड़ लिया है। इधर हाउसिंग बोर्ड करोंद स्थित श्याम कृपा बेकर्स के यहां बिना लाइसेंस के केक निर्माण करने पर क्रीम और खाद्य कलर की सैंपलिंग की गई है। संचालक पर केस दर्ज कर लिया गया है।

**ग्राहक ने तवा पनीर का ऑर्डर दिया था**






*प्रकाश नगर अयोध्या बाइपास निवासी शुभम श्रीवास्तव ने गुरुवार को जोमेटो से लजीज हकीम होटल का तवा पनीर आर्डर किया था। जिसके लिए उन्होंने 318 रुपए का ऑनलाइन पैमेंट भी कर दिया। जोमेटो के डिलीवरी बॉय ने पार्सल डिलीवर कर दिया। शुभम जब घर में खाना खाने बैठे तो उन्हें पनीर की सब्जी में चिकन पीस मिले, जिसके बाद उन्होंने जोमेटों में इसकी शिकायत दर्ज कराई। जोमेटो ने ऑर्डर की राशि वापस कर पल्ला झाड़ लिया। इधर पनीर में चिकन का वीडियो वायरल होने के बाद शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने होटल पहुंचकर तवा पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे हैं।*

**केस दर्ज**

### बिना लाइसेंस केस बना कर बेच रहा था बेकर्स

पिछले दिनों फूड इंस्पेक्टर पूजा शाक्य ने हाउसिंग बोर्ड करोंद स्थित श्याम कृपा बेकर्स के यहां बिना लाइसेंस के केस निर्माण करने का केस दर्ज किया है। मौके से केक निर्माण में उपयोग होने वाले क्रीम और खाद्य कलर की सैंपलिंग भी की गई है। इसी तरह वृंदावन ढाबा होशंगाबाद रोड, शक्ति नगर स्थित प्रियंका गृह उद्योग को गंदगी मिलने पर नोटिस जारी किया है।



# फर्म व्यू एन सोनिक पर दूसरे दिन भी जीएसटी ने की छापे की कार्रवाई : करोड़ों की टैक्स चोरी उजागर

**पिछले कई सालों में सरकारी और कॉर्पोरेट सेक्टर में कई इवेंट किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीएसटी की टीम ने भोपाल के अरेरा कॉलोनी में स्थित व्यू एन सोनिक कंपनी के खिलाफ करोड़ों की टैक्स चोरी की शिकायत पर रेड की है। जीएसटी की एंटी इवेजन ब्यूरो की भोपाल टीम ने गुरुवार रात को अरेरा कॉलोनी में व्यू एंड सोनिक कंपनी के संचालक अतुल बिल्लोरे के ठिकानों पर जाकर जांच शुरू की, जो शुक्रवार को भी दिन भर जारी रही। अतुल ने पत्नी, बेटे और भतीजे के नाम से एआईबी इंटरप्राइज, अबान इंटरप्राइजेस सहित अन्य फर्में बना रखी हैं। जांच टीम को आशंका है कि इन फर्मों के जरिए बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया और जीएसटी में करोड़ों रुपए की कर चोरी की है। जांच टीम फिलहाल इन ठिकानों से मिले लेन-देन के दस्तावेजों के जरिए जीएसटी का मिलान कर रही है और इसी आधार पर ही टैक्स चोरी का सही आंकड़ा सामने आएगा। जानकारी के अनुसार बिल्लोरे एक आयुष अस्पताल के साथ ही एक होटल भी बना रहा है। उसको भी जांच के दायरे में लिया गया है।

### 20 साल में किस-किस से लिए ठेके, होगी जांच

फिलहाल जीएसटी की टीम यह भी जानकारी जुटा रही है कि पिछले 20 सालों के दौरान कंपनी ने किन किन बड़े आयोजनों का ठेका लिया है और उसके लिए कितना टैक्स चुकाया है। हालांकि कंपनी के संचालक का दावा है कि उनकी कंपनी ने किसी तरह की कोई टैक्स चोरी नहीं की है। इस कंपनी का दावा है कि उसके ग्राहकों में इंडियन ऑइल, नीति आयोग, एनटीपीसी, भारती रेल, भारत पेट्रोलियम, चुनाव आयोग, गेल शामिल हैं। दरअसल व्यू एन सोनिक का मूल काम इवेंट मैनेजमेंट सर्विस है। यह कंपनी पिछले कई सालों में सरकारी और कॉर्पोरेट सेक्टर में कई इवेंट आयोजित कर चुकी है। इसमें राज्य और केंद्र सरकार के कई कार्यक्रम शामिल हैं। यह फर्म 2005 से वेन्यू प्लानिंग, इवेंट डिजाइनिंग, थीम बेस्ड ब्रांडिंग, डेकोरेशन, क्राउड मैनेजमेंट, कॉन्सेप्ट प्रेजेंटेशन, इवेंट पब्लिसिटी, रोड शो वैन, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, मोटिवेशनल एक्टिविटी का काम करती है। जीएसटी छापे में जब्त दस्तावेजों की जांच कर रही है इसी के बाद टैक्स चोरी का वास्तविक आंकड़ा सामने आ सकेगा।

# युवती ने लगाए छेड़छाड़ के आरोप ऑटो चालक ने लगा ली फांसी, मौत

**परिजन के आरोप के बाद पुलिस जांच में जुटी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर फेस-4 में फांसी लगाने वाले ऑटो चालक का शव पीएम के बाद शुक्रवार को परिजन को सौंप दिया गया है। सुसाइड नहीं मिलने से आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक के परिजन ने दावा किया कि मोहल्ले में रहने वाली एक युवती ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की थी। पुलिस युवक को घर से हिरासत कर थाने लेकर आई थी। यहां कुछ घंटे बाद दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था। युवक के भाई ने कहा कि वह महिला के झूठे आरोपों से आहत था।

पुलिस के अनुसार निखिल अग्रवाल (21) सवारी ऑटो चालक था। एक साल पहले अक्टूबर महीने में उसने एक युवती से लव मैरिज की थी। इसके बाद से ही अशोका गार्डन इलाके में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। उसके भाई निलेश अग्रवाल ने बताया कि निखिल का इसी बिल्डिंग में रहने वाली अन्य किराएदार महिला से विवाद हो गया था। बहस बढ़ने पर गुस्से में महिला ने उसे अपशब्द कहे, जिसके बाद निखिल ने महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। महिला थाने पहुंची। थाने से लौटने के बाद महिला ने उसे बात करने के लिए अपने कमरे में बुलाया। वहां से लौटकर निखिल ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

## खबर संक्षेप



### अग्रवाल ने संत हिरदाराम साहिब की समाधि के किए दर्शन

**संतनगर।** संत सिद्ध भाऊ से भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी और समाज सेवी वासदेव वाधवानी भी अग्रवाल के साथ थे। श्री अग्रवाल संतजी के शिष्यों द्वारा संचालित सेवाकार्यों से बहुत प्रभावित हुए और सिद्ध भाऊ के समक्ष इन कार्यों की प्रशंसा की। अग्रवाल ने परमहंस संत हिरदाराम साहिब की समाधि पर जाकर दर्शन किए। दयारामानी ने मनमोहन अग्रवाल को बताया कि परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी द्वारा संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्पों में 45 लाख से भी अधिक लोगों की जीवन दशाओं को उन्नत करने के प्रयत्न किए हैं।

### देवानी को मिला विजिटरी मेंटर अवॉर्ड



**संतनगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश देवानी को शिक्षक दिवस के अवसर पर त्रेता युग फाउंडेशन की तरफ से डॉ. एस. राधाकृष्णन विजिटरी मेंटर अवार्ड दिया गया है। त्रेता युग फाउंडेशन के प्रज्ञात सिंह ने बताया कि समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी द्वारा ग्रीष्मकालीन में कई जरुरतमंदों को कंप्यूटर सीखाकर उन्हें रोजगार दिलवाया। इसके लिए हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। ऐसे ही समाज हित में कार्य करते रहे एवं देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर फाउंडेशन की शिवांजली ने भी समाजसेवी कमलेश देवानी को बधाई दी।

### नवीन हिंदू उत्सव समिति में बने 4 महामंत्री






**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत यादव, अशोक जायसवाल ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता बागिश अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता विकास श्रीवास्तव, व्यापार संघ के नीरज चावला एवं बसंत वर्मा इन चारों को नवीन हिंदू उत्सव समिति में महामंत्री नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति पर कई लोगों ने बधाई दी।

### मासूम के साथ शिक्षक ने की अश्लील हरकत

**धार।** धार जिले के टांडा क्षेत्र से मासूम बच्ची के साथ यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में परिजनों ने आरोप लगाया है कि निजी स्कूलों में पढ़ने वाले शिक्षक ने गलत हरकत की है। परिजनों के अनुसार बच्ची 4 सितंबर को रोज की तरह स्कूल गई थी। दोपहर बाद जब यह वापस घर लौटी तो इसके कपड़े गिले थे और निजी अंग पर चोट के निशान भी पाए गए थे। पूछताछ करने पर जब बच्ची ने बताया कि कक्षा में पढ़ाने आए शिक्षक सत्येंद्र त्यागी ने उसके साथ गलत काम किया। थाना प्रभारी टांडा संजय रावत ने बताया कि आरोपी शिक्षक सत्येंद्र त्यागी खिलाफ पास्को एक्ट के तहत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में सैकड़ों महिलाओं ने टांडा थाने का घेराव किया।

# न्यू रेलवे कॉलोनी में पार्किंग में मिला शव, नेपाल का रहने वाला था मृतक
# कैंटीन कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत शरीर में चोट के निशान, हत्या की आशंका

**पुलिस को पता चला कि उसके किसी महिला से संबंध थे, महिला के बारे में जुटा रही जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित न्यू रेलवे कॉलोनी में गुरुवार सुबह पार्किंग में मृत अवस्था में मिले युवक की शिनाख्त कर ली गई है। वह मूलतः नेपाल का रहने वाला है और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की कैंटीन में काम करता था। पुलिस ने उक्त मामले में एक रेलकर्मी को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट मिलना बाकी है। शरीर पर चोट के निशान देखने पर मामला हत्या से जुड़ा नजर आ रहा है। पीएम करने वाले डॉक्टर ने भी अपने ओपिनियन में हत्या की आशंका जताई गई है। जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे न्यू रेलवे कॉलोनी से एक युवक का शव बरामद किया गया था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस ने युवक के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसका नाम कमल नेपाली (50) है। वह मूलतः नेपाल का रहने वाला था और बीस साल पहले भोपाल आया था। करीब पंद्रह साल से वह सूरज नामक व्यक्ति की कैंटिन में काम कर रहा था। कमल रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की पार्किंग के पास शिव मंदिर में रहता था। न्यू रेलवे कॉलोनी में रहने वाले एक रेलकर्मी के रूम पर उसका आना-जाना था और वहीं बैठकर वह रेलकर्मी के साथ शराब भी पीता था। पुलिस ने शव पीएम के बाद कैंटिन संचालक को सौंप दिया है। पुलिस को पता चला कि उसके किसी महिला से संबंध थे। पुलिस महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की कैंटीन में करता था काम

**सीसीटीवी में कॉलोनी में जाता नजर आया कमल**



शरीर पर चोट के निशान देखने पर पुलिस को प्रथम दृष्टया मामला हत्या का नजर आया था। लिहाजा पुलिस ने एक रेलकर्मी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने कॉलोनी और आसपास के सीसीटीवी कैमरे फुटेज चेक किए तो पता चला कि बुधवार रात वह न्यू रेलवे कॉलोनी में जाता हुआ नजर आया है। हालांकि जिस मल्टी की पार्किंग में उसकी लाश मिली है, वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं है। पुलिस रेलकर्मी से पूछताछ कर रही है। जल्द ही हत्या के मामले का खुलासा हो सकता है।

## पति की मौत से दुखी पत्नी ने टॉयलेट क्लीनर पीकर दी जान

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव उमरिया खजूरी में बुधवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पत्नी को जब हादसे में पति की मौत की जानकारी मिली तो वह बदहवास हो गई। रातभर परिजन उसे किसी तरह समझाते रहे, लेकिन अगले ही दिन गुरुवार सुबह उसने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान दोपहर करीब तीन बजे उसकी मौत हो गई। पति के बाद पत्नी की मौत से परिवार के दो बच्चे अनाथ हो गए। जानकारी के अनुसार कमर सिंह उर्फ बंटी कुशवाह (28) ग्राम उमरिया खजूरी, चौकी ललरिया थाना बैरसिया का रहने वाला था। वह थाना शमशाबाद स्थित ग्राम बिछिया इलाके में स्वंय की क्लीनिक चलाता था। करीब पांच साल पहले उसकी शादी ग्राम हाडा, थाना शमशाबाद जिला विदिशा निवासी ज्योति कुशवाह (25) के साथ हुई थी। दोनों के चार साल का एक बेटा और डेढ़ साल की बेटी है। पिछले कुछ दिनों से दंपति एलबीएस अस्पताल के पीछे बैरसिया स्थित नई कॉलोनी में रहने लगा था। बुधवार की रात कमरसिंह अपनी क्लीनिक बंद करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। रात करीब साढ़े आठ बजे वह बैरसिया-शमशाबाद रोड स्थित ग्राम खेजड़ा जोड़ के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कमरसिंह को इलाज के लिए बरैसिया स्थित शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

**रात में हुई थी पति की मौत, अगले ही दिन सुबह पत्नी ने पी लिया टॉयलेट क्लीनर**

पति की मौत के बाद बदहवास हुई पत्नी एक्सीडेंट में हुई पति की मौत के बाद उसकी पत्नी ज्योति कुशवाह पूरी तरह से बदहवास हो गई। परिवार और मायके पक्ष के लोग उसे किसी तरह से संभाले रखे। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे ज्योति ने घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया। उसका भाई मोहन सिंह कुशवाह और अन्य परिजन ज्योति को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने के कारण उसे भानपुर भोपाल स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। कमरसिंह और ज्योति की मौत के बाद उनके दोनों मासूम बच्चे अनाथ हो गए हैं।

**स्टाइलिश नंबर प्लेट लगी गाड़ी दौड़ने वालों की संख्या बढ़ी**

# राजधानी की सड़कों पर एक ही नंबर के दौड़ रहे दो-दो वाहन, यातायात पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक ही नंबर के दो वाहन संचालित करना अपराध है, लेकिन राजधानी भोपाल सहित मप्र में बड़ी संख्या में एक ही नंबर के दो-दो वाहन दौड रहे हैं। जिन पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। यह गंभीर मामला है, दरअसल ऐसे वाहनों का तस्करी से लेकर बड़ी क्राइम की घटनाओं में उपयोग किया जा सकता है। वहीं स्टाइलिश नंबर प्लेट लगाकर गाड़ी चलाने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। यातायात पुलिस सिर्फ सीट-बेल्ट व हेल्ट पर ही कार्रवाई करने में लगी है, जबकि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारि मिश्र ने राजधानी में मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन कर दौड़ रहे वाहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दे चुके हैं। इस संबंध में यातायात ट्रैफिक डीसीपी बंसतकौल का कहना है कि एक ही नंबर के दो वाहन चलाना गैर-कानूनी और दंडनीय अपराध है। इस तरह के वाहनों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### सात साल तक की सजा और जुर्माना भी संभव

एक ही नंबर पर दो वाहन चलाना गैर-कानूनी और दंडनीय अपराध है। यह धोखाधड़ी, कर चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए किया जाता है। परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक वाहन को एक विशिष्ट पंजीकरण नंबर (रजिस्ट्रेशन नंबर) दिया जाता है, यदि एक ही नंबर के दो वाहन पकड़े जाते हैं, तो पुलिस और परिवहन विभाग ऐसे वाहनों को जब्त कर सकते हैं। चालान काट सकते हैं और उचित कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। वाहन पर गलत या फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग करने पर 5 हजार रुपए जुर्माना या 3 महीने तक की कैद हो सकती है। यदि यह अपराध दोबारा होता है, तो 7 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है।

### पटवा ने पत्नी संग हवन-पूजन किया



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा पत्नी मोना पटवा, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी एवं भाजपा के वरिष्ठ डागा एवं अन्य भोजपुर के कार्यकर्ताओं ने पटवा के निवास पर विराजे भगवान गणेशजी का गणेश उत्सव के अंतिम दिन हवन पूजन करके आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारें लगाए।

**श्रीराम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश ने दी जानकारी**

## अनंत चतुर्दशी पर इनाम वितरण, खाटू श्याम की भजन संध्या के लिए नहीं मिली अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक सहित सदस्यों ने अनंत चतुर्दशी पर इनाम वितरण एवं खाटू श्याम जी की भजन संध्या की अनुमति नहीं मिलने पर पत्रकार वार्ता की, जिसमें अध्यक्ष राजेश खटीक ने कहा कि विगत 3 वर्षों से श्रीराम श्री हिन्दू उत्सव समिति हिरानीय पंजीकृत धार्मिक संस्था द्वारा लगातार गणेश विषर्जन पर झांकियों को पुरुष्कार वितरण एवं धार्मिक आयोजन करता आ रहा है।

खटीक ने बताया कि इस वर्ष दूसरी समिति बिना पंजीकृत वाली प्राचीन हिन्दू उत्सव समिति को प्रशासन द्वारा कार्यक्रम करने की



अनुमति दी है, जो पूर्णता गलत है। श्री राम श्री हिन्दू उत्सव समिति हिरानीय जो कि 2023 से 2026 तक रजिस्टर्ड है, जिसके कार्यकाल के एक वर्ष अभी शेष हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अनंत चतुर्दशी पर इनाम वितरण एवं खाटू श्याम की भजन संध्या की अनुमति नहीं दी है। इस दौरान राजेश खटीक के साथ श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के सोनू अग्रवाल, कमल नरेश मालवीय, जीतू नेमा, दुर्गेश यादव, राहुल महेश्वरी, चौरसिया आदि लोग शामिल थे।



### श्री हिंदू उत्सव समिति की भजन संध्या और पुरस्कार वितरण समारोह आज, तैयारियां जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** अनंत चतुर्दशी पर विशाल भजन संध्या की तैयारी श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में जोरों पर चल रही है। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा भजन संध्या, पुरस्कार वितरण एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। 6 सितंबर को मध्य प्रदेश की जानी-मानी गायक सुश्री रिजा खान एवं बाली ठाकरे दशहरा मैदान, शाम 7 बजे भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी।

हिंदू उत्सव समिति के कार्यक्रम के लिए भारी बरसात को देखते हुए विशाल पंडाल बनाया गया है, जिसमें महिलाओं के बैठने की एवं पुरुषों को बैठने की व्यवस्था अलग-अलग की गई है जिसका कार्य जोरों पर चल रहा है।

**गरीब और बेसहारा लोगों को बांटा खाना**

## ईद मिलाद उन नबी के मौके पर मस्जिदों में हुई तकरीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ईद मिलाद उन नबी का त्यौहार हजरत मुहम्मद साहब की जन्म दिन के रूप में जाना जाता है, जो मजहब ए इस्लाम के आखिरी नबी थे। जो खुदा का पैगाम लोगों तक पहुंचाते थे। लोगों को बुराइयां छोड़कर भलाई के काम करने का संदेश देते थे।

ईद मिलाद उन नबी के पर औबेदुल्लागंज के जामा मस्जिद में मौलाना हाफिज नदीम सा. तकरीर की ओर से पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवन के बारे में बताया। उन्होंने किस तरह से अल्लाह की इबादत का पैगाम पूरी मुस्लिक कौम को दिया। खुद तकलीफ में रह कर लोगों की मदद की। इस्लाम मजहब की खूबसूरती और भाईचारे के



पैगाम को फैलाया। पैगंबर मुहम्मद साहब पूरी दुनिया के मुसलमानों के आइडियल हैं। ईद मिलाद उन नबी के मौके पर मस्जिदों में तकरीरें हुईं व लोगों ने घरों पर कुरआन खानियां इस्लामी किताबों की तिलावत की। अच्छे व्यंजन बना एक दूसरे के घरों में बांटा एवं गरीबों और बेसहारा लोगों को खाना पहुंचाया। इस मौके पर औबेदुल्लागंज के सभी मुस्लिमों ने साथ मिलकर व खुशी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाया। अफजल हसन, सदर गुड्डू मियां, सलीम, राजा सिद्दीकी, अफसर, सागीर, नफीस, नईम खान, आमीन, महफूज, अकील, रईस खान आदि शामिल हुए।

### औबेदुल्लागंज मंडल महामंत्री पद के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की मांग

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र एवं औबेदुल्लागंज मंडल में महामंत्री कौन बनेगा, इस पर चर्चा जोरों पर चल रही है। वहीं जिले के महामंत्री फिर से जिला महामंत्री बनने के लिए सक्रिय हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता एवं सक्रिय नेता के अनुसार विधायक सुरेंद्र पटवा सहज और सरल हैं।

सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान देते हैं एवं कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनते हैं। इसीलिए कार्यकर्ता विधायक पटवा के प्रशंसक हैं एवं उनकी सरलता, सहजता की प्रशंसा करते हैं। इस बार भाजपा कार्यकर्ता और वरिष्ठ भाजपा के नेताओं में चर्चा है कि जिला महामंत्री के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की जाए।

**स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस**

# शिक्षकों का सम्मान कर छात्र-छात्राओं ने लघु नाटक और मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हा. से. स्कूल में मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था प्रागंण में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्य अतिथि का स्वागत चाणक्य के वरिष्ठ शिक्षक रूप सिंह बानियां एवं अन्य स्टाफ ने किया। संस्था प्राचार्य भूपेंद्र कौर का




स्वागत मुख्य अतिथि महोदय ने श्रेष्ठ शिक्षक के रूप किया। इसके बाद अन्य शिक्षकों का सम्मान छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।

इसदौरान विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कक्षा 9वीं की छात्राओं काजल और तमन्ना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कु. कुमकुम ने संस्कृत में भाषण दिया। कक्षा छठवीं की छात्राएं प्रियांशी, अंशिका, उदिति आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों लक्की गौर, अरजान, वीर चौहान, खुशी कहार आदि ने डेली क्लास शीर्षक पर लघु नाटिका प्रस्तुत किया। रितिका घोसी, कीर्ती साहू, विशाल गंगवानी एवं अरजान अली ने मंच संचालन एवं प्रबंधन का कार्य किया। मुख्य अतिथि ने अपने आशीष उद्बोधन में राधाकृष्णन के नक्शे कदम पर चल कर सफल होने को प्रेरित किया। विद्यालय संचालक सीएस सिंह तथा प्राचार्य भूपेंद्र कौर ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देकर, समस्त छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिक्षा के बिना मानव का कोई मोल नहीं: सिद्ध भाऊ

**दिशक दिवस पर सिद्ध भाऊ ने किया 138 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान**

- *विद्यालयों को मिली दो नई बसों की सौगात*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल इ द्वारा संचालित गांधीनगर के चारों विद्यालयों में शिक्षक सम्मान समारोह सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी एवं कोषाध्यक्ष मनोहर वासवानी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी एवं संचालक योगेश हिंगोरानी ने पुष्पगुच्छ देकर किया।

विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में गीत की प्रस्तुति दी तथा



शिक्षकों के सम्मान में अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को याद किया। संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों को दो नई बसों की सौगात दी गई, जिनकी सिद्ध भाऊ के करकमलों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव का कोई मोल नहीं है। मजदूर भी दिनभर मेहनत करता है, परंतु उसे भोजन भी बड़ी मुश्किल से मिल पाती है। संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों लक्ष्मीदेवी विक्योमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वीना चार्ली, दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में 138 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान सिद्ध भाऊ द्वारा किया गया।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 4936 | | |
| दिन: | 128 | 17 | 458 |
| रात: | 133 | 79 | 379 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 447 | 53 | 247 |
| रात: | 490 | 36 | 150 |

# मुख्यमंत्री ने कहा, सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। मध्यप्रदेश को भाजपा की नर्सरी कहते हैं और यहीं से जीत का रथ आगे बढ़ता रहेगा। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा पखवाड़ा' पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कार्यशाला को दीप प्रज्ज्वलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में जनसेवा का संकल्प लिया है। यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है।

» भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा पखवाड़ा' पर आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

» मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया



## विपक्ष जानता है कि उसका भविष्य अंधकारमय है

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश में सेवा, समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है। हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुंचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर जाना है और मोदी सरकार की साफ नीयत और नीति को बताना है। उन्होंने विपक्ष की तुलना रावण से करते हुए कहा कि वे संविधान की किताब दिखाकर साधु का वेश धरते हैं, वहीं सबसे ज्यादा संविधान संशोधन और न्यायपालिका का अपमान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### पार्टी कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण: जामवाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि जब तक लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना, राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जागृत नहीं होता, तब तक भौतिक विकास का कोई लाभ नहीं है। इसलिए समाज को योजनाओं की दृष्टि से, संस्कारों की दृष्टि से और विचारों की दृष्टि से जागृत करना हमारा लक्ष्य और दायित्व है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### आत्मनिर्भर भारत बनने 'वोकल फॉर लोकल पर जोर देना होगा: हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र 'सेवा परमो धर्म' के आधार पर उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। 6 से 10 सितंबर तक जिला स्तर और 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व प्रदर्शनी, 19 -20 सितंबर को प्रबुद्धजन सम्मेलन और 21 से 25 सितंबर तक खेल प्रतियोगिताएं एवं प्रदेश के महानगरों में नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 27 और 28 सितंबर को दिव्यांग और विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा। हमें 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर खादी की सामग्री क्रय कर जन-जन को जागरूक करके स्वदेशी को बढ़ावा देना है।

### 'सेवा परमो धर्मः' में रम जाएं पार्टी कार्यकर्ताः डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है-नागरिक देवो भव। अर्थात देश का प्रत्येक नागरिक देवता है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हमें भी प्रत्येक नागरिक को देवता मानते हुए सेवा कार्यों में जुटना होगा। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि सेवा परमो धर्मः। अर्थात सेवा ही परम धर्म है। कोविड काल में हमने इसके उदाहरण देखे भी हैं, जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन को खतरे में डालकर पीड़ितों की सेवा की थी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े में शामिल किए गए कार्यक्रमों का औचित्य समझते हुए हमें सेवा कार्यों में जुटना होगा।

## खबर संक्षेप

### सीएम आपदा प्रभावितों को आज देंगे राहत राशि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 6 सितम्बर को सुबह 11 बजे प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। संबंधित जिले के कलेक्टर और संबंधित विभाग के अधिकारी भी वर्चुअली शामिल होंगे।

### विधायक सबनानी के जन्मदिन पर आज सुंदरकांड पाठ

**भोपाल।** प्रदेश महामंत्री भाजपा और दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी का आज शनिवार 6 सितंबर को जन्मदिन मनाया जाएगा। इस अवसर पर नव प्रयास संस्था मानस भवन में सुबह नौ से 12 बजे तक सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेगी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### शहीद वन कर्मियों की याद में पौधरोपण 11 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर शहीद कर्मचारियों के याद में कान्हा कुंज पार्क बंजारी कोलार में पौधारोपण करेगा। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि पिछले 20 साल में शहीद हुए 56 वन कर्मचारियो की याद में 56 पौधे रोपण कर वन शहीदों की याद को चिरस्थाई बनाया जाएगा।

### सिंघार अवसरवादी आदिवासी, चुनावी हिन्दू

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर कहा कि उमंग सिंघार ने जनजातीय समाज को भ्रमित करने का काम किया है। देश और प्रदेश की आदिवासी समाज से माफी मांगने की बजाय वे लगातार अपने बयान पर कायम हैं और कह रहे हैं कि उनके बयान पर पार्टी नेताओं का भी समर्थन है। उमंग सिंघार जनजातीय समाज को भ्रमित कर विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। उमंग सिंघार का बयान आदिवासी धार्मिक अस्मिता को ठेस पहुंचाने, समाज विरोधी और देश तोड़ने वाला है। उमंग सिंघार अवसरवादी आदिवासी और चुनावी हिन्दू हैं।

### 'चूहों से मासूमों की मौत सरकार का अपराध'

**भोपाल।** इंदौर के महाराजा यशवंतराव (एमवाय) अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत की घटना कोलेकर कांग्रेस आक्रामक है। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था, आपराधिक लापरवाही और अमानवीयता का नतीजा है। उन्होंने पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से बताया कि यह मौत पर झूठ फैलाने की साजिश है।

## 106 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# बुंदेलखंड त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा, पन्ना हीरा और महावीरों की धरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अब लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाई-दूज से हर माह 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। धीरे-धीरे वर्ष 2028 तक लाड़ली बहनों को 3000 रुपए देंगे। लाड़ली बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। कुछ दिन पहले एक सर्वे आया है कि जहां-जहां लाड़ली बहना योजना लागू की गई हैं। वहां घरों में सुख-समृद्धि आई है। प्रदेश सरकार हर कीमत पर माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा करेगी और उन्हें आर्थिक समृद्धि प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को पन्ना जिले के अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले को 106 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि पन्ना हीरा और महावीरों की धरती है। ईश्वर ने पन्ना को विशेष आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के कल्याण के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी बहनों को अनेक योजनाओं की सौगात दीं। लाड़ली बहनों को 250 रुपए राखी का शगुन अलग से भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पन्ना और बुंदेलखंड में आज भी महाराज छत्रसाल और आल्हा-ऊदल की वीरता की गाथाएं गाई जाती हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना जिले के अमानगंज में महिला सम्मेलन में हितलाभ वितरित किए

**खास बातें**

- पन्ना में शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन
- पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा




### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की विकास कार्यों की घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जल्द ही मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करने के लिए पन्ना आएंगे। पन्ना को खजुराहो से रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा।



अमानगंज में अस्पताल के उन्नयन सहित विधानसभा क्षेत्र गुनौर में सात उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, सलेहा में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, देवेन्द्रनगर के शासकीय महाविद्यालय में नवीन संकाय शुरू करने एवं स्कूल उन्नयन, अगस्त्य मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

### कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा बुंदेलखंड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर जिले में उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। प्रदेश में पुलिस के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती की जा रही है। सालभर में कुल एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्तियां होंगी। अब मप्र के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश को 1 लाख करोड़ की नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से पन्ना सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

### नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना

*मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत बरगी नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के 114 गांव लाभांवित होंगे और 25 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने गढ़ीपडरिया के वृन्दावन बांध की क्षमता बढ़ोतरी कर नहरों के जीर्णोद्धार कार्य सहित गुनूसागर सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। 12 हजार 500 करोड़ के जल जीवन मिशन में पन्ना जिले की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पन्ना और गुनौर विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल, नदी के पुल, खेल मैदान, सड़क जैसे अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभागों की योजनाओं पर प्रदर्शनी देखी।*

## मप्र के ऊर्जा क्षेत्र को मिली मजबूती

# 32,500 करोड़ का निवेश,17 हजार को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निवेश संवर्धन प्रयासों के फलस्वरुप ऊर्जा क्षेत्र और ज्यादा मजबूत हो रहा है। मप्र पॉवर सरप्लस राज्य के रूप में पहचान बना चुका है। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के मुख्यमंत्री के प्रयासों से अब इस क्षेत्र में नया निवेश आ रहा है। टोरेंट पॉवर और अडानी पॉवर जैसी बड़ी कंपनियों ने अब ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रदेश में काम करना शुरू कर दिया है।

टोरेंट पॉवर कंपनी 22 हजार करोड़ और अडानी पॉवर कंपनी 10 हजार 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार 17,000 को रोजगार मिलेगा। टोरेंट पॉवर 1600 मेगावॉट थर्मल प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश में 22 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी। टोरेंट पॉवर लिमिटेड को एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) से 1,600 मेगावॉट के कोयला आधारित बिजली संयंत्र की स्थापना के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओएल) दे दिया है।

» *मुख्यमंत्री की निवेश संवर्धन पहल का परिणाम*

### परियोजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक

इस संयंत्र के लिए कोयले का आवंटन एमपीपीएमसीएल की ओर से केंद्र सरकार की शक्ति नीति के अंतर्गत किया जाएगा। यह परियोजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी, जिससे पारंपरिक थर्मल यूनिट्स की तुलना में बेहतर दक्षता और कम उत्सर्जन मिलेगा। टोरेंट पॉवर का यह निवेश केंद्र सरकार के 2032 तक 80 गीगावॉट अतिरिक्त कोयला आधारित क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे ग्रिड को स्थिर करने के लिए आवश्यक बेसलोड क्षमता जुड़ेगी। इस परियोजना के निर्माण के दौरान 10 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एक नया ताप विद्युत संयंत्र स्थापित होगा

अडानी पॉवर मप्र में 800 मेगावॉट का ताप विद्युत संयंत्र 10 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से विकसित कर मध्यप्रदेश को बिजली आपूर्ति करेगी। इस परियोजना के तहत 800 मेगावॉट की क्षमता वाला एक नया ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह संयंत्र अनूपपुर जिले में स्थित होगा। संयंत्र को 54 महीनों में चालू किया जाएगा। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र विकसित करने और बिजली आपूर्ति के लिए लेटर ऑफ अवार्ड दे चुकी है।

## ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग के सभागार में आयोग के सदस्य सचिव सुरेश तोमर के मार्गदर्शन में महिलाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में कानूनी मामलों की विशेषज्ञ सुश्री शिखा छिब्बर ने बताया कि आईपीसी में महिलाओं के हित में कौन-कौन से कानून थे और भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में कौन-कौन से नए एक्ट जोड़े गए हैं। उन्होंने बताया यदि कोई व्यक्ति धोखाधड़ी करके, अपनी पहचान,धर्म जाति, उद्देश्य आदि छुपा कर, शादी का झूठा वादा कर के महिला के साथ यौन संबंध बनाता है तो वह सेक्शन 69 के तहत अपराधी होगा जिसे 10 साल तक की सजा हो सकती है।

## मंत्री सारंग करेंगे समिट का शुभारंभ

# एंटरप्रेन्योर एआई समिट- 2025 एआई टेक्नोलॉजी से बिज़नेस ऑटोमेशन पर होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में टीआईई (दि इंडस इंटरप्रेन्योर ) मध्यप्रदेश की ओर से ने एंटरप्रेन्योर एआई समिट 2025 का आयोजन 6 सितम्बर को मैरियट होटल में किया जा रहा है। समिट में सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग समिट का शुभारंभ करेंगे।

यह समिट उद्यमियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और प्रोफेशनल्स के लिए एक बड़ा अवसर है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर अपने व्यवसाय को और अधिक स्मार्ट, तेज़ और स्केलेबल बनाना चाहते हैं।

### यह कार्यक्रम का विस्तृत विवरण

*समिट-2025 सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। टाई एमपी के प्रेसिडेंट सावन लड्डा ने बताया कि यह समिट केवल एआई को समझने तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें एआई को वास्तविक रूप से लागू करने के लिए प्रैक्टिकल जानकारी और लाइव डेमो भी प्रस्तुत किए जाएंगे। व्यवसाय का भविष्य कैसे बदलेगा एआई प्रतिभागियों को ऐसी ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी और टूल्स से परिचित कराया जाएगा।*

## 5वें राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त राशि से होगा विकास

# मध्य प्रदेश में प्रत्येक ग्राम पंचायत में बनेंगे सुव्यवस्थित निर्बाध पहुंच वाले श्मशान घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्प के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 वें राज्य वित्त आयोग के तहत अधोसंरचना विकास अनुदान मद की राशि से प्रदेश में सुव्यवस्थित श्मशान घाटों का विकास किया जाएगा।

श्मशान घाटों के विकास कार्यों के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मप्र शासन आमजन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं प्रत्येक आश्रित ग्राम में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक न्यूनतम एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सहज तथा बारहमासी निर्बाध पहुंच वाले श्मशान घाट की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध है।

### भूमि आरक्षित कराने मप्र भू-राजस्व संहिता में प्रावधान

*इन मापदण्डों की अनुपलब्धता की स्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायत को राजस्व अभिलेखों से यह ज्ञात करना होगा कि ग्राम पंचायत के किस ग्राम में पहले से श्मशान घाट के लिए भूमि आरक्षित होकर श्मशान घाट है और किस ग्राम में नहीं है। प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रत्येक ग्राम में, जिसमें श्मशान के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, आवश्यक उपयुक्त भूमि आरक्षित कराने के लिए मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत संबंधित जिला कलेक्टर को आवेदन कर भूमि आरक्षित करानी होगी। जहां पहले से श्मशान घाट है और आरक्षित भूमि की यदि समुचित फेंसिंग नहीं है, तो उस भूमि की फेंसिंग प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की ओर से तैयार किए गए मानकों के आधार पर कराई जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी तथा उपयंत्री उत्तरदायी रहेंगे। इसी प्रकार जनपद स्तर पर सहायक यंत्री, कार्यक्रम अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत, खण्ड पंचायत अधिकारी और जिला स्तर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत, परियोजना अधिकारी तथा पंचायत सेल उत्तरदायी होंगे।*

## भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान : मंत्री सिंह

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक हुए

# किसी ने प्रयास कर बच्चों में जगाई शिक्षा की अलख, किसी ने नई पद्धति से बनाया होनहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश दुनिया में भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यह शिक्षकों के आशीर्वाद और समर्पण का ही प्रतिफल है कि दुनिया के किसी भी देश में अच्छे शिक्षक की बात होती है, तो उसमें भारतीय भी होते हैं। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भोपाल के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के स्वागत उद्बोधन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आज जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों का सामर्थ्य शिक्षकों और माता-पिता के आशीर्वाद और समर्पण का प्रतिफल है। उनके प्रति आदरांजलि देना समाज का परम कर्तव्य है।

### बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे



बालाघाट के शासकीय मॉडल स्कूल के शिक्षक सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि वह वर्ष 2015 से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। तब स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 248 थी। आज यह 692 पहुंच गई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, एनआईटी, आईआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों में बच्चे सेलेक्ट हुए हैं। हमने स्कूल में मेंटॉरशिप की एक चेन तैयार की है। जिसके तहत शिक्षक बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे।

### डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया



शाजापुर के सदर वल्लभभाई पटेल सांदीपनी स्कूल के शिक्षक दिलीप जायसवाल बताते हैं। उन्होंने शिक्षण को पाठ्यपुस्तकों से आगे ले जाते हुए विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने हुक टीचिंग मेथड और श्सेल्फी स्टैंड प्रोजेक्ट जैसे नवाचारी तरीकों से छात्रों में सीखने की जिज्ञासा जगाई।

### 1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर प्राथमिक और उच्च शिक्षाएं दिलवाई



*मंदसौर के शासकीय हाई स्कूल की शिक्षिका डॉ. सुनीता गोधा ने बताया कि स्कूल में छात्र संख्या काफी कम थी। इसके बाद डॉ. गोधा ने गरीब तबके की युवतियों को शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ने का काम किया। उन्होंने 25 सालों के दौरान 1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा।*

## रातीबड़ और बैरसिया रोड पर कार्रवाई

# खनिज के 22 अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगाया डेढ़ करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रातीबड़ और बैरसिया रोड पर खनिज के अवैध उत्खनन का काम किया जा रहा है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए की रायल्टी का नुकसान हो रहा है। जिसको देखते हुए खनिज विभाग ने 22 मामले पकड़े गए हैं। जिसमें 3 अवैध उत्खनन, 2 अवैध भंडारण, 17 अवैध परिवहन केस दर्ज किए गए हैं।

खनिज निरीक्षक सुचि माथुर का कहना है कि करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। सभी मामलों को कलेक्टर कोर्ट में पेश कर दिया गया है। रात में रेत की आने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है।

### एडीएम को दिया जिले का प्रभार

*भोपाल जिला खनिज अधिकारी का पद खाली होने से पहली बार इसका प्रभार एडीएम अंकुर मेश्राम को दिया गया है। अब खनिज से जुड़े मुद्दों की जांच और कार्रवाई काम इनके जिम्मे रहेगा। अभी तक ये प्रभार खनिज इंस्पेक्टर सुचि माथुर के पास था।*

## पेज एक का शेष...

### 9 घंटे पहले...

बजकर 23 मिनट तक पूर्ण चंद्रग्रहण लग जाएगा। जिसकी कुल अवधि 1 घंटे 22 मिनट की होगी। बता दें कि ग्रहण का आरंभ होने से पहले सूतक काल का आरंभ हो जाता है।

### लगता है हमने भारत...

में एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पीएम नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा कि लगता है कि हमने भारत और रूस को गहरे, अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। ईश्वर करे कि उनका भविष्य लंबा और समृद्ध हो। वहीं अपने साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस पोस्ट को लेकर सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस समय इस पोस्ट पर मेरी कोई टिप्पणी नहीं है।

**पूर्व अधिकारियों ने ट्रंप को दी भारत से संबंध सुधारने की नसीहतः** वहीं, इससे पहले तमाम पूर्व अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत के साथ संबंध सुधारने की नसीहत दी थी। इस कड़ी में पूर्व अमेरिकी एनएसए जॉन बोल्टन ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे पीएम मोदी रूस और चीन के करीब चले गए हैं। बीजिंग ने खुद को अमेरिका और डोनाल्ड ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन और पूर्व उप विदेश मंत्री कर्ट एम. कैंपबेल ने एक लेख में लिखा कि अमेरिका और भारत के संबंध को दोनों ही दलों (डेमोक्रेट और रिपब्लिकन) का समर्थन मिला है। इन संबंधों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की मनमानी को भी रोका है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साझेदारों को भारत को यह समझाने की कोशिश करनी चाहिए कि ट्रंप का व्यवहार अक्सर किसी समझौते की शुरुआत का संकेत होता है।

### ऑस्ट्रियाई अर्थशास्त्री...

दिया। तब से भारत में यह खाता बैन कर दिया गया है। फेहलिंगर-जहान ने एक्स पर लिखा- मैं भारत को तोड़कर एक्स इंडिया बनाने का आह्वान करता हूं। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी रूस के आदमी हैं। हमें खालिस्तान के लिए आजादी चाहने वाले दोस्तों की जरूरत है। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने इस मामले को लेकर कहा है कि इस मामले को लेकर इतना ध्यान नहीं देना है। वो पागल है उसके पास आस्ट्रिया का कोई आधिकारिक पद नहीं है।

### 1 लाख 50 हजार...

इसमें भी हमें आनंद की अनुभूति होगी। सरकार शिक्षकों के लिए हमेशा बेहतर काम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की प्रदेश के शैक्षणिक संवर्ग के सहायक शिक्षक, उच्च शिक्षक, नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षक, माध्यमिक शिक्षकों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा। इससे प्रदेश के 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इसके लिए जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा। सभी पात्र शिक्षकों को चौथे वेतनमान की सौगात वित्त वर्ष 2025-26 से मिलेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मान-सम्मान और उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए हमारी सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी।

**यह शिक्षक हुए सम्मानितः** समारोह में प्रदेशभर से चयनित 14 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इन्हें 25 हजार रुपए की सम्मान निधि, शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र दिए गए। इसमें गुना के जितेंद्र शर्मा, शाजापुर के दिलीप जायसवाल, सिवनी के दिलीप कटरे, दमोह के श्रीकांत कुर्मी, मोहन सिंह गौंड, खंडवा के श्रद्धा गुप्ता, उज्जैन की अपूर्व शर्मा, आलीराजपुर के धनराज वाणी, धार के राधा शर्मा, जबलपुर के डॉ. नरेंद्र कुमार उरमलिया, सागर के महेंद्र कुमार लोधी, रतलाम के विनीता ओझा, राजगढ़ के डॉ. सरिता शर्मा, बालाघाट के सौरभ कुमार शर्मा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त दमोह के माधव प्रसाद पटेल और मंदसौर की सुनीता गोधा को शॉल-श्रीफल, स्मृति चिह्न और 5 हजार रुपए की सम्मान निधि से सम्मानित किया गया।

**देश व समाज के निर्माता होते हैं शिक्षक : राज्यपाल** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ विवेकानंद जयंती पर संवाद कर इस दिशा में पहल की है। देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं। व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण करते हैं। भावी जीवन की सफलताओं के लिए तैयार करते हैं। उन्होने आधुनिक समाज में बच्चों की आत्महत्या की बढ़ती चुनौती के प्रति चिंता व्यक्त की।

### लव जिहाद की झांकी...

पुलिस ने मोर्चा संभाला। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। ऐहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। शुक्रवार को दुर्गेश्वरी सिद्धिविनायक गणेश जी की सवारी निकालने के दौरान ये बवाल हुआ। इस बार सवारी में लव जिहाद की झांकी दिखाई गई थी, जिसके बाद ऐसी झांकी विरोध करने के लिए मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग जमा हो गए।

### पायलट ने 'पैन-पैन'...

सेठ ने बताया कि दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया के विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने के बाद हमने सभी ऐहतियाती कदम उठाए और विमान सुबह 9.55 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरा। तय कार्यक्रम के अनुसार, विमान को सुबह 9.35 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतरना था। कंपनी प्रवक्ता ने कहा कि इंदौर में उतरते समय तेल फिल्टर में दिक्कत के कारण विमान उतर गया। पायलट ऐसे एहतियाती उपाय करने के लिए अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं। 'पैन-पैन' अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समुद्री और हवाई रेडियो कम्युनिकेशन में इस्तेमाल होने वाला एक संकेत है। इसका मतलब होता है कि विमान ऐसी इमरजेंसी स्थिति में है जिसमें तुरंत सहायता की जरूरत है लेकिन स्थिति जानलेवा नहीं है।

### बुलेट ट्रेन व कवच...

सुनते रहे। उधर, साहसिक भाषण पर ऑडिटोरियम में मौजूद श्रोताओं ने जोरदार तालियां बजाईं। दरअसल, मेयर के बेटे ने देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में स्व. निर्भय सिंह पटेल स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसमें वह विजेता बने। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता संघमित्र को मंच पर भाषण देने को कहा गया। मंच पर माइक थामते ही संघमित्र ने केंद्र सरकार की वादा-खिलाफी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट का आलम यह है कि हर साल 50 लाख से ज्यादा लोग टिकट लेकर भी यात्रा नहीं कर पाते। वादा था कि 2022 तक अहमदाबाद से मुंबई तक बुलेट ट्रेन दौड़ेगी, लेकिन 2025 आ गया और बुलेट ट्रेन सरकार के पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से बाहर नहीं आ पा रही है। सरकार दावा करती है कि कवच तकनीक से रेल हादसे रुकेंगे, लेकिन पिछले 10 साल में 20 हजार लोग रेल हादसों में मारे गए।

### शिल्पा शेट्टी और...

किया और इसी बीच राज कुंद्रा अपनी अपकमिंग फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 14 अगस्त को शिल्पा, राज और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता, व्यवसायी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ एक ऋण-सह-निवेश योजना के तहत ठगी की गई, जिससे उन्हें 60 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ।

### लगे 'सर तन से...

के नेतृत्व में निकाला गया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है और पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि जो भी लोग भड़काऊ नारेबाजी में शामिल पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो के आधार पर पहचान की जा रही।

### खंडवा में ईद ...

ही हिंदू संगठनों ने आक्रोश जताते हुए खंडवा-खालवा मार्ग को चार घंटे तक जाम रखा। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष धरने पर बैठे रहे और पुलिस कार्रवाई की मांग करते रहे। सूचना पर हरसूद एसडीएम आरसी खतेडिया, एसडीओपी लोकेंद्र सिंह खालवा तहसीलदार राजेश कोचले नायब तहसीलदार विनोद यादव व रोशनी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचे। उन्होंने संगठन पदाधिकारियों व ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को समझा।

### जीएसटी दर में कमी ...

बड़े होते हैं। वे राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है तो उसमें टैक्स का बेस बढ़ता है। यानी टैक्स देने वाले बढ़ते हैं। जैसे-जैसे टैक्स बढ़ता है तो टैक्स को कम भी करते हैं। टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की जेब में जाता है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है।

⏭|पहले चार स्लैब थे, अब दो किए गए, इसके पीछे की वजह क्या है?

⏭|एक चरण वो था एक चरण ये है। उस समय देश की स्थिति अलग थी, इस समय अलग है। जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू की गई। उसके पहले देश में 17 प्रकार के टैक्स लगते थे। इससे व्यापारी भी परेशान और प्रताड़ित होते थे। कई तरह के भ्रष्टाचार का भी सामना करना पड़ता था। जीएसटी के लिए राहुल गांधी कहते हैं गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली। गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली तो वो थी जिसे कांग्रेस ने कभी सुधारने की कोशिश नहीं की। पहले टैक्स पर टैक्स लगता था। आटे पर टैक्स लगता था, फिर ब्रेड पर टैक्स लगता था, फिर सैंडविच पर टैक्स लगता था। उसको भी समाप्त करना जरूरी था। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। यह प्रणाली जब आज अच्छी हो गई तो इसको दूसरे रूप में रिफार्म करने का काम किया गया है। आज अगर मोदी जी नहीं होते तो ऐसा फैसला करने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। 1947 से 2017 तक के 70 सालों में कुल 66 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष टैक्स से जोड़ पाए। 2017 से 2025 तक के आठ साल में हम 85 लाख टैक्स देने वाले जोड़ पाए हैं।

⏭|ऐलान के बाद फैसले के लिए बने मंत्रियों के समूह में आप भी थे, बताएं, कितने घबरा कर उस बैठक में गए थे?

⏭|कमेटी पहले से बनी हुई है। उस कमेटी में विचार पहले से चल रहा था कि किस वस्तु पर दर कम करनी चाहिए। यह बात सही है कि टैक्स का रेट कम किया गया है तो राज्यों में कुछ समय के लिए टैक्स में जरूर कमी आती दिखेगी, लेकिन यह बात भी है कि वह पैसा आम आदमी की जेब में जाएगा। ऐसे में आम आदमी की खरीदी की क्षमता बढ़ जाएगी। इससे टैक्स में भी इजाफा होगा। जहां तक विपक्ष का सवाल है तो उसका स्टैंडर्ड डबल स्टैंड वाला होता है। बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्वसम्मति बनाने का काम किया।

⏭|केंद्र सरकार को अपनी जेब से कितनी कटौती करनी पड़ी, सेस भी गायब हो गया, इसका कितना फर्क पड़ेगा?

⏭|केंद्र सरकार को इससे नुकसान भी हो रहा है, लेकिन इसके बाद भी ऐसे-ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं। सेस की जहां तक बात है कोयले पर चार प्रतिशत सेस लगता है। ये सेस विशेष मकसद से लगाया गया था। कोरोना के समय केंद्र और राज्यों का राजस्व गिर गया था। राज्यों के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने ऋण लिया था। उसको चुकाने के काम में सेस आता है। अक्टूबर 2025 तक यह ऋण पूरा हो जाएगा, इसलिए अब सेस की जरूरत नहीं रहेगी। कोयले पर जो सेस लिया जाता है, वह भारत सरकार के खाते में जाता है, अब जीएसटी में आने के कारण इसका 50 फीसदी राज्यों को मिलेगा। एक अनुमान के मुताबिक छत्तीसगढ़ सरकार को भी इससे दो से तीन हजार करोड़ हर साल मिलेंगे।

⏭|बैठक में कौन से ऐसे विषय थे जो करना तो चाहते थे, लेकिन सहमति नहीं बन पाई?

⏭|ऐसा कोई भी विषय इस बार जीएसटी काउंसिल में नहीं रहा जिस पर सहमति नहीं बन सकी हो और उसको अगली बार के लिए छोड़ दिया गया हो।

⏭|टैक्स अधिकारियों के टेरर को लेकर कोई बात हुई क्या इससे व्यापारियों को कैसे राहत दिलाए?

⏭|कोई भी टैक्स देने वाला कंफर्ट जोन में होना चाहिए, यह तय करना सबकी जिम्मेदारी है। मैं अपने अधिकारियों को कहता हूं कि अगर किसी के टैक्स देने में दस-बीस प्रतिशत की कमी भी है तो ऐसे केस को देखो ही मत। लेकिन जो लोग सैकड़ों फर्जी फर्म बनाकर काम करते हैं, सरकार के करोड़ों रुपए संगठित अपराध करके लूटने का काम करते हैं, उनको किसी भी हाल में छोड़ना नहीं है।

⏭|विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था की और के लिए कोई लक्ष्य तय है क्या?

⏭|प्रधानमंत्री ने इसके लिए जो लक्ष्य तय किया उससे तय है कि भारत 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। राज्य भी इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। हम भी प्रयास कर रहे हैं कि 2047 तक छत्तीसगढ़ कैसे विकसित राज्य बनेगा।

---

सीबीएसई नेशनल फुटबॉल बॉयज प्रतियोगिता

# सैनिक स्कूल कपूरथला ने सनबीम स्कूल प्रयागराज को हराया

## अंडर 14 में ओडियम ग्लोबल, कमला देवी स्कूल की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीपूल्स पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल बॉयज प्रतियोगिता के तीसरे दिन ग्राउंड नंबर 2 पर पहला मुकाबला सनबीम स्कूल प्रयागराज एवं सैनिक स्कूल कपूरथला के बीच खेला गया, जिसमें सैनिक स्कूल कपूरथला ने यह मैच 3/0 से जीत लिया। अगला मुकाबला डालमिया विद्या मंदिर एवं मॉडर्न स्कूल वसंत विहार के बीच खेला गया जिसमें डालमिया विद्या मंदिर राजस्थान ने यह मुकाबला 3/ 2 से जीत लिया। दिन का अगला मुकाबला एस्टर पब्लिक स्कूल नोएडा एवं इंडियन स्कूल ओमान के बीच खेला गया जिसमें एस्टर पब्लिक स्कूल ने यह मुकाबला 3/0 से जीत लिया।



अंडर 14 आयु वर्ग से चौथा मुकाबला ओडियम ग्लोबल स्कूल एवं टॉक पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें ओडियम ग्लोबल स्कूल ने यह मुकाबला 6/0 से जीत लिया। दिन का पांचवा मुकाबले के आई आई टी वर्ल्ड स्कूल गुड़गांव एवं मदीना पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें मदीने पब्लिक स्कूल ने के आई आई टी वर्ल्ड स्कूल को 4/0 से हराया। दिन का अगला मुकाबला कमला देवी पब्लिक स्कूल एवं फैप्स स्कूल कुवैत के बीच खेला गया जिसमें कमला देवी पब्लिक स्कूल ने फैप्स कुवैत को 8/0 से हराया।

### अंडर -19 में वेदास इंटरनेशनल, कमला देवी पब्लिक स्कूल की जीत

वहीं अंडर -19 आई वर्ग से ग्राउंड नंबर वन पर पहला मुकाबला सेंड अर्नाल्ड स्कूल एवं वेदास इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया,जिसमें वेदास इंटरनेशनल स्कूल ने सेंड अर्नाल्ड को दो एक से हराया। दिन का अगला मुकाबला भवंस विद्या मंदिर एवं कमला देवी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें कमला देवी पब्लिक स्कूल ने भवंस विद्या मंदिर को तीन जीरो से हराया।

### अंडर -19 आयु वर्ग में सनबीम प्रयागराज,सिगनिस वर्ल्ड बडौदा और फैकल्टी हाई सेकेंडरी स्कूल ने जीते मुकाबले

अगला मुकाबला अंडर -19 आयु वर्ग से पीपुल्स पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सनबीम स्कूल प्रयागराज के बीच खेला गया जिसमें सनबीम स्कूल ने पीपुल्स पब्लिक स्कूल को दो जीरो से हराया। दिन का अगला मुकाबला सिगनिस वर्ल्ड स्कूल बड़ोदरा एवं प्रिंस अकैडमी राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें सिगनिस वर्ल्ड स्कूल बडौदा ने यह मुकाबला तीन एक से जीत लिया। दिन का अगला मुकाबला फैकल्टी हाई सेकेंडरी स्कूल एवं ममता मॉडर्न स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया, जिसमें फैकल्टी हाई सेकेंडरी स्कूल ने यह मुकाबला 1/0 से जीत लिया।

---

जन्मदिवस पर हीरोज क्लब में जुटे प्रशंसक

# जहां हॉकी के जादूगर का हुआ अंतिम संस्कार, आज वहां विशाल प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐतिहासिक झांसी नगरी और हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद की कर्मभूमि है। यहां मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन जिसे खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, के अवसर पर हजारों प्रशंसकों के साथ पूर्व ओलंपियन और उनके सुपुत्र अशोक कुमार भी पहुंचे। इसके बाद झांसी के प्रबुद्ध नागरिकों और जन मानस द्वारा हॉकी जादूगर की अंतिम क्रिया, झांसी हीरोज क्लब के पथरीले मैदान पर खेलकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अशोक कुमार ने बताया कि इसी मैदान से एक अदने से सिपाही ने लकड़ी की हॉकी को जादुई हॉकी बनाकर विश्व में गुलामी के दौर में भारत का डंका बजा दिया। झांसी वीरों के मैदान में ही दाह संस्कार पूर्ण किया गया, जिसका दूसरा उदारहण नहीं है, उस स्थान पर मूर्ति भी स्थापित हो गई है। इस कार्य में तत्कालीन सांसद पं. विश्वनाथ शर्मा का अमूल्य योगदान रहा। 2023 में उप्र सीएम आदित्यनाथ योगी ने हॉकी के जादूगर का म्यूजियम बनवा कर विश्व को अमूल्य तोहफा दिया। इस अमूल्य संग्रहालय के रचयिता, संकल्प कर्ता, खोज कर्ता हेमन्त चन्द्र दुबे 'बबलू' की मेहनत और लगन ने खेल संग्रहालय को साकार रूप प्रदान किया। इस तस्वीर में बब्लू सफेद शर्ट में (बाएं से दाएं) 9वें नंबर पर बिना कैप के खड़े आनंद विभोर दिखाई दे रहे हैं।

---

# आज सत्येंद्र जाएंगे लंदन, इंग्लिश चैनल पार करने देंगे प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पद्मश्री एवं अंतरराष्ट्रीय पैरा स्विमर डॉ. सत्येंद्र सिंह लोहिया कल 6 सितंबर को लंदन रवाना हो रहे हैं, जहां वे बैतूल निवासी दिव्यांग तैराक रामबरन पाल को इंग्लिश चैनल पार करने के लिए प्रशिक्षण देंगे। रामबरन पाल, जिनकी दिव्यांगता 45% है, वर्तमान में बैतूल नगर निगम में स्विमिंग कोच के रूप में कार्यरत हैं। श्री लोहिया उन्हें 20 दिनों तक विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिसके उपरांत 20 सितंबर से 26 सितंबर के बीच रामबरन पाल इंग्लिश चैनल पार करने का प्रयास करेंगे। यह ऐतिहासिक प्रयास न केवल मध्यप्रदेश बल्कि सम्पूर्ण भारत के लिए गौरव का विषय होगा। इस उपलब्धि से दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास और खेलों में भागीदारी को नई प्रेरणा मिलेगी।

---

प्ररूप दस
(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील एम.पी. नगर, ज़िला भोपाल म.प्र. (श्री दीपक द्विवेदी), तहसील- एमपी नगर, जिला- भोपाल**

**// सार्वजनिक नोटिस //**

जावक क्रमांक .............

मामला क्रमांक- 0948/अ-6/2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री शिवकुमार सरपटा पिता पूरन मल सरपटा निवासी- राजोरा 'फार्म' म.न.5 मकान खजूरी कला द्वारा ग्राम खजूरी कला खसरा क्रमांक- 31/3,31/2,39/2 एवं 39/2/6,39/6 रकबा 0.0930 हे. कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 08/09/2025 को बजे स्थान एमपी नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**तहसीलदार,**
**तहसील एम.पी. नगर वृत भोपाल**

---

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

### नाम परिवर्तन

मैं लावण्य मई शर्मा पुत्री श्री जे.सी. शर्मा, निवासी- प्लाट नं. 94-A, S-5, हैप्पी अपार्टमेन्ट, विजय नगर लालघाटी भोपाल (म.प्र.) मेरा नाम लावण्य मई शर्मा (Lavanya Mayee Sharma) है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, वोटर कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। मेरी दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम लावण्य मई शर्मा (Lavanya Mayi Sharma) दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। उपरोक्त दोनो नाम एक ही महिला के मेरे स्वयं के नाम है। अब मुझे लावण्य मई शर्मा (Lavanya Mayee Sharma) के नाम से ही जाना व पहचाना जावे

### नाम परिवर्तन

विवाह से पूर्व मेरा नाम मनीषा मलकानी , पिता कमलेश मलकानी था। विवाह के पश्चात मेरा नाम परिवर्तित होकर अब जियाना खानचंदानी , पत्नी राहुल खानचंदानी के नाम से जाना जाता है। मेरा वर्तमान पताः मकान क्रमांक 60, ओल्ड सिंधी कॉलोनी, बैरसिया रोड, भोपाल (म.प्र.)।

### आवश्यकता

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-04 to 19-09-2025

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु:** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर:** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन:** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

---

## शब्द पहेली - 5980



**बाएँ से दाए-**
1.एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4.दान देने वाला-4
7.सवारी गाड़ी-2
8.संख्या,रत्न-2
10.जाप,मंत्र पाठ-2
12.आक्रमणकारी-5
14.अपशिष्ट पदार्थ-2
15.दिन,प्रहार-2
16.भीगा हुआ-2
17.शिशु,पैदा हुआ बच्चा-4
19.कीमती-4
20.आलसी,निष्ठाहीन-5
21.जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22.गारंटी,मुचलका-4
24.रिश्तेदार-2
25.शेर,नाहर-2
26.पिटाई,चोट-2
27.निम्नता,न्यूनता-5
31.परिणाम,निष्कर्ष-2
32.महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33.मूल,कंद-2
35. पितृपक्ष-2


**ऊपर से नीचे**
2.सवेरा,भोर-3
3.सांभर जैसा आहार -3
4.दैत्य,असुर-3
5.शहर-3
6.तरुण,जवान-4
9.एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11.ईश्वर,रब-7
13.डांट,फटकार, भर्त्सना -3,4
14.भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18.अधीन-3
19.निवेदन,प्रार्थना-3
21.असमतल-4
23.धमाका, सनसनी-4
27.करिश्मा-3
28.बारीक-3
29.कपड़े धोनेवाला-3
30.पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5979 का हल




## सूडोकु नवताल - 5990

★★★ मध्यम



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरें जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल - 5989 का हल



MANGAL SENACHA, BANGALORE

कृषि उपज गेंहू, सोयाबीन, धान, चना, मक्का, मूंग आदि निःशुल्क क्लीनिंग ग्रेडिंग करवा सकेंगे

# मंडी बोर्ड लगाएगा प्रदेश की 20 मंडियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड (मंडी बोर्ड) किसानों को और अधिक सुविधा मुहैया कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 मंडियों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स की स्थापना करने जा रहा है।

इन प्लांटों की स्थापना हो ने से किसान भाईयों द्वारा मंडी प्रांगण में लाई गई कृषि उपज गेंहू, सोयाबीन, धान, चना, मक्का, मूंग आदि निःशुल्क क्लीनिंग, ग्रेडिंग करवा सकेंगे। ग्रेडिंग कार्य कराने से किसानो को उनकी उपज का उचित मूल्य मंडी प्रांगण में प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंडियों को सर्वसुविधायुक्त एवं हाईटेक बनाने के निर्देशानुसार तथा मंडी बोर्ड के अध्यक्ष कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश शासन तथा भारत सरकार की मंशा अनुरूप किसानों की आय दो गुना करने के उद्देश्य से उठाया गया यह एक प्रयास है। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश की 20 मंडियों में 5 टीपीएच (टन प्रति घंटा) तथा 10 टीपीएच (टन प्रति घंटा) की क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग यूनिट्स इसी वित्तीय वर्ष में स्थापित की जा रही है। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

### इन मंडियों में लगेगें प्लांट्स

*प्रबंध संचालक पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश की उज्जैन, देवास, जबलपुरख, गुना, बदनावर, पिपरिया, नीमच, सतना, सिवनी, खंडवा, बुरहानपुर, अशोकनगर, गंजबासौदा, इटारसी, हरदा,जावरा, आष्टा,बैरसिया, सीहोर एवं आगर मंडी के प्रांगणों में क्लीनिंग, ग्रेडिंग एवं पैकेजिंग प्लांट्स स्थापित किये जा रहे है।*

### उपज की क्लीनिंग ग्रेडिंग कराने की सुविधा निःशुल्क मिलेगी

*मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहायक संचालक योगेश नागले ने बताया कि इस संबंध में टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इन प्लांट्स के स्थापित होने से प्रदेश के समस्त किसानों को निःशुल्क अपनी उपज की क्लीनिंग, ग्रेडिंग कराने की सुविधा मंडी प्रांगणों में सुलभता से उपलब्ध होगी।*

होंडा ने भोपाल में लांच की नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स

# सीबी125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 रुपए और शाइन 100 डीएक्स की कीमत 74,100 रुपए तय

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने राजधानी के होशंगाबाद रोड स्थित होंडा पावर शोरूम में कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने नई सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स पेश की। इस मौके पर ओम आटो होंडा के संचालक आशीष पांडेय सहित कंपनी अन्य अधिकारी मौजूद रहे। नई होंडा सीबी125 हॉर्नेट की कीमत 1,12,000 रुपए रखी गई है, जबकि शाइन 100 डीएक्स की कीमत 74,100 रुपए तय की गई है। सभी कीमतें एक्स-शोरूम भोपाल, मध्यप्रदेश की हैं। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों की ग्राहक डिलीवरी भी शुरू कर दी है।

### होंडा सीबी125 हॉर्नेट आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिजाइन में

*सीबी125 हॉर्नेट स्पोर्टी अंदाज और रोमांचक परफ़ॉर्मेंस के साथ 'राइड योर रिज' की भावना को दर्शाती है। वहीं शाइन 100 डीएक्स अपने उन्नत फीचर्स और प्रीमियम स्टाइलिंग के साथ अपनी परंपरा को आगे बढ़ाती है, जो ग्राहकों की उम्मीदों पर खरी उतरती है 'सॉलिड है'। होंडा सीबी125 हॉर्नेट आक्रामक स्ट्रीट-स्टाइल डिजाइन में हैं। यह चार आकर्षक रंग विकल्पों में उपलब्ध है। पर्ल सायरन ब्लू विद लेमन आइस येलो, पर्ल इग्नियस ब्लैक, पर्ल सायरन ब्लू विद एथलेटिक ब्लू मेटैलिक और पर्ल सायरन ब्लू विद स्पोर्ट्स रेड। इसमें सेगमेंट में पहली बार सुनहरे यूएसडी फ्रंट फोर्क्स दिए गए हैं। साथ ही इसमें ऑल-एलईडी लाइटिंग सिस्टम और 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जो ब्लूटूथ-सक्षम होंडा रोडसिंक कनेक्टिविटी के साथ आता है, जिससे नेविगेशन, कॉल और एसएमएस अलर्ट्स तक आसान पहुंच मिलती है।*

### हैडलैंप आकर्षक क्रोम गार्निशिंग के साथ दिया गया

*होंडा शाइन 100 डीएक्स प्रतिष्ठित 'शाइन' विरासत को एक नए, प्रीमियम डिज़ाइन के साथ आगे बढ़ाती है। इसमें नया डिजाइन किया गया हेडलैम्प आकर्षक क्रोम गार्निशिंग के साथ दिया गया है। चौड़ा और मस्कुलर फ्यूल टैंक, आकर्षक बॉडी ग्राफ़िक्स, ऑल-ब्लैक इंजन और ग्रैब रेल को क्रोम मफलर कवर से और भी निखारा गया है। यह चार शानदार रंगों में उपलब्ध है – पर्ल इग्नियस ब्लैक, इम्पीरियल रेड मेटैलिक, एथलेटिक ब्लू मेटैलिक और जेनी ग्रे मेटैलिक।*


## कार्यालय सेनानी 7वीं वाहिनी विसबल भोपाल

ई-मेलः- co7bn_saf@mppolice.gov.in

क्रमांक-7वी वाहिनी/विसबल./QM/1763-A/2025 दिनांकः 04/09/2025

// ई-निविदा सूचना //

7वीं वाहिनी विसबल भोपाल के अंतर्गत् म.प्र. पुलिस बैण्ड में एकरूपता हेतु ई-निविदा के माध्यम से 90 जोड़ सेरेमोनियल ड्रेस मय सिलाई एवं पुलिस बैण्ड सेरेमोनियल ड्रेस एसेसरीज क्रय किया जाना है, जिनके क्रय हेतु दर/ऑफर मूल्य प्राप्त किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | पुलिस बैण्ड सेरेमोनियल ड्रेस |
| 2 | पुलिस बैण्ड सेरेमोनियल ड्रेस एसेसरीज |

निविदा की विस्तृत शर्तें वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in पर देखी जा सकती हैं। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन एव परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त् उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा। इस हेतु ई-निविदा पोर्टल पर अदयतन रहें।

सेनानी
7वीं वाहिनी विसबल, भोपाल

G-18235/25 " स्वच्छता ही सेवा "



## कार्यालय पुलिस थाना छिपाबड जिला हरदा म.प्र.

थाना/छीपाबड/क्र/1314/25 दिनांक 24.07.25

अज्ञात मृतक पुरूष की विज्ञप्ति पत्र



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04/06/2025 को सूचना कर्ता पंकज भगत पिता सदाशिव उम्र 27 साल जाति पवार नि. टीआरडी कालोनी खिरकिया मे दिनांक 04/06/2025 को थाना छीपाबड आकर सूचना दी की रेल्वे विभाग मे पॉइंटमैन के पद पर पदस्थ हूं दिनांक 04/06/2025 को समय 01.30 बजे ड्यूटी के दौरान रेल्वे स्टेशन मास्टर खिरकिया द्वारा एक लिखित तहरीर दी है जिस मे एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 45 साल का शव भिरंगी पलासनेर रेल्वे स्टेशन के बीच खंम्बा नंबर 651/13,14 पर पडा है जिसकी सूचना पर थाना छीपाबड मे मर्ग क्र 37/25 धारा 194 बीएनएसएस की कायम कर जांच मे लिया गया है। मृतक पुरूष का हुलिया इस प्रकार है - नाम- अज्ञात मृतक पुरूष, उम्र करीबन 46 साल सफेद रंग की शर्ट, काला पेंट, लक्स कोजी की अंडरवेयर, काले जूते, काले मोजे जिसमे लाल रंग का निशान बना है पहने हुए है खंडवा से मथुरा जाने का रेल्वे टिकट इस संबंध मे कोई जानकारी मिलती है तो नीचे दिये गये नम्बरो पर सम्पर्क कर थाना छीपाबड जिला हरदा को बताने का कष्ट करे।

सम्पर्क - पुलिस कंट्रोल रूम हरदा - 7587619557, जांचकर्ता प्रआर 360 मुरारी दुबे - 9926827342, थाना प्रभारी उनि दिनेश रावत - 7509487506

थाना प्रभारी
थाना छिपाबड जिला हरदा म.प्र.

G-18189/25 " स्वच्छता ही सेवा "


यह मौजूदा स्वर्ण हॉलमार्किंग प्रणाली के अनुरूप है

# सरकार ने एचयूआईडी के साथ शुरू की चांदी के आभूषणों के लिए डिजिटल हॉलमार्किंग प्रणाली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चांदी के गहनों और अन्य वस्तुओं के लिए स्वैच्छिक हॉलमार्किंग शुरू हो गई है। सरकार ने उपभोक्ताओं के लिए धातु की शुद्धता सुनिश्चित करने को लेकर एक डिजिटल पहचान प्रणाली लागू की जाएगी। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने आईएस 2112:2025 के प्रकाशन के साथ अपने हॉलमार्किंग मानक को संशोधित किया है। यह पहले के आईएस 2112:2014 संस्करण का स्थान लेगा। इस संशोधन के साथ चांदी के आभूषणों और अन्य वस्तुओं के लिए हॉलमार्किंग विशिष्ट पहचान (एचयूआईडी)-आधारित हॉलमार्किंग शुरू की गई है। इससे पता लगाने की क्षमता में वृद्धि हुई है और यह मौजूदा स्वर्ण हॉलमार्किंग प्रणाली के अनुरूप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार नई प्रणाली के तहत उपभोक्ता बीआईएस केयर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके एक सितंबर, 2025 के बाद हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों के प्रकार, शुद्धता ग्रेड, हॉलमार्किंग तिथि, परीक्षण केंद्र का विवरण और जौहरी पंजीकरण संख्या की पहचान कर सकते हैं।

### इनमें 958 और 999 ग्रेड नए जोड़े गए हैं

*संशोधित मानक में सात शुद्धता ग्रेड... 800, 835, 925, 958, 970, 990 और 999... शामिल किए गए हैं। इनमें 958 और 999 ग्रेड नए जोड़े गए हैं। हॉलमार्क में तीन घटक होते हैं: 'सिल्वर' शब्द वाला बीआईएस मानक चिह्न, शुद्धता ग्रेड और एचयूआईडी कोड। देश में अभी चांदी के आभूषणों के परीक्षण के लिए बीआईएस द्वारा मान्यता प्राप्त 87 जिलों लगभग 230 गुणवत्ता जांच और हॉलमार्किंग केंद्र हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में, 32 लाख से अधिक चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग की गई। पिछला आईएस 2112:2014 मानक छह शुद्धता ग्रेड - 800, 835, 900, 925, 970 और 990 - में हॉलमार्किंग की अनुमति देता था। इसमें बीआईएस चिन्ह, शुद्धता ग्रेड, परीक्षण केंद्र पहचान और जौहरी पहचान चिह्न सहित चार-घटक हॉलमार्क प्रणाली शामिल थी।*

# सोनालीका ने की अगस्त माह में सर्वाधिक 10,932 ट्रैक्टरों की बिक्री

एजेंसी. नई दिल्ली

सोनालीका ट्रैक्टर्स वित्त वर्ष 2026 में आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहा है और कंपनी ने एक नया ऐतिहासिक प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने अगस्त की अब तक की सर्वाधिक 10,932 ट्रैक्टर बिक्री दर्ज की है ,जिसमें घरेलू बाज़ार में 28 फीसदी की मज़बूत वृद्धि शामिल है, जो स्थानीय कृषि आवश्यकताओं के अनुसार कंपनी की गहरी समझ को दर्शाता है। जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन मित्तल ने कहाकि किसानों का विश्वास अर्जित करने की सोनालीका नई ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए हमनें अब तक की सर्वाधिक 10,932 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री है।

### आईआईटी ने इतिहास रचा, एनआईआरएफ रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ

*नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने एक बार फिर भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय संस्थान रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। आईआईटी मद्रास ने इंजीनियरिंग शिक्षा में दशकों की उत्कृष्टता का इतिहास लिखा है। आज नई दिल्ली में एक पुरस्कार समारोह में इस रैंकिंग की घोषणा की गई। एनआईआरएफ 2025 में 'इंजीनियरिंग' श्रेणी' में लगातार 10वें वर्ष और 'सकल' श्रेणी में लगातार 7वें वर्ष नंबर 1 रैंक अपने नाम कर आईआईटी मद्रास ने भारतीय शिक्षा प्रणाली में पुनः परचम लहरा दिया है। भारतीय शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी रहने की अपनी दावेदारी पक्की कर ली है।*


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल
## माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03) भोपाल (म. प्र.) 462003

नि.आं.सू. क्र. 07/एन.एच.एम/2025-26/1174 भोपाल दिनांक 02/09/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) दो लिफाफा से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 निविदा जारी दिनांक तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :

ई-निविदा सूचना क्रमांक-07/2025-26 दिनांक 03.09.2025

| सं क्रं. | टेण्डर नं. 2025_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रू. | टेण्डर दर राशि रू. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_DHS _448539 | जिला चिकित्सालय राजगढ के नवीन भवन में Police Help and Facilitation Desk की स्थापना हेतु निर्माण। | 10.11 | 20220.00 | 2000.00 | 04 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट ( http://www.mptenders.gov.in ) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 04.09.2025 प्रातः 10.30 से दिनांक 19.09.2025 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट ( http://www.mptenders.gov.in ) पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रो मे नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशना
संभाग-भोपाल

G-18249/25 " स्वच्छता ही सेवा "


## बिजनेस न्यूज

### ज्योति पब्लिसिटी के संचालक का हर्षोल्लास मनाया गया जन्मदिन



**भोपाल।** मनोज सिंह राजपूत का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने उनको बधाई प्रेषित कर उन्हें दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वीरेंद्र पाठक, वीरेंद्र पप्पू राय, अशोक वाणी, राजेश कुंसारिया, श्याम पाराशर, जीतू राय, राहुल लोधी पंकज जी सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मेसी में जॉब फेयर का आयोजन



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में जॉब फेयर-3 का आयोजन किया गया था। इसमें बायोमेडिका लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, पार्क बेंज लेबोरेटरीज, विटामैक्स हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, जेलियस फार्मास्यूटिकल्स और पीबीआरआई जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने जॉब फेयर में भाग लिया। जिसमें 2024 और 2025 के पासआउट छात्रों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, उत्पादन, विपणन और प्रशिक्षु वैज्ञानिक जैसी विभिन्न पदों के लिए अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ़ फार्मेसी के निदेशक और अकादमिक डीन डॉ.एके सिंघई के स्वागत भाषण से हुई। जॉब फेयर-03 का समन्वय फार्मेसी स्कूल, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी की सहायक प्रोफेसर और टीपीओ मिस स्टेफी थॉमस द्वारा किया गया था। जॉब फेयर में विभिन्न कॉलेजों के लगभग 129 छात्रों ने भाग लिया। 75 छात्रों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की और 29 छात्रों को कंपनियों द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को आगे की प्रक्रिया के लिए कंपनी के अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा। अधिकारियों ने छात्रों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। एलएनसीटी समूह के सचिव डॉ. अनुपम चौकसे और एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रो.डॉ. एनके थापक ने इस कार्यक्रम को एक बड़ी सफलता बताते हुए सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और साथ ही विभाग को बधाई दी।

### भूपेंद्र गुप्ता ने संभाला एनएचपीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार



**भोपाल।** भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार का एक 'नवरत्न' उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार भूपेन्द्र गुप्ता ने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में ग्रहण किया। एनएचपीसी में शामिल होने से पूर्व, वह टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत थे। गुप्ता एसजेवीएन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। भूपेन्द्र गुप्ता के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और संचालन प्रबंधन में एमबीए की डिग्री है। उन्होंने 1991 में एसीसी लिमिटेड के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और 1995 में एसजेवीएन में शामिल होकर अपने सीपीएसयू करियर की शुरुआत की। जहां उन्होंने विभिन्न पदों पर 12 वर्षों तक कार्य किया। इस अवधि के दौरान, उन्होंने भारत की सबसे बड़ी संचालित जलविद्युत परियोजना, 1500 मेगावाट नाथपा झाकरी जलविद्युत संयंत्र के विद्युत-यांत्रिक उपकरणों की योजना, स्थापना और कमीशनिंग के साथ-साथ संचालन एवं रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डॉ.अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने किया अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन



**भोपाल।** नेत्र हॉस्पिटल श्रृंखलाओं में से एक डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने भोपाल के अरेरा कॉलोनी में अपनी नवीनतम अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन किया है। 5,760 वर्ग फुट में फैला यह नया अस्पताल शहर का सबसे बड़ा समर्पित नेत्र देखभाल केंद्र है, जो मध्य प्रदेश के लोगों के लिए विश्व स्तरीय नेत्र देखभाल को और अधिक सुलभ बनाने के मिशन पर केंद्रित है। डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल उन्नत उपचार, शल्य चिकित्सा और शल्य-क्रिया के बाद की देखभाल के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो सभी आयु वर्ग के रोगियों की सेवा करेगा।

### आईसीआईसीआई बैंक ने भोपाल में खोली दो नई शाखाएं

**भोपाल।** आईसीआईसीआई बैंक ने राजधानी के नीलबड़ और सलैया क्षेत्रों में दो नई शाखाएं शुरू की हैं। इसके साथ ही जिले में बैंक की शाखाओं की संख्या बढ़कर 32 हो गई है, जिनमें से प्रत्येक में एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इन शाखाओं में बचत और चालू खाते, फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉज़िट, तथा होम लोन, पर्सनल लोन, ऑटो लोन, बिजनेस लोन, गोल्ड लोन और एजुकेशन लोन जैसी विभिन्न ऋण सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, रेमिटेंस और कार्ड सेवाएँ भी दी जाएंगी। दोनों शाखाओं में लॉकर की सुविधा भी उपलब्ध है। इनका संचालन समय सोमवार से शुक्रवार तथा महीने के प्रथम, तृतीय और पंचम शनिवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। इन शाखाओं में टैब बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से बैंक का कर्मचारी टैबलेट डिवाइस का उपयोग कर ग्राहक के स्थान पर ही लगभग 100 तरह की सेवाएं प्रदान कर सकता है। इसमें खाता और एफडी खोलना, चेकबुक का अनुरोध करना, ई-स्टेटमेंट जनरेट करना और पते में बदलाव जैसी सेवाएँ शामिल हैं। आईसीआईसीआई बैंक की मध्य प्रदेश में 320 से अधिक शाखाएँऔर 440 से ज्यादा एटीएम एवं कैश रीसाइक्लिंग मशीनें हैं।

### एयरफ्लो रेल का आईपीओ 11 को खुलेगा

**मुंबई।** एयरफ्लो रेल टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने 11 सितंबर 2025 को अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 91.10 करोड़ जुटाना है। इश्यू का आकार 65,07,000 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपए प्रत्येक है, और कीमत सीमा 133 से 140 रुपए प्रति शेयर है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध राशि का उपयोग कुछ बकाया उधार के एक हिस्से की पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एंकर हिस्सा बुधवार, 10 सितंबर को खुलेगा और इश्यू सोमवार, 15 सितंबर 2025 को बंद होगा।

### पीएपीएल और एनसीओएल में समझौता

**भोपाल।** पीएपीएल ने जैविक, प्राकृतिक और बाजरा-आधारित उत्पादों के लिए देश के अग्रणी व्यापार मेले, बायोफैक इंडिया 2025 के 17वें संस्करण, में अपने जैविक और पुनर्योजी खेती मॉडल का प्रदर्शन किया। यह तीन-दिवसीय आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुआ। पीएपीएल के लिए एक मुख्य उपलब्धि रही और एनसीओएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर। यह सहकारी संस्था भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापित की गई है। यह समझौता पीएपीएल के प्रबंध निदेशक आशीष मोंडल और एनसीओएल के उनके समकक्ष विपुल मित्तल के बीच औपचारिक रूप से हस्ताक्षरित हुआ।

### नाकोडा ग्रुप ने किया पटेल बेवरेजेज़ के साथ को-पैकिंग एग्रीमेंट

**नई दिल्ली।** नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने पटेल बेवरेजेज प्रा. लि. के उत्पादों के निर्माण, आपूर्ति और को-पैकिंग को उनके ट्रेड-नेम/ब्रांड-नेम "एनओसीटीआरएल" के तहत संगठित करने का निर्णय लिया है। इस एग्रीमेंट के जरिए नाकोडा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज लिमिटेड को उपभोक्ता उत्पाद खंड में विशेष रूप से बेवरेज, सॉफ्ट ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक सेगमेंट में प्रवेश मिलेगा। इससे कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो में विस्तार होगा। वहीं पटेल बेवरेजेज़ प्रा. लि. को एक नया क्लाइंट मिलने के साथ-साथ टर्नओवर और क्षमता उपयोग में बढ़ोतरी होगी। कंपनी के मौजूदा उत्पादों में विभिन्न किस्म के मखाने शामिल हैं, जिनकी बाजार में बढ़ती मांग है।

### विनीत नैय्यर टेक्नोलॉजी अवॉर्ड से गुरनानी सम्मानित

**नई दिल्ली।** दि कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अपने वार्षिक अवॉर्ड एवं व्याख्यान में आयोनोस के सह संस्थापक और वीसी सीपी गुरनानी को प्रतिष्ठित विनीत नैय्यर टेक्नोलॉजी अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया है। यह अवॉर्ड समारोह की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति एके पटनायक की उपस्थिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह द्वारा प्रदान किया गया।

### मारुति ने लांच की ऑल-न्यू विक्टोरिस 'गॉट इट ऑल'





**नई दिल्ली।** मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी नवीनतम एसयूवी विक्टोरिस लांच की। नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई विक्टोरिस हाइपर-कनेक्टेड टेक्नोलॉजी, ऑल-राउंड सेफ़्टी, भविष्यवादी और स्लीक डिज़ाइन तथा रोमांचक परफ़ॉर्मेंस का संगम है, जो वास्तव में एक ऐसी एसयूवी है जिसमें है 'गॉट इट ऑल'। पेट्रोल विद स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, ऑलग्रिप सेलेक्ट और सेगमेंट-फर्स्ट अंडरबॉडी टैंक डिज़ाइन वाली पर्यावरण-हितैषी एस-सीएनजी टेक्नोलॉजी के साथ उपलब्ध, विक्टोरिस आज के डायनामिक युवाओं के लिए व्यापक पावरट्रेन विकल्प प्रदान करती है। ग्राहक नई विक्टोरिस की बुकिंग 11,000 रुपए में कर सकते हैं।

### आरबीआई के अनुमोदन के बाद अमेजन ने एक्सियो का अधिग्रहण पूरा किया

**बेंगलुरु।** अमेजन ने घोषणा की है कि उसने भारतीय रिज़र्व बैंक से नियामक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद, भारत में अग्रणी डिजिटल ऋण और चेकआउट वित्त प्रदाता, एक्सियो का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया है। एक्सियो के साथ अमेज़न की मौजूदा साझेदारी भी है, जिसकी बदौलत छह वर्षों से अधिक समय से भारत में अमेज़न पे के लिए अभी खरीदें और बाद में भुगतान करें सेवाएं दी जा रही हैं। अमेजन में पेमेंट्स के वाइस प्रेसिडेंट महेंद्र नेरूकर ने कहाकि केवल 6 में से 1 भारतीय ग्राहक के पास चेकआउट फाइनेंसिंग का एक्सेस है, इसलिए क्रेडिट एक्सेस बढ़ाना अमेज़न की एक मूलभूत प्राथमिकता है। पिछले छह वर्षों में, एक्सियो के साथ हमारी साझेदारी से हम 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ऋण उपलब्ध करा पाए हैं।


## सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाएँ
## ARMED FORCES MEDICAL SERVICES



### चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के पद हेतू
### FOR THE POST OF MEDICAL OFFICER (SHORT SERVICE COMMISSION)

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में चिकित्सा अधिकारी (अल्प सेवा कमीशन) के रूप में योगदान हेतु इच्छुक शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं योग्य भारतीय नागरिकों (स्त्री एवं पुरुप) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

साक्षात्कार, **नवम्बर 2025** में **दिल्ली** में आयोजित किया जायेगा।

**रिक्तियों 225 (169 पुरुष + 56 महिला)**

**न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता - एमबीबीएस**

**आयु सीमा** - एमबीबीएस डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **30 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1996** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे) एवं स्नातकोत्तर डिग्री धारक अभ्यर्थी की आयु **31 दिसम्बर 2025** को **35 वर्ष** से कम होनी चाहिए (अर्थात जिनका जन्म **02 जनवरी 1991** को या उसके पश्चात हुआ हो, वही पात्र होंगे)

पात्रता शर्तो के लिए **13 सितम्बर 2025** के रोजगार समाचार पत्र / **Employment News** तथा www.join.afms.gov.in वेब्साइट देखें।

**ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण** www.join.afms.gov.in **वेब्साइट पर 13 सितम्बर 2025 से 03 अक्टूबर 2025 तक किया जा सकता हैं।**

Applications are invited from physically fit and mentally robust Indian citizens, both male and female, desirous of joining the AFMS as Medical officers (Short Service Commission)

Interview will be conducted at **Delhi** tentatively in the month of **November 2025.**

**Vacancy 225 (169 for male + 56 for female)**

**Minimum Educational Qualification MBBS**

**Age Limit Candidate must not have attained the age of 30 years as on 31 Dec 2025 if holding an MBBS Degree (only those born on or after 02 Jan 1996 are eligible) and must not have attained the age of 35 years as on 31 Dec 2025 if holding a PG degree (only those born on or after 02 Jan 1991 are eligible).**

For Eligibility Conditions, Application Format etc see Employment News / Rozgar Samachar issue of **13 Sep 2025** and the website www.join.afms.gov.in.

**Registration for online application will open from 13 Sep 2025 to 03 Oct 2025 on** www.join.afms.gov.in

**CBC 10601/11/0047/2526**

## चिंतन

# भारत-अमेरिका संबंधों को क्यों झकझोर रहे ट्रंप

लगता है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धीरे-धीरे सही, भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर गलती का अहसास होने लगा है। तभी तो वो कह रहे हैं कि लगता है कि हमने रूस और भारत को चीन के हाथों खो दिया। हालांकि उन्होंने यह बात व्यंग्य के रूप में ट्रुथ सोशल पर लिखी। साथ ही उन्होंने एससीओ समिट की तस्वीर शेयर करते हुए संकेत दिया है कि रूस और भारत के चीन की तरफ जाने को वह अमेरिका के साथ रिश्ते खत्म करने की तरह देख रहे हैं। ट्रंप के इन शब्दों से लगता है कि उन्हें अंदर खाते यह अहसास होने लगा है कि उनकी सनक के कारण भारत से अमेरिकी संबंध सरातल में पहुंच गए हैं। एक के बाद एक भारत को झटके देने वाले ट्रंप अब खुद तरह-तरह की बयानबाजी कर रहे हैं। चाहे भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को रोकने का बार-बार किया गया विवादास्पद दावा हो, पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ होने के कारण सैन्य टकराव को भड़काने की बात हो, पाकिस्तानी सेना प्रमुख को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करना हो या रूस के साथ भारत के वैध संबंधों के लिए उसे दंडित करना हो। वो हमेशा अपनी सनक पर ही चलते रहे। असल में अमेरिकी राष्ट्रपति स्थापित परंपराओं के अनुसार चलने की परवाह नहीं करते। ऐतिहासिक मिसालें या परंपराएं ट्रंप के लिए कोई मायने नहीं रखती, जो अक्सर राजनीति को निजी सनक और लाभ के साथ जोड़ देते हैं। डोनाल्ड ट्रंप कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत बताकर तो कभी टैरिफ पर टैरिफ लगाकर भारत पर व्यापारिक समझौते के लिए दबाव बनाने की कोशिश करते रहे। भारत झुकने को तैयार नहीं हुआ तो एक के बाद एक दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाकर दबाने का प्रयास किया। असल में ट्रंप अमेरिका में उत्पादन बढ़ाने का दावा भी करते हैं। कभी वो एप्पल के सीईओ को धमकाते हैं तो कभी एआई कंपनी से अमेरिकी सरकार के नाम शेयर करवाते हैं। ट्रंप एक कारोबारी हैं और फिर भी यह समझने को तैयार नहीं कि यदि पिछले वर्षों में अमेरिका के कारखाने अन्यत्र स्थानांतरित हो गए तो उसका कारण अमेरिका में श्रम का महंगा होना था। खुद अमेरिकी कारोबारी ज्यादा मुनाफे के लिए अपने कारखाने अन्य देशों में ले गए। इससे अमेरिका के लोगों को सस्ता सामान मिलने लगा। भले ही ट्रंप यह मानकर चल रहे हों कि अब वे सब कारखाने अमेरिका आ आएंगे, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है। कारखाने रातोंरात नहीं लगते और यदि कुछ छोटे कारखाने लग भी जाएं तो महंगे श्रम के कारण उनमें तैयार वस्तुएं अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं के मुकाबले महंगी होंगी। आखिर जो सामान विश्व के अन्य देशों में सस्ते में बन सकता है, उसे अमेरिका में महंगा बनाकर वहां के कारोबारी क्या हासिल कर लेंगे। पता नहीं किस अर्थशास्त्री ने ट्रंप को यह समझाया कि वह टैरिफ बढ़ाकर राजकोषीय घाटा कम कर लेंगे। राजकोषीय घाटा इस तरह कम नहीं होता और न ही अंतरराष्ट्रीय व्यापार एक-दूसरे पर समान टैरिफ के आधार पर होता है। कारखानों में तैयार वस्तुओं की लागत के पीछे अनेक कारण होते हैं, लेकिन ट्रंप की सनक है कि कम होने का नाम ही नहीं ले रही। एक दिन पहले ही अमेरिकी कोर्ट में ट्रंप प्रशासन ने दावा कर दिया कि भारत समेत दुनिया भर के देशों में लगाए गए टैरिफ बहुत जरूरी हैं। लगता है ट्रंप और उनके सलाहकार यह सब समझने को तैयार नहीं हैं कि टैरिफ से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिका का ही होगा।



## विवादित बयान

प्रमोद भार्गव

# तेल खरीद में जातीय विभाजन की आग

> अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। वर्तमान में भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

धर्म और जाति भारत की कमजोर कड़ियां रही हैं। इसकी शुरुआत फिरंगी हुकूमत ने भारत में धर्म के आधार पर बंगाल के विभाजन के साथ की थी, जो कालांतर में अंग्रेजों की कुटिल चाल के परिणाम में भारत विभाजन का मुख्य आधार बनी। अब अमेरिका के भारत विरोधी वाचाल व्यापारी पीटर नवारो एक बार फिर इसी नुस्खे को तूल देकर जातीय वैमनस्य की चिंगारी भड़काने की कोशिश में हैं।

भारत पर लगाए 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका से असंतुष्ट देशों में खासतौर से रूस, भारत, चीन अर्थात आरआईसी ट्राइका शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में मजबूती से खड़ा होता दिखा। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नींद हराम हो गई। नतीजतन इसी परिप्रेक्ष्य में ट्रंप के आधिकारिक व्यापारिक सलाहकार पीटर नवारो ने रूस से तेल आयात पर निशाना साधते हुए कहा कि 'ब्राह्मण भारतीय जनता की कीमत पर मुनाफाखोरी कमा रहे हैं।' दरअसल एससीओ का तियानजिन में एकत्रीकरण ट्रंप के टैरिफ के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दबाव का ऐसा प्रभावी संकेत है, जो न केवल अमेरिका, बल्कि जी-7 और यूरोप की आर्थिक शक्ति को भी संतुलित करने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। नवारो ने एक साक्षात्कार में कहा कि 'देखिए, नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के महान नेता हैं, लेकिन वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ खड़े हैं। मैं कहना चाहूंगा कि भारतीय जनता समझे कि यह क्या हो रहा है। आपके पास जो ब्राह्मण हैं, वे भारतीय लोगों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। हमें इसे रोकने की जरूरत है। यानी पूंजीपति देश का एक उद्योगपति भारत की जनता को बताएगा कि वह क्या करे? मसलन दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता नासमझ है। देश की वह जनता नादान है, जिसने आपातकाल में तानाशाह के रूप में पेश इंदिरा गांधी की सरकार को बदल दिया था? इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भारी बहुमत से जीते राजीव गांधी की सत्ता को इसलिए बेदखल कर दिया था, क्योंकि साहबानो प्रकरण को लेकर राजीव गांधी इस्लामी कट्टरवादियों के दबाव में आ गए थे। इसी जनता ने उन मनमोहन सिंह को सत्ताच्युत कर दिया था, जिन्होंने देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों को सौंप देने की वकालत शुरू की थी और फिर इसी जनता ने देश की कमान उन नरेंद्र मोदी को सौंप दी थी, जो अपने बाल्यकाल में पिता की मदद के लिए रेल के डिब्बों में चाय बेचा करते थे। इन्हीं मोदी को जागरूक मतदाताओं ने फिर से 2019 में जिताया, क्योंकि सुरक्षा सैनिकों को ले जाने वाले एक वाहन को पुलवामा में आत्मघाती आतंकी हमलावर, सीआरपीएफ के 46 जवानों की शहादत का कारण बना था। इस जघन्य घटना का बदला लेने के लिए मोदी ने बालाकोट में वायुसेना से सीमा पार सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देकर आतंकी समूह जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। 2024 के आम चुनाव में इन्हीं मोदी पर देश देश की

जनता ने फिर विश्वास किया और तीसरी बार सत्ता की कुंजी मोदी को सौंप दी। साफ है, जनता उन विदेशी उपदेशकों के बहकावे में आने वाली नहीं है, जो मोदी पर नाजायज दबाव बनाकर अपने अनैतिक हित साधने के



फेर में हैं। दोहरे मापदंड वाले ट्रंप भारत को रूस से तेल खरीदने पर अतिरिक्त शुल्क के रूप में जुर्माना लगा रहे हैं, जबकि भारत, चीन और यूरोपीय देशों की तुलना में कम ईंधन खरीदता है। पीटर नवारो इन देशों के ब्राह्मणों, अर्थात कुलीन वर्ग या कारपोरेट घरानों के लिए क्या कहेंगे ? नवारो भारत के विरुद्ध अनर्गल प्रलापों के लिए जाने जाते हैं। नवारो ने इसके पहले, यूक्रेन संघर्ष को 'मोदी का युद्ध आंशिक रूप से नई दिल्ली होकर गुजरता है' का लांछन लगाया था। इसका सटीक उत्तर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह कहते हुए दिया है कि 'नवारो ने भारत पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध-मशीन को वित्तपोशित करने का आरोप लगाया है, जबकि फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर किए हमले के बहुत पहले से पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा है। उसी मात्रा में आज भी रूस तेल निर्यात कर रहा है। अर्थात निवारों का बयान भारत, रूस और चीन की एससीओ की बैठक में देखने में आई जुगलबंदी का नतीजा है। चूंकि अब ट्रंप अपने ही देश में बेतुके अड़ियल रुख के कारण घिरते जा रहे हैं। अवाम में नाराजगी बढ़ रही है। अमेरिका के अरबपति रे डेलियो ने तो यहां तक कह दिया कि 'ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 1930 के दशक जैसी तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। निवेशक ट्रंप के डर से चुप हैं। धन एवं मूल्यों की खाई और टूटता भरोसा अमेरिका को चरमपंथी नीतियों की ओर धकेल रहा है।' निवारो का जातिसूचक बयान एक ऐसी साजिश का सूचक है, जो भारत में शहरी नक्सली और वर्णभेदी वामपंथी बीजरूप में आजादी के बाद से ही बोते रहे हैं, जिससे भारत जातीय कुचक्र की आग में जलने लग जाए। इसमें कोई दो राय नहीं कि भारत में जाति की जड़ें आज भी गहरी हैं। लेकिन बीते 75-80 सालों में जनता बौद्धिक-विवेक के रूप में इतनी परिपक्व हो गई है कि वह अब किसी बाहरी व्यक्ति के बहकावे में आने वाली नहीं है। वह जानती है कि भारत में तेल का व्यापार करने वाले जो भी चंद उद्योगपति हैं, उनमें ब्राह्मण कोई नहीं है। यह बयान केवल भारतीय समाज की सामाजिक संरचना में व्यर्थ हस्तक्षेप और जातिगत विद्वेश भड़काने की निर्लज्ज कोशिश है।

हालांकि यह संभवतः अपवाद है कि किसी परदेशी उद्योगपति के मुख से जातिगत व्यवस्था को भारत सरकार की विदेश नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। नवारो ने जातिसूचक शब्द ब्राह्मण का जो प्रयोग किया है, उसे अभिजात्य या कुलीन वर्ग को लांछित करने के रूप में भी देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष का कहना है कि बोस्टन ब्राह्मण शब्द अमेरिका में न्यू इंग्लैंड से जाकर बसे धनी वर्ग के लिए प्रयोग में लाया जाता था। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी इस शब्द को एलीट क्लास से जोड़ा है। दरअसल एक समय अमेरिका के बोस्टन में धनी सुशिक्षित प्रोटेस्टेंटों का एक समुदाय था। ये लोग 18वीं और 19वीं सदी में ताकतवर समुदाय थे।

ये अमेरिका के उपनिवेशवादियों के वंशज थे। इन लोगों ने व्यापार में अपने को खफा दिया और सफलता के शिखर छू लिए। अब भारत में शैक्षिक उन्नति, सह-शिक्षा और बहुराष्ट्रीय कंपनियों में पेशेवर युवक-युवतियों की बड़ी संख्या में भागीदारी के चलते अन्तर्जातीय व अन्तर्धार्मिक विवाह आम बात हो गई है। बहुत कुछ जातीय कुचक्र टूट गया है। अलबत्ता यह भी देखने में आ रहा है कि जिस किसी भी वर्ग या जाति के लोग राजनीति, नौकरी या व्यापार में सशक्त होते जा रहे हैं, वे उसी ब्राह्मणवादी व्यवस्था के अनुगामी बनते जा रहे हैं, जिसे एक एमय वे कोसते रहे हैं। भारत में निरंतर जातीय समन्वय बढ़ रहा है। अतएव अब वे किसी परदेसी के बचकाने बयान के बहकावे में आने वाले नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail..com पर दे सकते हैं।

## सोशल मीडिया

डॉ. मोनिका शर्मा



# मनगढ़ंत बातों से सनसनी फैला रहे वीडियो


हाल ही में राजस्थान में शादी से जुड़ी एक प्रथा को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक युवती द्वारा प्रदेश की मनगढ़ंत रस्म को लेकर बातें की गईं। दुखद है कि उसके विचार समग्र को ठेस पहुंचाने वाले तो थे ही, साथ ही स्त्रियों का अपमान करने वाले भी थे। युवती ने पूरी अभद्रता से साथ यह दावा किया कि राजस्थान में शादी से पहले विवाहिता को ससुर व देवर के साथ संबंध बनाने होते हैं। इसके बाद ही विवाहित महिला पति से संबंध बना सकती है। जबकि समृद्ध रीति-रिवाज के लिए मान पाने वाले देश के इस राज्य में ऐसी कोई प्रथा या यूं कहें कि कुप्रथा प्रचलित नहीं है। अफसोसनाक है कि यह युवती इस वीडियो में यह कहने से भी नहीं चूकी कि विवाहित महिला के लिए गर्भवती होने पर अपना पहला बच्चा गिराना अनिवार्य होता है। मनगढ़ंत बातों की सनसनी फैलाने वाली इन बातों से लोगों में ना केवल भारी नाराजगी पैदा हुई बल्कि ये विचार हर किसी को हैरान-परेशान करने वाले भी रहे। ध्यातव्य है कि राजस्थान में ऐसी कोई परंपरा नहीं है। वहां के स्थानीय लोग भी इस वीडियो को देखकर व्यथित-विचलित हो गए, क्योंकि ऐसे किसी रिवाज के बारे में किसी ने भी कुछ देखा-सुना नहीं है। बाद में राजस्थान पुलिस ने भी युवती के दावे को फेक बताया। अभद्र बातें लिए इस वायरल वीडियो पर राजस्थान पुलिस द्वारा बाकायदा आधिकारिक प्रतिक्रिया देते हुए अपने एक्स अकाउंट पर कहा गया कि राज्य में ऐसी कोई परंपरा या रस्म नहीं है। राजस्थान पुलिस ने युवती के दावे को फर्जी बताते हुए लिखा, 'राजस्थान में शादी के बाद पहले ससुर, फिर देवर और फिर पति से संबंध बनाने और पहले बच्चे को गिराने का दावा पूरी तरह फर्जी, झूठा और भ्रामक है। ऐसी कोई परंपरा राजस्थान की संस्कृति में मौजूद नहीं है।' दरअसल, वर्चुअल दुनिया में चल रही कंटेन्ट परोसने की आपाधापी के चलते ऐसी मनगढ़ंत बातों वाले वीडियो हर ओर छाए हुए हैं। रीत-रिवाज से लेकर आध्यात्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जानकारियों तक को मनचाहे ढंग से साझा करने का यह दुस्साहस अति पार कर रहा है। कभी मज़ाक बनाना तो कभी सनसनी फैलाना ही बहुत से कंटेन्ट क्रियेटर्स का उद्देश्य रह गया है। जबकि ऐसी भ्रामक बातों का जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों की तीखी प्रतिक्रियाओं और रोष को संभालना मुश्किल हो जाता है।

इतना ही नहीं, बहुत से लोग संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था पर सवाल भी उठाने लगते हैं। यही वजह है कि राजस्थान में ऐसा कोई रिवाज होने की बात कहते इस वीडियो को लेकर भी पुलिस द्वारा लोगों से ऐसी अफवाहों और भ्रामक वीडियो पर ध्यान न देने की अपील की गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि ऐसी फर्जी खबरें फैलाना कानूनन दंडनीय अपराध है। सवाल यह है कि बेवजह बवाल मचाने वाली बातें करने की यह सोच क्यों बढ़ रही है? फेक जानकारियां और भ्रामक सूचनाएं फैलाने का बर्ताव क्यों विस्तार पा रहा है। जिस देश में सचमुच कई तरह की कुप्रथाएं आज भी स्त्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाए हुए हैं, वहां ऐसी किसी कुप्रथा से जोड़कर गैर-जिम्मेदाराना बातें करना वाकई अपराध से कम नहीं। हालांकि लाइक, कमेन्ट या व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए कुछ कह देने वाले बाद में अपनी बातों का खंडन भी करते नजर आते हैं। पीड़ादायी यह है कि एक देश हो या कोई राज्य, दायित्वबोध के बिना कही गईं अनुचित-अर्थहीन बातें समग्र समाज को भ्रमित करती है। मान-सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। यह सच है कि सोशल मीडिया मंच आमजन को अपने विचार रखने के लिए मिले हैं। अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता भी हमारे संवैधानिक अधिकारों में शामिल है।कुप्रथाओं पर सवाल उठाना भी उचित है।

अपनी राय देना और किसी विषय पर विमर्श करने को भी देश का हर नागरिक स्वतंत्र है। विचारणीय है तो यह कि सब कुछ कहने की आज़ादी के फेर में निरर्थक बातें ज्यादा होने लगी हैं। इस दुस्साहस के अनगिनत नुकसान हैं।आवश्यक है कि क्लिक भर में संसार के कोने-कोने में पहुंच जाने वाली वर्चुअल सामग्री से जुड़े जोखिमों को समझने का ठहराव बरता जाए। एक बार वायरल हो जाने के बाद सोशल मीडिया मंचों से तस्वीरों, वीडियो या सामग्री को हटाना भी बेहद मुश्किल काम होता है। संयम और मानवीय जिम्मेदारी की सोच के साथ इनका उपयोग किया जाए। साथ ही स्वनुशासन को भूल सीमाओं को लांघकर भ्रामक सूचना फैलाने या आपसी संवाद में आधारहीन बातों को साझा करने वालों को उचित दंड भी दिया जाए।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारा मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित

दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है।

## जीवन में, सब ईश्वर की दया ही है




संकलित

प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहाँ एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएँ दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं।

असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती


### समाज में शिक्षकों की भूमिका

यद्यपि हिंदी दिवस को हिंदी की तरह ही शिक्षक दिवस को भी शिक्षक के लिए प्रशंसा व महत्वपूर्ण उल्लेखों की बाढ़ आ जाती है, किन्तु शिक्षक की भूमिका समाज में कहीं अधिक सक्रिय, व्यापक तथा जीवंत रहती है और संपूर्ण बरस सामाजिक सोच की रडार के दायरे में रहती है। सर्वप्रथम भारतरत्न से तीन अध्यापकों को पुरस्कृत किया गया था। डा. राधाकृष्णन दार्शनिक शिक्षक, सीवी रमण वैज्ञानिक शिक्षक, राजगोपालाचारी लेखक शिक्षक को 1954 में अलंकृत किया गया उच्चतम सम्मान से। डा. अब्दुल कलाम, राष्ट्रपति-वैज्ञानिक-शिक्षक से पूछा गया कि पुनर्जन्म पर वे क्या बनना चाहेंगे, डा. कलाम का जवाब था एक शिक्षक। अपने भाषण के अंत में वे श्रोताओं के प्रश्नों का उत्तर देने में शिक्षक की महत्ता को प्रतिपादित करते रहे। -**परेश चौहान**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# यूक्रेन संघर्ष ग्लोबल साउथ पर डाल रहा असर : भारत


भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थायी शांति लाई जा सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, ''भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता।'' संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि ''भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।'' 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।



## ऑफ बीट

# अगर मन बदल जाए तो दिमाग क्या सोचता है

मनोवैज्ञानिक शोध के अनुसार, मन बदलने की प्रक्रिया को समझने के लिए 'मेटाकॉग्निशन' की अवधारणा का उपयोग किया जाता है। सरल शब्दों में, मेटाकॉग्निशन वे मानसिक और जैविक प्रक्रियाएं हैं, जो हमें बताती हैं कि हम किसी कार्य को कितना सही कर रहे हैं–जैसे हमारे भीतर की आवाज़ जो कहती है कि ''कुछ गड़बड़ है'' या ''सब ठीक चल रहा है।''आमतौर पर, जब हमें अपनी पहली पसंद पर भरोसा कम होता है, तब हम मन बदलते हैं। लेकिन शोध से पता चला है कि लोग उतनी बार मन नहीं बदलते जितना कि हम सोचते हैं, भले ही वे अपनी पसंद को लेकर असमंजस में हों। हालांकि, जब लोग अपना मन बदलते हैं, तो अक्सर वे बेहतर निर्णय लेते हैं। इस निर्णय क्षमता को ''मेटाकॉग्निटिव सेंसिटिविटी'' कहा जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि जब लोगों को समय की कमी में निर्णय लेना पड़ता है, तब वे बेहतर ढंग से तय कर पाते हैं कि उन्हें मन बदलना चाहिए या नहीं। मन बदलने से पहले ही दिखने लगती है मस्तिष्क की गतिविधि एक और दिलचस्प सवाल यह है कि हम कब मन बदलते हैं? ज़ाहिर है, यह पहली पसंद के बाद ही हो सकता है। लेकिन प्रयोगशाला में किए गए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की गतिविधि को पहली पसंद से पहले ही मापा और कुछ सेकंड पहले ही यह अनुमान लगाया जा सका कि वे मन बदलने वाले हैं।




## ट्रेंड

### पंजाब में जलप्रलय



पंजाब में जलप्रलय की स्थिति है। फसलें तबाह और बर्बाद हो गई हैं। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार पंजाब की जनता और किसानों के साथ खड़ी है। पंजाब को इस संकट से बाहर निकालने के लिए अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएँ बनानी होंगी।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जयंती पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें सादर नमन। शिक्षक अनुशासन, सम्मान और समानता का पाठ पढ़ाकर विद्यार्थियों का भविष्य संवारते हैं और समाज की मजबूत नींव का निर्माण करते हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आपदा में बह गए निर्माण



आपदा रुकने का नाम नहीं ले रही है। हमारे सालों के खून पसीने की कमाई स्वाहा हो रही है। जिंदगी लगाकर जिन घरों को बनाया, जिन सड़कों और पुलों का निर्माण किया आपदा के साथ बह गए।
**-जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जुनून की परीक्षा



ब्रह्मांड का अपना तरीका है। जुनून जितना ज़्यादा होगा, मुश्किलें उतनी ही ज़्यादा होंगी। क्योंकि ब्रह्मांड बस आपके जुनून की परीक्षा लेना चाहता है। इसलिए जान लीजिए कि मुश्किलें कब नामुमकिन हैं। ब्रह्मांड आपके साथ है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## बारिश-बाढ़ ने कई शहरों में मचाई तबाही

# पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ढाया कहर, अब तक 48 की मौत

## राष्ट्रपति ने बारिश के कारण हो रही परेशानी पर दुख जताया, एम्स ने लोगों के इलाज के लिए टीम भेजी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में बाढ़ महाविनाश का कारण बन रही है। पानी से अब तक 43 लोगों की मौत हो चुकी है। 23 जिलों के 1902 से अधिक गांव पानी की चपेट में हैं, जिससे 3.84 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। बारिश के कारण मौतों और लोगों की परेशानी पर राष्ट्रपति ने दुख जताया है। इसके साथ ही एम्स ने घायलों के इलाज के लिए एक टीम भेजी है। गांवों में बाढ़ग्रस्त लोगों और प्रशासन के बीच सीधा संपर्क स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रभावित गांवों में एक-एक गजटेड अफसर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं।

**खास बातें**

- पठानकोट में पहाड़ दरके
- लुधियाना में सेना ने संभाला मोर्चा
- रफ्तार पर लगा ब्रेक जाम में फंसे वाहन
- स्कूल और कॉलेज सब बंद

### भाखड़ा का जलस्तर खतरे के निशान से 1 फीट नीचे

हिमाचल के ऊपरी क्षेत्रों में हो रही जोरदार बारिश व बादल फटने की घटनाओं के चलते भाखड़ा डैम के जल स्तर में तेजी से होती वृद्धि को देखते हुए बीबीएमबी मैनेजमेंट से चारों फ्लड गेट 9-9 फीट तक खोल दिए। एक लाख से भी अधिक पानी की आमद के साथ भाखड़ा डैम का जलस्तर 1679 फीट पर पहुंच गया था। इस दौरान ट्रबाइनों व फ्लड गेटों के माध्यम से कुल 85 हजार क्यूसेक पानी की निकासी कर सतलुज दरिया के किनारे बसे निचले ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत मचा दी। भाखड़ा डैम से छोड़े गए 85 हजार क्यूसेक पानी में से नंगल डैम से निकलने वाली नंगल हाइडल व श्री आनंदपुर साहिब हाइडल नहर में 9-9 हजार जबकि सतलुज दरिया में 67 हजार क्यूसेक पानी जा रहा है जिससे हर्षा बेला, पत्ती दुचली, पत्ती टेक सिंह, सैंसोंवाल, एलगरां, बेला ध्यानी, बेला ध्यानी लोअर, बेला राम गढ़, शिव सिंह बेला, प्लासी, सिंघपुरा, जोहल, तर्फ मजारी, भलाण, कलित्रा, दड़ोली लोअर व दबखेड़ा में खतरा बढ़ गया है।

**हरियाणा में बाढ़ से हाहाकार**

### नेशनल हाईवे पर भरा पानी बारिश ने पांच और जानें ली

जलभराव के कारण हरियाणा की लाइफलाइन कहे जाने वाले छह नेशनल हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थमने लगी है। इन सभी पर नदियों का पानी बह रहा है। हाईवे पर कहीं वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे हैं तो कहीं लेन ही बंद है। हिसार में हांसी-बरवाला नेशनल हाईवे-148बी पर गांव चानौत के पास करीब एक किलोमीटर एरिया में पानी भरने से वाहनों को दूसरे रूट पर डायवर्ट किया गया है। गुरुवार को बारिश व जलभराव के कारण 5लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बह गया।



**यमुना में भी उफान**

### कालिंदी कुंज में घुसा पानी

दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पुराने लोहे के पुल की सड़क तक पानी पहुंचने की उम्मीद है। गुरुवार को पुराने रेलवे पुल पर नदी का जलस्तर 207.48 मीटर तक पहुंच गया था, जो इस सीजन का सबसे ऊंचा स्तर है। कुछ समय तक स्थिर रहने के बाद अब धीरे-धीरे इसमें कमी आनी शुरू हो गई है।



### दिल्ली में बाढ़ से पहली मौत शख्स की पानी में लाश मिली

दिल्ली में बाढ़ के पानी में डूबकर एक शख्स की मौत हो गई है। दो दिन पहले डूबे शख्स की लाश काफी तलाशी के बाद शुक्रवार को बरामद की गई। उत्तरपूर्वी दिल्ली के गढ़ी मेंधू गांव में ओमबीर नाम के शख्स की जान गई है। यमुना के पानी में मामूली गिरावट आई है, लेकिन दिल्ली के कई इलाके अब भी बाढ़ की चपेट में है।

### यमुना ने मथुरा वृंदावन में मचाया तांडव, सड़कें जलमग्न, बेघर हुए हजारों लोग

इन दिनों मथुरा-वृंदावन में यमुना ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। यमुना नदी घाटों से निकलकर कॉलोनियों और सड़कों पर नजर आ रही है। कई घाटों परपुलिस बल तैनात किया ह प्रभावित दर्जनों कॉलोनियों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों को नावों के जरिए सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया है।

---

**खबर संक्षेप**

### पहली टेस्ला कार महाराष्ट्र के मंत्री प्रताप ने खरीदी



**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में टेस्ला के नए शोरूम से पहली कार की डिलीवरी हो गई है। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने शुक्रवार को यह कार सौंपी गई। उन्होंने इसे इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की कोशिश बताया। सरनाइक ने जुलाई में पहला शोरूम खुलने के अगले दिन मॉडल वाई बुक कर दी थी।

### अनिल अंबानी को बीओबी ने फ्रॉड बताया



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद अब बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी के ऋण खाते को फ्रॉड के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। बताया गया कि उन पर इस कार्रवाई के लिए एक दशक से पहले दिए गए ऋणों के कथित दुरुपयोग का हवाला दिया गया है।

### 'बाबा' के पुजारियों को मिलेगी 90 हजार सैलरी



**वाराणसी।** मशहूर काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों को जल्द ही उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा मिलेगा और उनका वेतन 3 गुना तक बढ़ जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद की 108वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बताया कि अब उन्हें 80 से 90 हजार वेतन मिलने लगेगा। अभी 30 हजार था।

### जस्टिस श्रीचंद्रशेखर होंगे बॉम्बे हाईकोर्ट के सीजे



**नई दिल्ली।** जस्टिस श्रीचंद्रशेखर बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। कॉलेजियम की सिफारिश के बाद केंद्र ने इस नियुक्ति की घोषणा की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत के संविधान में दिए गए अधिकारों के तहत, सीजेआई से परामर्श के बाद यह फैसला लिया।

---

## केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट से सियासत में आग

# बी से बीड़ी- बी से बिहार पर फंसी कांग्रेस भड़की भाजपा तो मांगनी पड़ गई माफी

जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। इसलिए सफाई पेश करनी पड़ी।

**भाजपा ने पूरे विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया, आलोचना बढ़ी तो पोस्ट हटाया व सफाई दी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बी से बीड़ी और बी से बिहार पर कांग्रेस बुरी तरह से फंस गई है। इसके लिए कांग्रेस को माफी भी मांगनी पड़ी। इसके बाद पुरानी पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए कांग्रेस ने बीड़ी और बिहार की तुलना वाला ट्वीट किया था। इसके साथ उसने एक चार्ट भी शेयर किया था, जिसमें तंबाकू पर वर्तमान और प्रस्तावित दरों को दिखाया गया था। इसके बाद कांग्रेस की काफी ज्यादा आलोचना होने लगी थी। भाजपा ने इसको लेकर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। केरल कांग्रेस की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर कहा गया है कि हम देख रहे हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी से जुड़े चुनावी प्रचार पर हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। अगर किसी को हमारी बात से ठेस पहुंची है तो हम माफी चाहते हैं।

**जीएसटी सुधारों की आलोचना करते हुए चार्ट भी भेजा**

हमारी टिप्पणी को तोड़ा-मरोड़ा गया




**कांग्रेस की केरल इकाई ने यह लिखा**

कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बीड़ी-सिगरेट पर जीएसटी की नई दर लागू करने में सिगरेट के साथ पक्षपात की ओर संकेत करते हुए कहा कि बीड़ी और बिहार का पहला अक्षर (अंग्रेजी) के बी से शुरू होता है। बीड़ी में अब कोई बुराई नहीं मानी जाएगी। पार्टी ने अपनी पोस्ट में बताया है कि बीड़ी पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटा कर 18 फीसदी और सिगरेट पर 28 से बढ़ा कर 40 फीसदी कर दी गई है। केरल कांग्रेस के इस पोस्ट पर बिहार भाजपा ने भी कांग्रेस की कड़ी आलोचना की है।

**बाद में कांग्रेस ने पोस्ट डिलीट की**

कांग्रेस की इस पोस्ट को बीड़ी और बिहार की तुलना बताते हुए सियासी बवाल मचा, बाद में विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया, लेकिन तब तक इस पोस्ट के स्क्रीनशॉट कई लोगों तक पहुंच चुका था।

**भाजपा नेता हमलावर**



### इंडी गठबंधन की नफरत फिर सामने आई

इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इसको लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि यह बिहार के प्रति इंडिया गठबंधन की नफरत की झलक है। कांग्रेस ने एक बार फिर लाइन क्रॉस कर दी है। भाजपा प्रवक्ता ने आगे लिखा कि रेवंत रेड्डी से लेकर डीएमके तक कांग्रेस में बिहार लिए नफरत साफ है।

### अब पूरे बिहार का अपमान किया जा रहा



कांग्रेस की इस पोस्ट पर भाजपा नेता पूरी तरह से हमलावर हैं। बिहार के उप मुख्यमंत्री और बिहार भाजपा के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का अपमान करने के बाद कांग्रेस अब पूरे बिहार का अपमान करने पर उतर आई है। पीएम का भी अपमान किया था।

### बी मतलब बुद्धि जो कांग्रेस में नहीं



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता संजय कुमार झा ने इसे कांग्रेस की 'एक और शर्मनाक हरकत' कहा। उन्होंने हिंदी में लिखा, बी का मतलब सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि भी है, जो आप में नहीं है। बी का मतलब बजट भी है, जिस पर आपको जलन होती है जब बिहार को विशेष सहायता मिली। झा ने कहा कि बिहार का मजाक उड़ाकर कांग्रेस ने न केवल बिहार के लोगों का अपमान किया है, बल्कि देश के गौरवशाली इतिहास और लोकतंत्र का भी मजाक उड़ाया है।

### आपत्तिजनक बातें कही तो माफी मांगनी चाहिए



पटना में बिहार में कांग्रेस के सहयोगी दल आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव से जब केरल कांग्रेस द्वारा बिहार और बीड़ी की तुलना करने पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम पोस्ट देखे नहीं हैं तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते हैं, लेकिन बिहार को लेकर कोई आपत्तिजनक बातें कही है तो जरूर माफी मांगनी चाहिए।

---

## संसदीय स्थाई समिति की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए अनिल ने बोला केंद्र सरकार पर हमला

# एससी-एसटी व ओबीसी को मिले निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने संसदीय स्थाई समिति की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) वर्ग के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू करने की मांग दोहराई है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए एससी विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, आदिवासी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि मोदी सरकार जान-बूझकर एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि देश में बढ़ती जनसंख्या के साथ शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत थी, लेकिन सरकारी स्तर पर यह प्रयास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ी है, लेकिन वहां आरक्षण लागू न होने और महंगी फीस के कारण एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के बच्चे इन संस्थानों में पढ़ नहीं पाते हैं।

### केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 15(5) को लागू नहीं किया

गौतम ने बताया कि यूपीए सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान संविधान में अनुच्छेद 15(5) जोड़ा गया, जिसके तहत निजी शिक्षण संस्थानों में एससी को 15 प्रतिशत, एसटी को 7.5 प्रतिशत और ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 2008 और 2014 में इस प्रावधान को संवैधानिक ठहराया, लेकिन केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 15(5) को लागू नहीं किया। गौतम ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय स्थाई समिति की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए। रिपोर्ट के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों में एससी के केवल 0.89 प्रतिशत, एसटी के 0.53 प्रतिशत और ओबीसी के 11.16 प्रतिशत बच्चे ही पढ़ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति ने मोदी सरकार से इस दिशा में कानून बनाकर तुरंत अनुच्छेद 15(5) को लागू करने और निजी शिक्षण संस्थानों में एससी-एसटी, ओबीसी छात्रों को आरक्षण देने की सिफारिश की है।

### बहुजन समाज शिक्षा से वंचित

ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने भी केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह दौर एससी, एसटी और ओबीसी के लिए सबसे अंधकारमय रहा है। शिक्षा के निजीकरण और महंगी फीस के जरिए बहुजन समाज को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने आंकड़े पेश करते हुए बताया कि देश में 517 निजी यूनिवर्सिटी हैं, जिनमें कोई आरक्षण नहीं है। देश में 45 हजार से ज्यादा डिग्री कॉलेज हैं, जिनमें 78.5 प्रतिशत कॉलेज निजी हैं, इनमें आरक्षण नहीं है। उन्होंने ओबीसी के लिए क्रीमी लेयर की सीमा को संशोधित न किए जाने का मुद्दा भी उठाया।

---

**नीति आयोग ने दी केंद्र को सलाह**

## योजना बनाएं कि भारत 2030 तक दालों में 'आत्मनिर्भर' बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नीति आयोग ने दाल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार से सिफारिश की है। आयोग ने कहा है कि सरकार को ऐसी रणनीतियां अपनानी चाहिए, जिनसे वर्ष 2030 तक भारत दालों में आत्मनिर्भर बन सके। 2047 तक देश में दालों का उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति आयोग ने कहा कि उत्पादन में लगातार वृद्धि होगी। यह 2030 तक अनुमानित 34.45 मीट्रिक टन और 2047 तक 51.57 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगी। 2022 में इसका उत्पादन 26.06 मीट्रिक टन रहा। रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर दालों की मांग-आपूर्ति के अंतर का भी विश्लेषण किया गया है। ये अनुमान सकल उत्पादन, आयात, निर्यात, स्टॉक में बदलाव, बीज, चारे के उपयोग और बर्बादी जैसे कारकों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

**संघ और अनुषांगिक संगठनों की बैठक**

## 7 सितंबर तक चलेगी बैठक, 32 संगठनों के पदाधिकारी आए

एजेंसी ▶▶ जोधपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संघ प्रेरित संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को जोधपुर के लाल सागर स्थित आदर्श विद्यामंदिर में शुरू हुई। शुरुआत में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रथम सत्र में भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। संगठन मंत्र के सामूहिक वाचन के साथ आरंभ हुई बैठक में संगठनों के अपने-अपने क्षेत्रों में नए प्रयोगों का निवेदन हुआ। 7 सितंबर तक चलने वाली बैठक में 32 संगठनों के अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल होंगे। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि इस बैठक में प्रमुख रूप से सभी 6 सहसरकार्यवाह, विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार भी होंगे।

**केंद्रीय व्यापार मंत्री गोयल ने कहा**

केंद्र ने ढांचे में कमी करके लाभ दिया

## जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को मिले, केंद्र करेगा निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं को मिले यह सुनिश्चित करने के लिए केंद्र निगरानी रखेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नेयह आश्वासन दिया। उनके अनुसार उद्योग जगत ने भरोसा दिया है कि विभिन्न वस्तुओं पर करों में कटौती का असर उनकी कीमतों में दिखेगी। गोयल ने कहा कि ऐसा हो पा रहा है या नहीं, सरकार इसकी निगरानी करेगी। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। आवश्यक वस्तुओं पर कर को शून्य करने का निर्णय लिया गया है।

### अमेरिका के टैरिफ के कारण नहीं लिया गया जीएसटी में सुधार का फैसला



भाजपा के संवाददाता सम्मेलन में गोयल ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिका के फैसले के कारण मोदी सरकार ने जीएसटी के ढांचे में सुधार किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्यों और केंद्र के सचिवों व वित्त मंत्रियों के बीच लगभग एक साल तक चले विचार-विमर्श के बाद लिया गया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का किसी भी देश के किसी भी फैसले से कोई संबंध नहीं है। इतना बड़ा परिवर्तन रातोंरात नहीं हो सकता। अमेरिका ने टैरिफ का फैसला पिछले महीने ही लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखेगा कि उपभोक्ताओं को कम करों का पूरा लाभ मिले। राज्यों को भी इसकी निगरानी करनी चाहिए।

---

## मदनी काशी और मथुरा पर बातचीत के लिए सहमत

आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता बढ़ाएं

## संघ प्रमुख के सुझावों का किया समर्थन, मुस्लिम समुदाय साथ आए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस बयान का समर्थन किया है, जिसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि मथुरा और काशी हिंदू समुदाय को सौंप देने चाहिए। मदनी ने भागवत के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि आपसी मतभेद मिटाकर सहभागिता के लिए मुस्लिम समुदाय को साथ आना चाहिए। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनके संगठन ने पहले ही सहभागिता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि दोनों समुदायों के बीच मतभेद हैं जिन्हें कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

### हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करेंगे, मतभेदों को भुलाएं



मदनी ने कहा कि दोनों समुदायों के बीच बहुत सारे मतभेद हैं। मेरे संगठन ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि दोनों समुदायों के बीच बातचीत होनी चाहिए। मतभेद है लेकिन हमें उन्हें कम करने की जरूरत है। हम बातचीत के सभी प्रयासों का समर्थन करेंगे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मथुरा और काशी को लेकर बयान दिया। मुस्लिम समुदायों तक पहुंचे उनके प्रयासों की प्रशंसा की जानी चाहिए। हम सभी प्रकार की बातचीत का समर्थन करते हैं।

## अवैध खनन रोकने पर अजित ने महिला आईपीएस को धमकाया

### महिला आईपीएस अंजना ने कहा आप तो मेरे नंबर पर कॉल करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का एक वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में वे एक महिला आईपीएस अधिकारी को डांटते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अधिकारी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी, पवार ने उसे कार्रवाई रोकने के लिए कहा था कि आप मेरे नंबर पर काल करें।



इनका नाम है अंजना कृष्णा वी. एस। वे सोलापुर जिले के करमाला में डीएसपी के रूप में नियुक्त हैं। उन्हें अपनी ईमानदारी और कुशाग्रता के लिए जाना जाता है। अंजना की पढ़ाई तिरुवनंतपुरम के पूजापुरा उपनगर स्थित सेंट मैरीज़ सेंट्रल स्कूल से हुई है। उन्होंने एनएसएस कॉलेज से गणित में बीएससी किया है।

### एनसीपी कार्यकर्ता ने अजित को फोन थमा दिया

सोलापुर में जब वह अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई कर रही थीं, तो किसी एनसीपी कार्यकर्ता ने सीधा अजित पवार को फोन मिलाकर उन्हें थमा दिया।

### अंजना की बात पर भड़के अजित

अंजना पवार को पहचान नहीं पाईं और उन्हें अपने नंबर पर कॉल करने को कहा। इस पर पवार भड़क गए और कहा कि 'क्या मुझे तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए? क्या तुममें इतनी हिम्मत है? अपना नंबर दो, मैं वीडियो कॉल कर रहा हूं।

### पवार बोले-ये डेयरिंग कहां से आई, मैं तुझ पर एक्शन लूंगा

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार वीडियो कॉल पर अधिकारी को फटकार लगाते दिख रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा-सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से संबंधित कुछ वीडियो की ओर मेरा ध्यान आकर्षित हुआ है। मेरा इरादा कानून प्रवर्तन में हस्तक्षेप करने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे और आगे न बिगड़े। मैं अपने पुलिस बल और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी का सम्मान करता हूं और मैं कानून के शासन को सबसे ऊपर रखता हूं। मैं पारदर्शी शासन के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हूं कि रेत खनन समेत हर अवैध गतिविधि से कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाए।



### वायरल वीडियो कार्रवाई रोकने को कहा

वीडियो में दिख रहा है कि अजित अंजना को फोन पर फटकार लगाते हैं। यह फोन कॉल एनसीपी के एक कार्यकर्ता के फोन से किया गया था। आईपीएस अधिकारी शुरुआत में पवार की आवाज नहीं पहचानतीं, जिसके बाद उपमुख्यमंत्री वीडियो कॉल करते हैं और उनसे कार्रवाई रोकने के लिए कहते हैं। वे उन्हें सख्त लहजे में सवाल करते हैं कि क्या वे उनका चेहरा पहचानती हैं? मैं तेरे पर एक्शन लूंगा।

सीडीएस चौहान ने गिनाए 4 बड़े खतरे

# चीन के साथ सीमा विवाद को बताया सबसे बड़ी चुनौती

सीडीएस चौहान ने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ शुक्रवार को गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण कार्य और संग्रहालय का शिलान्यास किया। यह परियोजना 45 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की जाएगी, जो न केवल गोरखा सैनिकों के बलिदान को सम्मान देगी बल्कि भारत-नेपाल के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को नई मजबूती प्रदान करेगी।

इस कार्यक्रम के दौरान 'भारत के सामने सुरक्षा चुनौतियां' विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि देशों के सामने चुनौतियां क्षणिक नहीं होतीं, वे अलग-अलग रूपों में मौजूद रहती हैं। मेरा मानना है कि चीन के साथ सीमा विवाद भारत की सबसे बड़ी चुनौती है और यह आगे भी बनी रहेगी।

**चीन और पाक परमाणु शक्ति संपन्न इनसे निपटना चुनौती**

**युद्ध के क्षेत्र में अब साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल**



### लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन

सीडीएस ने कहा कि युद्ध राजनीति का विस्तार है। युद्ध और भू-राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता। युद्ध राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को प्राप्त करने का माध्यम है। लोकतंत्र में सेनाएं राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करती हैं। जब सरकार मानती है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा बल प्रयोग जरूरी है, तो हमारे दो कर्तव्य हैं: सरकार को बल प्रयोग के लिए अधिक विकल्प देना और सरकार का अपनी सेना पर भरोसा बढ़ाना।

### राष्ट्रीय सुरक्षा महत्वपूर्ण विषय

*सीडीएस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय है। अलग-अलग क्षेत्रों के लोग इसे अलग-अलग तरीके से देखते हैं- एक राजदूत द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों पर ध्यान देता है, एक अर्थशास्त्री आर्थिक पहलुओं पर। उन्होंने कहा कि आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र में चार प्रकार के राष्ट्रीय खतरों का वर्णन किया है: आंतरिक खतरे, शत्रु राष्ट्रों से बाहरी खतरे, बाहरी लोगों द्वारा समर्थित आंतरिक खतरे और आंतरिक लोगों द्वारा समर्थित बाहरी खतरे। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा आंतरिक और बाहरी दोनों खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण है।*

### पाक का प्रॉक्सी युद्ध दूसरी बड़ी चुनौती

दूसरी बड़ी चुनौती पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति है, जिसे वह हजार घावों से भारत को कमजोर करने की रणनीति कहता है। क्षेत्रीय अस्थिरता भी चिंता का विषय है, क्योंकि भारत के लगभग सभी पड़ोसी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अशांति का सामना कर रहे हैं। एक अन्य चुनौती यह है कि युद्ध के क्षेत्र बदल गए हैं- अब इसमें साइबर और स्पेस डोमेन भी शामिल हैं। हमारे दोनों विरोधी (चीन और पाकिस्तान) परमाणु शक्ति संपन्न हैं, और उनके खिलाफ किस तरह के ऑपरेशन करने हैं, यह तय करना हमेशा एक चुनौती रहेगी।

### भारत ने बदली पाक के साथ युद्ध रणनीति

जनरल चौहान ने कहा कि बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने सबक सीखा। भारत ने लंबी दूरी के सटीक हमलों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि पाकिस्तान ने संभवतः अपनी हवाई रक्षा पर जोर दिया। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक में हमने जमीन के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश कर आतंकी शिविरों को नष्ट किया था। पुलवामा के बाद हमने खैबर पख्तूनख्वा में टारगेट सेट करके हवाई हमले किए। जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, तब तक हमने अपनी सटीक हमले की क्षमता को बढ़ा लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर में मिली थी पूरी स्वतंत्रता

सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमें पूर्ण स्वतंत्रता थी, जिसमें हमले की योजना बनाने से लेकर लक्ष्यों का चयन तक शामिल था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य सिर्फ पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेना नहीं, बल्कि हमारी सहनशक्ति की सीमा रेखा खींचना था। हमने दुश्मन को चौंकाने और संयमित हमले की योजना बनाई थी लेकिन राजनीतिक नेतृत्व के साथ चर्चा में हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बहावलपुर और मुरिदके स्थित आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए हवाई हमले आवश्यक थे।

---

## खबर संक्षेप

### अनुतिन होंगे थाईलैंड के नए पीएम

**बैंकॉक।** थाईलैंड में शुक्रवार को नया पीएम चुनने के लिए संसद में मतदान किया गया, जिसमें



भूमजैथाई पार्टी के अनुभवी राजनेता अनुतिन चार्नवीराकुल जीत हासिल की है। उन्होंने 492 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में से 247 से ज्यादा वोट हासिल किए। फ्यू थाई पार्टी की पिछली दो महिला पीएम नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों में हटाई जा चुकी थीं। उन्हें और उनकी सरकार को कुछ दिनों में राजा महा वजिरालोंगकोर्न से औपचारिक नियुक्ति मिलने के बाद पदभार ग्रहण करना होगा।

### श्रीलंका में खाई में गिरी बस, 15 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत के बादुल्ला जिले में बस दुर्घटना में 9 महिलाओं समेत 15 लोग की मौत



हो गई, जबकि 15 घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, 30 से ज्यादा लोगों का एक समूह यात्रा पर निकला था। बस की टक्कर एक जीप से हुई, जिसके बाद वह सड़क के किनारे रेलिंग से टकराकर 1000 फीट गहरी खाई में जा गिरी। सभी मृतक टांगले अर्बन काउंसिल के कर्मचारी थे। कई घायलों की हालत गंभीर बनी है, जिन्हें बडुल्ला टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।

### चोटी पर फंसे कोरियाई दंपती को सेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** लद्दाख की 17,000 फीट से अधिक ऊंचाई वाली बर्फीली चोटी पर फंसे दो कोरियाई



दंपती को भारतीय सेना ने बचा लिया है। यह अभियान भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर की आर्मी एविएशन यूनिट ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। फिलहाल, दोनों अस्पताल में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। सेना के इस मिशन के तहत दक्षिण कोरिया के नागरिक ह्यून वू किम और उनकी पत्नी को सुरक्षित निकाला गया। विदेशी दंपति लद्दाख स्थित कोंगमारुला दर्रे में फंसे हुए थे।

---

## ट्रंप के व्यापार सलाहकार की टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

*भारत और अमेरिका के रिश्ते साझा हितों पर आधारित*

# नवारो की टिप्पणी पूरी तरह गलत और भ्रामक, हम उन्हें 'अस्वीकार' करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की हालिया टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। भारत द्वारा रूस से तेल आयात करने के मामले में नवारों ने आरोप लगाया था कि ब्राह्मण आम भारतीयों की कीमत पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि हमने नवारो के गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें अस्वीकार करते हैं।

हमने पहले भी इस बारे में बात की है। अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों देश एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं, जो हमारे साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन-जन संबंधों पर आधारित है।

इस साझेदारी ने कई बदलावों और चुनौतियों का सामना किया है। हम उस ठोस एजेंडे पर केंद्रित हैं जिसके लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं, और हमें उम्मीद है कि आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर यह रिश्ता आगे बढ़ता रहेगा।

**भारत-यूएस साझा ठोस एजेंडे के लिए प्रतिबद्ध**

**भारत यूक्रेन में स्थायी शांति का समर्थन करता है**

### रूस-यूक्रेन रचनात्मक रूप से आगे बढ़ें



*जायसवाल ने कहा कि जहां तक यूक्रेन में संघर्ष का प्रश्न है, हम यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। हमें आशा है कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे। भारत यूक्रेन में संघर्ष के शीघ्र अंत और स्थायी शांति की स्थापना का समर्थन करता है।*

### ऑस्ट्रेलिया ने बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन किया

*जायसवाल ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार और विपक्ष, दोनों के वरिष्ठ नेताओं और राजनेताओं ने ऑस्ट्रेलिया की बहुसांस्कृतिक पहचान का समर्थन करते हुए बयान जारी किए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की समग्र प्रगति और विकास में भारतीय ऑस्ट्रेलियाई समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका को भी मान्यता दी है, और वे इस भूमिका की बहुत सराहना और स्वीकार करते हैं। हमारी ओर से, हम दृढ़ता से मानते हैं कि विविधता ही शक्ति है।*

प्रवासी विरोधी प्रदर्शन

### ऑस्ट्रेलिया के साथ चिंता जाहिर की

*रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि 31 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में प्रवासी-विरोधी विरोध प्रदर्शन हुए। हमारे उच्चायोग और महावाणिज्य दूतावास इस संबंध में ऑस्ट्रेलियाई सरकार और हमारे समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में थे। विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले, हमारे उच्चायोग ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ प्रवासी भारतीयों की चिंताओं को साझा किया था। हमें ऑस्ट्रेलियाई पक्ष से एक औपचारिक प्रतिक्रिया मिली, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया में विरोध प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के विविध समुदायों के लिए चिंता का विषय हो सकता है।*

### 8 सितंबर को होगा ब्रिक्स सम्मेलन

*जायसवाल ने कहा कि ब्राजील इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। उन्होंने अगले सप्ताह 8 सितंबर को समूह के नेताओं का एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन भी आयोजित किया है। जिसमें भारत की तरफ विदेश मंत्री जयशंकर भाग लेंगे। भारत की मेजबानी में इस वर्ष होने वाली क्वाड की शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति की भागीदारी के संबंध में उन्होंने कहा कि भारत लगातार अमेरिकी पक्ष के साथ व्यापार के मामलों को लेकर बातचीत कर रहा है।*

---

## जयशंकर की भूटान पीएम से मुलाकात

# आपसी साझेदारी को मजबूत करने पर जताई 'प्रतिबद्धता'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार शाम को भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से मुलाकात की। जयशंकर ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि आज शाम भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे से से मिलकर प्रसन्नता हुई। पीएम नरेंद्र मोदी की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने आगे लिखा कि हमारी अनूठी और समय-परीक्षित साझेदारी निरंतर मज़बूत होती जा रही है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद। जयशंकर ने कहा कि भारत और भूटान ने आपसी साझेदारी को निरंतर मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई है।

बता दें, भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे बुधवार से तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। 6 सितंबर तक की अपनी इस यात्रा में तोबगे अपनी पत्नी ओम ताशी डोमा के साथ अयोध्या और गयाजी भी गए। इससे पहले तोबगे ने 20-21 फरवरी तक भारत का आधिकारिक दौरा किया था। इस दौरान वे 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' के पहले लीडरशिप सम्मेलन में शामिल हुए थे। इसमें तोबगे ने पीएम मोदी को 'बड़े भाई' और 'गुरु' के रूप में संबोधित करते हुए मोदी से मार्गदर्शन मांगा ताकि वे भूटान में सार्वजनिक सेवा को बदलने में मदद कर सकें। तोबगे ने हिंदी का भी उपयोग, जिसकी दर्शकों ने सराहना की थी।

### राजगीर में मंदिर का किया उद्घाटन



भूटान के पीएम ने बिहार के राजगीर में नव-निर्मित भूटान मॉनेस्ट्री का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू और बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मुख्य द्वार पर भारत का तिरंगा, भूटान का राष्ट्रीय ध्वज और बौद्ध धर्म का झंडा एक साथ फहराया गया, जो दोनों देशों की गहरी मित्रता और साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बना। कार्यक्रम में भूटान के मुख्य भिक्षु जे खेम्पो, भारत में भूटान के राजदूत सुधाकर दलेला समेत बड़ी संख्या में भूटानी और भारतीय बौद्ध धर्मावलंबी शामिल हुए। उद्घाटन के बाद घोषणा की गई कि मंदिर में अगले छह दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन होगा।

---

## पीएम मोदी के साथ होगी द्विपक्षीय बैठक

### अगले सप्ताह 9 सितंबर से भारत दौरे पर रहेंगे मॉरीशस के प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह 9 सितंबर से मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीन चंद्र रामगुलाम भारत की आठ दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। प्रधानमंत्री के मौजूदा कार्यकाल में उनके द्वारा की जाने वाली यह पहली विदेश यात्रा होगी। जिसमें वो भारत आएंगे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि मॉरीशस के पीएम डॉ. रामगुलाम की भारत यात्रा 9 से 16 सितंबर तक होगी। वह पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। जिससे दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और अधिक बढ़ावा दिया जा सकेगा। पीएम



फाइल फोटो

रामगुलाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। भारत यात्रा के दौरान वे करीब पांच शहरों का दौरा करेंगे। जिसमें राजधानी दिल्ली, मुंबई, अयोध्या, वाराणसी और त्रिरुपति शामिल हैं। मुंबई में वह बिजनेस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मॉरीशस के पीएम, मोदी और उनके मंत्रिमंडल के 2014 के पहले कार्यकाल में हुए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आ चुके हैं।

## तेजस विमान के उत्पादन में आई तेजी

### निजी कंपनी ने विमान का ढांचा सौंपा, जीई ने की इंजन आपूर्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में जल्द ही हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एमके1ए तेजस शामिल करने की तैयारी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जेट इंजन बनाने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से 113 अतिरिक्त एफ404-जीई-इन20 इंजन खरीदने की तैयारी कर रहा है। यह डील तकरीबन तय मानी जा रही है। वहीं, एचएएल ने जानकारी दी है कि एलसीए एमके1ए कार्यक्रम के लिए दूसरा सेंटर फ्यूसीलेज असेम्बली (विमाना का ढांचा) को भारतीय निजी



उद्योग मेसर्स वीईएम टेक्नोलॉजीज द्वारा एचएएल को सौंप दिया गया। यह विमान का सबसे अहम पार्ट होता है। एचएएल के सीएमडी डॉ. डीके सुनील ने कहा कि हम एलसीए एमके 1ए कार्यक्रम के समर्थन में भारतीय निजी क्षेत्र के विकास से खुश हैं। हम उत्पादन बढ़ाने और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

*यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश बोले*

# यूक्रेन संघर्ष : बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत और कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। हरीश ने महासभा को बताया कि हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक का समर्थन किया। हम अलास्का शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति की सराहना करते हैं। भारत शांति के घटनाक्रमों का स्वागत करता है।

### शांति की संभावनों को बढ़ावा दें



भारत संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी की यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत शांति की संभावनाओं को बढ़ावा देती है।

### यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देंगे 26 देश

*यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की 4 सितंबर को पेरिस पहुंचे। वो फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ समिट में शामिल हुए। 26 यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को पोस्ट वॉर सुरक्षा गारंटी देने का वादा किया है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में एक इंटरनेशनल फोर्स भी तैनात की जाएगी। कुछ देश यूक्रेनी सेना को ट्रेनिंग देंगे और हथियारों की आपूर्ति भी करेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से भी बातचीत की और गारंटी के लिए समर्थन देने को कहा।*

---

*मुंबई पुलिस को बम विस्फोट की मिली धमकी*

# डराया- 14 पाक आतंकी घुसे, 34 गाड़ियों में 400 किलो आरडीएक्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 34 गाड़ियों में बम लगाए जाने की धमकी मिली है। ये धमकी व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से मिली है, जिसके बाद पुलिस सतर्क हो गई है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा यह मैसेज मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर भेजा गया, जिसमें दावा किया गया कि 34 गाड़ियों में बम लगाए गए हैं और 400 किलो आरडीएक्स के विस्फोट से पूरा मुंबई शहर हिल जाएगा।

### पुलिस ने जांच शुरू की



इस मैसेज में 'लश्कर-ए-जिहादी' नामक संगठन का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि 14 पाकिस्तानी आतंकवादी भारत में घुस चुके हैं और इस विस्फोट से 1 करोड़ लोगों की जान जा सकती है। मुंबई पुलिस ने इस धमकी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी है।

### जनता घबराए नहीं, स्थिति नियंत्रण में

*एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस व्हाट्सएप नंबर से यह मैसेज भेजा गया, उसे ट्रेस करने का काम शुरू कर दिया गया है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुंबई पुलिस हमेशा अलर्ट पर रहती है और हमारी नजर हर चीज पर है। जनता को घबराने की जरूरत नहीं है, स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सब कुछ शांत है।*

## राष्ट्रपति ट्रंप पर जमकर बरसे पूर्व अमेरिकी एनएसए बोल्टन, कहा

# दोनों देशों के 'संबंध' खत्म, अब ठीक करना मुश्किल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। ब्रिटिश मीडिया को दिए साक्षात्कार में बोल्टन ने ट्रंप की नीति की आलोचना करते हुए कहा कि व्हाइट हाउस ने अमेरिका-भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया है, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए हैं। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है। बोल्टन ने इसे एक बड़ी गलती है बताया। उन्होंने कहा कि इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है।

**चीन ने खुद को ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया**

**राष्ट्रपति ट्रंप ने दशकों पुराने संबंधों को पीछे धकेल दिया**

### ट्रंप की दोस्ती अन्य नेताओं के लिए सबक



बोल्टन ने कहा कि ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर जैसे सभी नेताओं के लिए एक सबक है, कि ट्रंप के साथ अच्छी दोस्ती कभी-कभी मदद कर सकती है, लेकिन यह आपको बुरे हालात से नहीं बचाएगा। बोल्टन की ये चेतावनी ट्रंप की ब्रिटेन यात्रा से पहले आई है। ट्रंप 17 से 19 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेंगे।

### भारत पर 50% टैरिफ अमेरिका की 'भारी भूल'

इससे पहले बोल्टन ने कहा था कि भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया था। उन्होंने कहा था कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए। अमेरिका, भारत को रूस और चीन से दूर रखने के लिए कई साल से कोशिश कर रहा था लेकिन अब वह कोशिश कमजोर पड़ चुकी है।

### दोस्त-दुश्मन पर एक जैसा टैरिफ लगाना 'गलती'

बोल्टन ने कहा था कि व्हाइट हाउस टैरिफ और दूसरे शर्तों में चीन के प्रति भारत से ज्यादा नरमी दिखा रहा है, जो कि एक गंभीर गलती है। 'दोस्त और दुश्मन दोनों पर एक समान टैरिफ लगाने' से अमेरिका का वो भरोसा और आत्मविश्वास कमजोर हुआ है, जिसे बनाने में दशकों लगे थे और बदले में बहुत कम आर्थिक फायदा मिला है, जबकि बड़े नुकसान का खतरा बढ़ गया है।

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत का शानदार आगाज, थाईलैंड को दी 11-0 से करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि ब्यूटी ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।

## भारत को मिले नौ पेनल्टी कॉर्नर, पांच को गोल में बदला



### भारत ने शुरू से बनाया दबदबा

वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर काबिज भारत ने 30वें स्थान पर काबिज थाई टीम के खिलाफ पूल बी के मैच में हाफ टाइम तक 5-0 की बढ़त बना ली थी। भारत को कुल नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से पांच को उसने गोल में बदला। दूसरी तरफ थाईलैंड एक भी पेनल्टी कार्नर हासिल नहीं कर पाया। भारत ने शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले क्वार्टर में मुमताज और संगीता के दो फील्ड गोल किए।



### दूसरे क्वार्टर में दिखाए हमलावर तेवर

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अधिक हमलावर तेवर दिखाए और तीन गोल दागकर अपनी बढ़त और मजबूत कर दी। अनुभवी फारवर्ड नवनीत और मिडफील्डर लालरेम्सियामी ने एक-एक फील्ड गोल किया, जिसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले उदिता ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। दूसरे हाफ में भी यही स्थिति रही और भारत ने थाईलैंड के सर्कल के अंदर लगातार हमले जारी रखे। भारत को तीसरे क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से डुंग डुंग ने 45वें मिनट में एक को गोल में बदला। भारत ने आखिरी क्वार्टर में पांच गोल करके अपनी बड़ी जीत सुनिश्चित की।

### भारत और जापान का मुकाबला आज

इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो पूल में बांटा गया है। दोनों पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सुपर 4 चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर 4 की शीर्ष दो टीमें 14 सितंबर को होने वाले फाइनल में खेलेंगी। भारत इस टूर्नामेंट में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और शीर्ष ड्रैग फ्लिकर दीपिका के बिना उतरा है। यह दोनों चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। एशिया कप विजेता टीम बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगी। थाईलैंड के बाद भारत अब शनिवार को जापान से भिड़ेगा। इसके बाद वह पूल चरण के अपने अंतिम मैच में आठ सितंबर को सिंगापुर का सामना करेगा।

## खबर संक्षेप



### फाइनल में पाकिस्तान ने यूएई को 9 रन से हराया

**शारजाह।** फखर जमां के अर्धशतक के बाद लेग स्पिनर अबरार अहमद ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 9 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 31 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फखर जमां ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले एशिया कप के पहले फॉर्म में वापसी करते हुए 44 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाए, जो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का 15 मैचों के बाद पहला टी-20 अर्धशतक है। उनकी इस शानदार पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 171 रन बनाए। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे अहमद ने इसके बाद यूएई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अपनी कैरम बॉल और गुगली से परेशान किया और उसे सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

### उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने किया क्वालीफाई

**मोंटेवीडियो।** उरुग्वे, कोलंबिया और पराग्वे ने दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



अर्जेंटीना, ब्राजील और इक्वाडोर दक्षिण अमेरिका से पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उरुग्वे ने पेरू को हराया जबकि कोलंबिया ने बोलिविया को मात दी। कोलंबिया की टीम 2022 में कतर में हुए विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी। अर्जेंटीना की टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर में शीर्ष पर है, जिसने वेनेजुएला को 3-0 से हराया। इस जीत में लियोनेल मेस्सी ने दो गोल दागे। ब्राजील ने चिली को 3-0 से हराया और वह दूसरे स्थान पर है।

### स्टार भारतीय डिफेंडर झिंगन की हुई सर्जरी

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय डिफेंडर संदेश झिंगन की गाल की हड्डी में फ्रैक्चर की सर्जरी सफल रही है। इंडियन सुपर लीग की उनकी टीम एफसी गोवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह ताजिकिस्तान में सीएएफए नेशंस कप में खेलते समय चोटिल हो गए थे।



झिंगन को एक सितंबर को ताजिकिस्तान के हिसोर में ईरान के खिलाफ भारत के ग्रुप मैच के दौरान चोट लगी थी। भारत वह मैच 0-3 से हार गया था और झिंगन स्वदेश लौट आए थे। एफसी गोवा के सीईओ रवि पुस्कुर ने बताया, 'हां, उनकी सर्जरी हुई।' सर्जरी के कारण इस 32 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी का अगले महीने भारत के दो महत्वपूर्ण एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैचों में खेलना संदिग्ध हो गया है, जो 9 अक्टूबर को सिंगापुर में और 14 अक्टूबर को मडगांव में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ ने कहा, 'झिंगन गोवा में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हैं और उनकी रिकवरी पर करीबी निगाह रखी जा रही है।

## खिताबी मुकाबला आज, एरिना और अमांडा का होगा सामना

# डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका का दमदार प्रदर्शन जीत के बाद फेंका रैकेट, चीखी और फैलाई बाहें



सबालेंका ने पेगुला पर
4-6
6-3
6-4
से हासिल की जीत

### अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब से एक जीत दूर एरिना

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके जेसिका पेगुला को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में लगातार दूसरे खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। पिछले साल का फाइनल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच खेला गया था लेकिन पेगुला इसका बदला चुकता करने में नाकाम रही। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए पेगुला पर 4-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। मैच समाप्त होने के बाद सबालेंका अपनी एड़ियों पर पीछे हटी, अपनी बाहें फैलाई और चीख पड़ी।

### इमोशनल हुई एरिना कहा- मैच जल्दी समाप्त हो

सबालेंका ने बाद में कहा, 'मैं बहुत भावुक हो गई थी। मैं बस यही सोच रही थी, 'हे भगवान, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। कृपा करके इस मैच को जल्दी से समाप्त करो। मैं मैच के दौरान हर अगले अंक पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।' शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका अब पिछले 11 वर्षों में फ्लशिंग मीडोज में लगातार चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश करेंगी। सेरेना विलियम्स ने 2012 से 2014 तक लगातार तीन चैंपियनशिप जीती थीं। पेगुला के खिलाफ अपने करियर में 8-2 का रिकॉर्ड बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, 'मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। उम्मीद है कि मैं फाइनल में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखूंगी।'

### अमांडा ने सेमीफाइनल में ओसाका को हराया



अमांडा अनिसिमोवा ने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। अनिसिमोवा ने दो घंटे 56 मिनट तक चले मैच में 6-7 (4), 7-6 (3),6-3 से जीत दर्ज करके दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अनिसिमोवा ने मैच के बाद कहा, 'यह बेहद कड़ा मुकाबला था और मुझे यकीन नहीं था कि मैं फिनिश लाइन पार कर पाऊंगी लेकिन मैंने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं यह जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।' जब मैच खत्म हुआ तो अनिसिमोवा चिल्लाई, 'चलो आगे बढ़े।' इसके बाद उन्होंने कोर्ट पर घुटने टेककर और आगे की ओर झुककर इस पल का आनंद लिया। शनिवार को खिताब के लिए उनका सामना गत चैंपियन और मौजूदा नंबर एक एरिना सबालेंका से होगा। अनिसिमोवा ने हालांकि अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में स्वियातेक को दो सेटों में हराकर उसका बदला चुकता कर दिया था।



### हार के बाद भी मालामाल हुए युकी भांबरी

भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6 (2) 6-7 (5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। युकी और माइकल को यूएस ओपन पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक बेहतरीन सफर के लिए 2,50,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 2.20 करोड़ रुपए की इनामी राशि मिली। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। हार के बाद भांबरी ने कहा, 'यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है।' पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है। इससे उनकी रैंकिंग में भी काफी सुधार होगा।

# द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 2-0 से हराया

## 27 साल बाद जीती सीरीज



एजेंसी ▶▶| लंदन

दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्जके की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली। बीमार वियान मुल्डर की जगह टीम में शामिल किए गए ब्रीट्जके वनडे इतिहास में अपने पहले पांच मैचों में कम से कम अर्धशतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इस 26 वर्षीय बल्लेबाज की 77 गेंदों पर खेली गई पारी तथा सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम के 49 और ट्रिस्टन स्टब्स के 58 रन के उपयोगी योगदान से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी।

■ मैट ब्रीट्जके ने खेली 85 रन की रिकॉर्ड पारी

### रूट , बैथेल और बटलर ने लगाए अर्धशतक

इंग्लैंड की तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मंगलवार को हेडिंग्ले में खेले गए पहले मैच में इंग्लैंड 131 रन पर सिमट गया था और सात विकेट से हार गया था, लेकिन इसके दो दिन बाद उसने बेहतर प्रदर्शन किया। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, लेकिन पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर (14 गेंदों पर 27 रन) की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई। आर्चर ने इससे पहले 62 रन देकर चार विकेट लिए थे। तीसरा वनडे रविवार को साउथेम्प्टन में खेला जाएगा।

## टेलर ने बदला संन्यास फैसला अब समोआ के लिए खेलेंगे

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर रोस टेलर संन्यास का फैसला बदलकर अगले महीने ओमान के लिए टी20 विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेलेंगे।



टेलर ने 2022 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 112 टेस्ट, 236 वनडे और 102 टी20 मैच खेले हैं। न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में वह 7683 रन बनाकर केन विलियमसन के बाद दूसरे स्थान पर हैं। टेलर की मां लोटे समोआ में पैदा हुई थी। वह ल्यूपेपे लुटेरु रोस पूटोआ लोटे टेलर के नाम से खेलेंगे। 41 वर्ष के टेलर को उनके दोस्त और तरुण नेथुला ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में समोआ के लिए लने की पेशकश की थी। वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाने के लिए समोआ का पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच खेलेंगे।

# महिला विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान, सोफी की एक साल बाद वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की अगुवाई में महिला वनडे विश्व कप के लिए शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की, जिसमें बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने चोट से उबरने के बाद वापसी की। सात बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन भी है और आगामी प्रतियोगिता में भी वह अपना दबदबा कायम रखना चाहेगा, जो 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में आयोजित की जाएगी। विक्टोरिया की स्पिनर मोलिनक्स घुटने की चोट के कारण जनवरी से ही बाहर थी।

### 30 सितंबर से 2 नवंबर तक भारत और श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट



### डार्सी और जॉर्जिया टीम में शामिल

वह हालांकि 14 से 20 सितंबर तक भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएगी। डार्सी ब्राउन (क्वाड) और जॉर्जिया वेयरहैम (ग्रोइन) भी अपनी हाल की चोटों से उबरकर टीम में वापसी करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया की टीम में 10 ऐसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो 2022 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट का भी हिस्सा थी। इस टीम में एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड, ताहलिया मैकग्रा और एशले गार्डनर जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। आस्ट्रेलिया अपना अभियान 1 अक्टूबर को इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम

एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, ऐश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## तीन साल में 400 करोड़ की कमाई का अनुमान, 16 सितंबर से होगी बोली

# बीसीसीआई ने बढ़ाई जर्सी स्पॉन्सरशिप की कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए नए सिरे से मूल्यांकन तय किया है। यह नया बेस प्राइस पूर्व प्रायोजक ड्रीम 11 की ओर से दी जा रही रकम से अधिक है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई ने द्विपक्षीय मैचों के लिए नया रिजर्व प्राइस 3.5 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय टूर्नामेंट (आईसीसी और एसीसी प्रतियोगिताओं) के लिए 1.5 करोड़ रुपए रखा है।

### बोली 16 सितंबर को

इस बोली प्रक्रिया की तारीख 16 सितंबर तय की गई है। इसका मतलब है कि एशिया कप (9 सितंबर से शुरू) से पहले नया स्पॉन्सर जुड़ना संभव नहीं होगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की है कि किसी अंतरिम व्यवस्था की संभावना बेहद कम है।



### 130 मैच खेले जाने का अनुमान

बीसीसीआई अगले तीन साल के लिए स्पॉन्सरशिप तलाश रहा है। इस दौरान लगभग 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने का अनुमान है, जिनमें 2026 का टी20 वर्ल्ड कप और 2027 का वनडे वर्ल्ड कप भी शामिल हैं। नए बेस प्राइस के आधार पर बीसीसीआई को 400 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई हो सकती है।

### द्विपक्षीयमें 10 और बहुपक्षीय मैचों में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

मौजूदा समय में द्विपक्षीय मुकाबलों का मूल्य 3.17 करोड़ रुपए और बहुपक्षीय मैचों का 1.12 करोड़ रुपए है। यानी बीसीसीआई ने नई दरों के साथ द्विपक्षीय मुकाबलों में लगभग 10 प्रतिशत और बहुपक्षीय मैचों में लगभग 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। सूत्रों के अनुसार, द्विपक्षीय मैचों में प्रायोजकों को अधिक दृश्यता मिलती है, क्योंकि ब्रांड का नाम खिलाड़ियों की जर्सी के सामने (सीने) पर प्रमुखता से दिखता है। आईसीसी और एसीसी आयोजनों के दौरान ब्रांड का उल्लेख केवल बाजू (स्लीव्स) तक सीमित रहता है, जिससे वहां दृश्यता अपेक्षाकृत कम हो जाती है।

### गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स नहीं लगा पाएंगे बोली

*बीसीसीआई ने 2 सितंबर को भारतीय टीम के लीड स्पॉन्सर राइट्स के लिए अभिरुचि पत्र जारी किया। इसमें साफ कहा गया है कि गेमिंग, बेटिंग, क्रिप्टो और तंबाकू ब्रांड्स बोली नहीं लगा सकेंगे। इसके अलावा स्पोर्ट्सवियर, बैंकिंग, वित्तीय कंपनियां, शीतल पेय, घरेलू उपकरण (फैन, मिक्सर-ग्राइंडर, लॉक्स) और बीमा कंपनियां भी प्रतिबंधित रहेंगी, क्योंकि ये मौजूदा प्रायोजकों से टकरा सकते हैं।*

**कार्यालय जांच अधिकारी रोहित गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल**
दिनांक 30/08/2025

**जांच के लिए सूचना**

प्रति, 1 जे.के जैन उर्फ जिनेन्द्र कुमार जैन ए–60, पद्मनाभ नगर, पुराना सुभाष नगर, भोपाल 2 श्री योगेश पुरसवानी, मकान नं. बी–09, यशोदा विहार, चूना भट्टी, भोपाल 3 श्रीमती कीर्ति चतुर्वेदी मकान नं. ई–13, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल 4 श्री सतीष कुमार आनंद मकान नं. 07, टैगोर नगर, खजूरीकला भोपाल 5 श्री प्रकाशचन्द्र वर्मा मकान नं. 46, वर्धमान अपार्टमेन्ट न्यू एम.एल.ए. कॉलोनी, जवाहर चौक भोपाल 6 श्री शिवचरण गुप्ता मकान नं. 49, चित्रगुप्त नगर, कोटरा, भोपाल 7 श्री नागेश गर्ग एवं सचिन गर्ग 11/03, झनरेश्वर कॉम्पलेक्स, नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल

विषयः– आपके विरूद्ध की गयी शिकायत में अपना लिखित कथन मय दस्तावेज के प्रस्तुत किये जाने हेतु अंतिम अवसर। उपरोक्त विषय में लेख है कि आप सभी के विरूद्ध श्रीमती कविता सिंह एवं डॉ. घनश्याम सिंह राजपूत द्वारा की गयी शिकायतों की जांच के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता को अधिकृत किया गया है और मेरे द्वारा आप सभी को पंजीकृत डाक से सूचना पत्र एवं शिकायत की प्रति भेजी जाकर अपना पक्ष समर्थन हेतु लिखा गया था किन्तु आपकी डाक वापस आई इसलिए न्यायहित में इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप अपना पक्ष लिखित में कथन मय दस्तावेजों के दिनांक 10.09.2025 को कार्यालय उपायुक्त सहकारिता में दोपहर 12 बजे से 01 बजे के मध्य प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि आप चाहे तो शिकायत की प्रति कभी भी कार्यालयीन समय में मुझसे प्राप्त कर सकते है। नियत समयावधि में आपका कथन प्राप्त न होने की दशा में यह माना जाकर कि शिकायत में वर्णित तथ्य आपको स्वीकार हैं विधि अनुसार कार्यवाही कर जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया जावेगा।

**(लता गिल) जांच अधिकारी एवं सहकारी निरीक्षक मो: 9425300849**

# कैंपियन स्कूल में हर्षोल्लास व आदर के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



## नन्हे-मुन्नों के थिरकते कदमों पर खूब झूमे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी फिल्मी बॉलीवुड गानों के साथ जब भांगड़ा, हिप-हॉप और कंटेम्प्रेरी डांस पर बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शिक्षक दिवस के अवसर पर इन मनभावन प्रस्तुतियों का आयोजन किया कैंपियन स्कूल के सभागार में, जिसमें कार्यक्रम की



शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई, जिसे प्रायमरी क्लास के बच्चों ने प्रस्तुत किया। इसके बाद मनमोहक लोक नृत्य, वेस्टर्न डांस, बॉलीवुड के गानों पर फ्यूजन नृत्यों की प्रस्तुति ने समा को ओर भी मनभावन बना दिया। वहीं अगली कड़ी में छात्रों ने एक डांस ड्रामा भी पेश किया। जिसमें गुरु शिष्य के रिश्ते की प्रागढ़ता साफ नजर आई।



### सुर शंकरा म्यूजिकल ग्रुप ने किया पॉलिटेक्निक सभागार में गीतों भरी संध्या का आयोजन

# नमो नमो जी शंकरा भोलेनाथ शंकरा जय त्रिलोकनाथ शंभु हे शिवाय शंकरा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नमो नमो जी शंकरा भोलेनाथ शंकरा, जय त्रिलोकनाथ शंभु हे शिवाय शंकरा... बेबी अलीजा खान की महादेव की अराधना में दी प्रस्तुति पर पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद सुर शंकरा म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम का टाइटल गीत मेरा साथ निभाना, हो किसी मोड़ पे छोड़ न जाना... की प्रस्तुति भी खास रही। वहीं बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा...., मेरा नाम चिंग चिंग चिंग... और मेरा दिल ये पुकारे आजा.... की प्रस्तुति ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

गीतों से सजी इस संगीतमय संध्या का आयोजन किया पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागार में आयोजित सुर शंकरा म्यूजिकल इवेंट में, जिसमें शहर के जाने माने गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों से सजी प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटौरी। कार्यक्रम के आयोजक सुर शंकरा म्यूजिकल ग्रुप के मैनेजर इंजी. प्रतीक गर्ग एवं प्रेरणास्त्रोत निहारिका गर्ग ने बताया कि यह ग्रुप की आठवीं वर्षगांठ है, जिसमें शहर के जाने माने गायक कलाकारों को गीतों से सजी संध्या को सुरमयी बनाने के लिए एक मंच प्रदान किया गया है।

### सुरेश गर्ग को आयरन मेन और मीना को बेस्ट फीमेल सिंगर अवॉर्ड




कार्यक्रम में एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के कर्मशाला निर्देशक जी. आर. भगोरे को कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक अवॉर्ड तथा गायिका मीना पुरोहित को बेस्ट फीमेल सिंगर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, भजन लेखक गायक सुरेश गर्ग का शारीरिक कष्टों का सामना करते रहने के बाद भी संगीत के प्रति अथाह समर्पण को देखते हुए उन्हें आयरन मेन की उपाधि से विभूषित किया गया।

### डाली और राजेश सरीन ने गाया, तुमने किसी से कभी प्यार किया है....

गीतों से सजी इस संध्या में मीना पुरोहित व दिलिप बोरसे ने उड़ें जब जब जुल्फें तेरी...., डौली सरीन व राजेश सरीन ने तुमने किसी से कभी प्यार किया है....., अमिता बोरसे व दिलिप बोरसे ने बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम......, शशिलता व सुरेश गर्ग ने तुझ संग प्रीत लगाई सजना....., मीता श्रीवास्तव ने भोर भये पनघट पे....., अनिल जैवार ने मंजिलें अपनी जगह हैं......, मितेश गुप्ता व अनिल जैवार ने बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा पर प्रस्तुति दी तो श्रोताओं मंत्रमुग्ध हो गए।

# वस्त्रभरणा-2025 में बाग प्रिंट की अनूठी पहचान, आरिफ खत्री पर सबकी नजरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### 3 से 7 सितंबर तक बेंगलुरु में बाग प्रिंट का रंग, आरिफ खत्री ने बढ़ाया प्रदेश का मान

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 3 से 7 सितम्बर तक आयोजित हो रही वस्त्रभरणा प्रदर्शनी 2025 में मप्र की प्राचीन बाग प्रिंट कला ने अपनी विशेष छाप छोड़ी है। कर्नाटक शिल्प परिषद द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी राज्य की सबसे बड़ी शिल्प प्रदर्शनी है, जिसमें देशभर के चुनिंदा कारीगर अपनी कृतियों का प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष मध्यप्रदेश के ख्यातिप्राप्त शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री और उनके भाई मोहम्मद अली खत्री ने बाग प्रिंट उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर सबका ध्यान आकर्षित किया। यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त आरिफ खत्री ने अपनी कला की बारीकियों और परंपरा को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया।



विशेष सम्मानः आरिफ खत्री ने किया 'वस्त्रभरणा प्रदर्शनी' का उद्घाटन

इस प्रदर्शनी का शुभारंभ स्वयं यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री के हाथों हुआ। उद्घाटन समारोह में क्राफ्ट्स कॉन्सिल ऑफ कर्नाटक के पदाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहे, जिन्होंने खत्री का स्वागत करते हुए उनकी कला की सराहना की। आयोजन समिति ने कहा कि वस्त्रभरणा जैसी भव्य और कर्नाटक की सबसे बड़ी शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन ऐसे शिल्पकार से कराना, जो परंपरा और नवाचार दोनों में समान रूप से योगदान दे रहे है और जो स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित है। इस प्रदर्शनी की गरिमा को और बढ़ाता है।

### प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र बने आरिफ खत्री

आरिफ खत्री द्वारा प्रस्तुत बाग प्रिंट उत्पादों ने दर्शकों और डिजाइनर्स को गहराई से प्रभावित किया। पारंपरिक लाल और काले रंगों में प्राकृतिक रंगाई और नक्काशीदार लकड़ी के ब्लॉक्स से बनी उनकी कृतियों को खूब सराहना मिली। प्रदर्शनी में आए कई खरीदारों ने बाग प्रिंट को फैशन और वस्त्र उद्योग में और अधिक शामिल करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

## संगीतकार मदन मोहन को कार्यक्रम 'दिल ढूंढता है फिर वही' से दी जाएगी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** 21 सितंबर यानी रविवार राजधानी भोपाल के संगीत प्रेमियों के लिए यादगार शाम लेकर आ रहा है। रविंद्र भवन के ऑडोटोरियम हाल में हिन्दी फिल्मों के एक सुप्रसिद्ध महान संगीतकार मदन मोहन के गजलों और नज्मों की रूहानी तर्जों के सृजन के लिए उन्हें सम्मान देने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उनके पुत्र संजीव कोहली न सिर्फ उपस्थित रहेंगे, बल्कि अपने पिता के संगीत के सुनहरे सफर को अपने अनोखे अंदाज में प्रस्तुत करेंगे। फिल्मी दुनिया में वर्ष 1950, 60 और 70 के दशक में मौजूद महान गायकों और संगीतकारों के बीच अपनी अलग पहचान बनाकर संगीत की दुनिया में तहलका मचाने वाले स्वर्गीय मदन मोहन को कार्यक्रम दिल ढूंढता है फिर वही के माध्यम से विन्रम श्रद्धांजलि दी जाएगी। दुनिया से जाने के बाद भी संगीत प्रेमियों के दिलों में हमेशा जिंदा रहने वाले गायक और संगीतकार मदन मोहन ने अपने समय के मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, मुकेश जैसे महान गायकों के साथ ने केवल गाने गाए, बल्कि उनके गानों में अपने संगीत से चार चांद भी लगाए। कार्यक्रम के आयोजक कुक्स स्पीक्स के मनोज कुकरेजा और संजीव सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम संजीव कोहली और राजश्री गोखले रविवार को शाम छह बजे से उपस्थित दर्शकों अपने अनोखे अंदाज में मदन मोहन के जीवन और उनके फिल्मी सफर नामे को पेश करेंगे। यह एक संगीत कार्यक्रम से हटकर कार्यक्रम है।

### साहित्य अकादमी, दिल्ली में आयोजित हुआ समारोह

# संतोष चौबे का ताजा कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक विश्व रंग एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे के ताजा कहानी संग्रह 'गरीबनवाज' का लोकार्पण एवं पुस्तक चर्चा का आयोजन साहित्य अकादमी, दिल्ली के सभागार में हुआ। वनमाली सृजन पीठ दिल्ली एवं राजकमल प्रकाशन समूह, दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में संतोष चौबे ने अपने ताजा कहानी संग्रह से गरीबनवाज कहानी का बेहतरीन पाठ किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी रचना प्रक्रिया पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पठनीयता को लेकर मैं हमेशा सजगता बरतता हूं।

### पाठक पहले ही वाक्य से कहानी के भीतर प्रवेश करें...

उन्होंने कहा कि कहानी पढ़ते समय पाठक पहले ही वाक्य से कहानी के भीतर प्रवेश करें और फिर उसे पूरा पढ़कर ही रहें। मेरा मानना है कि लेखक की पवित्रता और उसका भोलापन हमेशा बना रहना चाहिए। मेरी कहानियों का मुख्य आधार उनमें दृश्यात्मकता और इंटेनसिटी का होना हैं। उल्लेखनीय है कि गरीबनवाज के पूर्व संतोष चौबे के छः कहानी संग्रह काफी चर्चित हुए हैं। गरीबनवाज का लोकार्पण सुप्रसिद्ध कथाकार ममता कालिया के आत्मीय सान्निध्य में और वरिष्ठ रचनाकार जानकी प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में अतिथियों द्वारा किया गया।

# प्रॉब्लम स्टेटमेंट स्पष्ट, तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित हो...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

### मैपकास्ट में एनजीओ के लिए आइडेंटिफिकेशन ऑफ प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर एक दिवसीय कार्यशाला

एमपी कॉउंसिल ऑफ साइंस ऐंड टेक्नॉलॉजी के ऑडिटोरियम में 12 से 14 सितंबर ग्वालियर में होने वाले टेक फोर सेवा के अंतर्गत शुक्रवार को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं विज्ञान भारती द्वारा एन.जी.ओ. के लिए प्रस्ताव लेखन में समस्या कथन की पहचान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए परिषद् के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने कहा कि आपका प्रस्ताव स्पष्ट, तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए। प्रॉब्लम स्टेटमेंट में उसकी जड़ तक जाएं ताकि उस पर प्रभावी रूप से कार्य करते हुए निर्धारित उद्देश्यों की पूर्ति की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने ग्वालियर में आगामी 12 से 14 सितंबर 2025 को होने वाले टेक फॉर सेवा की जानकारी दी और कहा कि ज्यादा से ज्यादा एनजीओ इसमें रजिस्ट्रेशन कराएं और जुड़े ताकी मिल कर आपकी टेक्नलॉजी को एक नया आयाम मिले।



### कॉपी-पेस्ट से बचें और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को बनाएं आधार

कार्यशाला में विज्ञान भारती मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री विवस्वान हेबालकर ने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय समस्या को स्पष्ट और सटीक रूप से प्रस्तुत करना आवश्यक है, ताकि उस पर प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि समाज का उत्थान करना है तो हमें नए नवाचारों को अपनाना होगा। एमपीसीएसटी के कार्यकारी संचालक डॉ. विवेक कटारे ने कहा कि प्रॉब्लम स्टेटमेंट लिखना एक कला है। इसे जितना सटीक और स्पष्ट लिखा जाएगा, परिणाम उतने ही बेहतर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कॉपी-पेस्ट से बचें और जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को आधार बनाकर अपना उद्देश्य स्पष्ट रखें।



## मृगनयनी एम्पोरियम बिट्टन मार्केट में स्टोन ज्वेलरी शो का आयोजन

**भोपाल।** बिट्टन मार्केट स्थित मृगनयनी एम्पोरियम में स्टोन ज्वेलरी शो का आयोजन शनिवार से किया जा रहा है । 15 सितंबर तक जारी इस एग्जीबिशन में जबलपुर भेड़ाघाट से आए शिल्पी जयप्रकाश प्रबुद्ध अपनी स्टोन ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन प्रस्तुत कर रहे हैं। जिसमें नेचुरल स्टोन, क्रिस्टल, सन स्टोन लेयर, शेल वर्क और मेटल से बनी ज्वेलरी का विशेष कलेक्शन महिलाओं के लिए उपलब्ध रहेगा। इन ज्वेलरी में स्टोन से बने हार, ईयर रिंग्स, लॉकेट, लोंग, नेक पीस, यूनिक ब्रेसलेटस, 3 लाईन और 5 लाईन नेक पीस की खास कलेक्शन उपलब्ध रहेंगे, जिनकी कीमत 350 से 15000 रुपए तक है। साथ ही भोपाल के निर्मल कुमार ब्लाक प्रिंट की सामग्री लेकर आए हैं, जिसमे ढेरों वैरायटी मौजूद रहेंगी।

### गजलों से सजी 'मेलोडी ऑफ गजल' की संध्या

# बेनाम सा ये दर्द ठहर क्यों नहीं जाता...




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुझको दीवाना समझते हैं तेरे शहर के लोग...... (सविता मेहता), सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा.... (वंदना चतुर्वेदी), बेनाम सा ये दर्द ठहर क्यों नहीं जाता....., मरना लगा रहेगा यहां की तो लीजिए.... (दुष्यंत कुमार त्यागी) रुहानियत से भरी हुई जब इन गजलों को लॉयंस क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'मेलोडी ऑफ गजल' में प्रस्तुत किया गया तो श्रोता झूम उठे। रिमझिम सावन के इस मौसम को गजल से भरे इस समा ने ओर भी मनभावन बना दिया। जब एक से बढ़कर एक गजलों की प्रस्तुति हुई। लायंस क्लब साउथ के सभागार में आयोजित इस प्रस्तुति में संगतकार के रूप में मौजूद थे रईस भाई वायलिन पर, मुकेश कटारे कीबोर्ड पर, निखिल पालवी ऑक्टेपैड पर और शाहनवाज तबले पर थे।

इस अनूठे कार्यक्रम में प्रसिद्ध गजल कंपोजर, गायक एवं संगीत शिक्षक अनूप श्रीवास्तव ने शिक्षक दिवस पर अपने शिष्यों को तोहफे के रूप में खुद कि कम्पोज की हुई गजलों का खूबसूरत गुलदस्ता पेश किया। जहां एक ओर श्रीवास्तव की गायकी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया तो उनकी बनी गजलों ने भी श्रोताओं की खूब वाह वाही बंटोरीं।

### इन गजलों की प्रस्तुति रही खास

- अपनी तन्हाई की पलकों को भिगो लूं पहले ( केसर उल जाफरी)
- सर झुकाओगे तो पत्थर देवता हो जाएगा। (डॉ. बशीर बद्र)
- दिल को हर वक़्त तसल्ली का जिमा होता है (शाजी हैदराबादी)
- यू ही हर बात पे हंसने का बहाना ऐ (अजय साहब)
- कोई झंकार है, नगमा है, सदा है, क्या है (नक्श लालपुरी)
- बेनाम सा ये दर्द उतर क्यों नहीं जाता (निदा फाजली)
- सच कभी मुझसे मेरा छोटा नहीं (एसएन मिश्रा)
- खुशबू की तरह आया वो तेज हवाओं में (डॉ. बशीर बद्र)
- मन के मेरा प्यार कहीं का नहीं रहा (हामिद अंसारी)




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930